सुप्रभात
रांची, गुरुवार
05.01.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 173



12 जयशंकर की यूरोपीय देशों को नसीहत, अब जागना होगा

## न्यूज डायरी

### दिल्ली में ठंड ने तोड़े रिकॉर्ड, अलर्ट जारी

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बुधवार की सुबह इस सीजन में सबसे ज्यादा ठंडी रही। पहली बार पारा पांच डिग्री से नीचे आया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन दिनों के दौरान दिल्ली के लोगों को शीतलहर का सामना करना होगा। इसके लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

### नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म,एक गिरफ्तार

**खूंटी।** सदर थाना क्षेत्र की 12 वर्ष की नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना एक जनवरी की रात की है, पर महिला थाना में बुधवार को मामला दर्ज कराया गया। बच्ची रात लगभग नौ बजे शौच के लिए बाहर निकली थी। उसी दौरान पड़ोसी युवक उसका मुंह दबाकर पुआल के ढेर में ले गया और मुंह काला किया। बच्ची ने जब चिल्लाने का प्रयास किया, तो युवक ने उसे जान से मारने की धमी दी। बताया गया कि बच्ची के काफी देर तक वापस नहीं आने पर घरवालों ने खोजबीन शुरू की। बच्ची की ड़ी मां और भाई खोजते हुए आने लगे। यह देखकर आरोपित युवक फरार हो गया।

### बंगाल के राज्यपाल की सुरक्षा बढ़ायी गयी

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। गृह मंत्रालय ने उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया करायी है। बता दें कि भारतीय प्रशासनिक सेवा पूर्व अधिकारी सीवी आनंद बोस ने पिछले साल नवंबर में बंगाल के राज्यपाल के तौर पर शपथ ली थी।

### सोनिया गांधी सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी को बुधवार को सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ अजय स्वरूप ने कहा कि सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती हुई हैं। उन्हें डॉ अरूप बसु और उनकी टीम की देखरेख में चेस्ट मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया है। पार्टी नेता उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

### दिव्यांग महिला से गैंगरेप कर हत्या

**लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के बाघी गांव में विगत मंगलवार को अधेड़ महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कुंआ में डाल दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। महिला विगत एक जनवरी से लापता थी। वह दिव्यांग थी। महिला अविवाहित होने के कारण अपने मायके में ही रह रही थी। इसी बीच विगत एक जनवरी को महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद उसकी हत्या कर शव को कुआं में डाल दिया गया था। मृतिका की भतीजी प्रतिमा तिग्गा के बयान पर मामला दर्ज किया गया।

### बैंकगार्ड की पीटने वाले थानेदार सस्पेंड

**देवघर।** एक बैंक गार्ड से मारपीट के आरोप में दुमका प्रक्षेत्र के डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने नगर थाना इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। एक वीडियो क्लिप में साफ देखा जा सकता है कि इंस्पेक्टर ने पीएनबी बैंक के एक सुरक्षाकर्मी कैलाश यादव की पिटाई और गाली-गलौज किया। उसने न केवल सुरक्षाकर्मी की पिटाई की बल्कि उसका मोबाइल भी तोड़ दिया और उसे घसीटते हुए थाने ले जाकर हवालात में बंद कर दिया। आरोपी की इस हरकत पर डीजीपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच की जिम्मेदारी एसपी को दी थी।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 52,600 रु./10 ग्राम
चांदी : 74,000 रु./प्रति किलो

# तीन महिला नक्सलियों समेत 8 ने किया सरेंडर

## एक करोड़ के इनामी मिसिर व पतिराम के दस्ते से जुड़े थे

### सरकारी नीति और पुलिस दबाव का परिणाम है समर्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साल 2023 का पहला महीना ही झारखंड पुलिस के लिए उपलब्धियों का महीना साबित हुआ। पहले सप्ताह ही बुधवार को एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा उर्फ अनल दा के दस्ते की तीन महिला नक्सलियों सहित आठ नक्सलियों ने आइजी (अभियान) अमोल वी होमकर के सामने बुधवार को रांची में आत्मसमर्पण कर दिया। सरेंडर करनेवाले सभी नक्सलियों की उम्र 18 से 22 वर्ष की बीच है। इनमें से लगभग सभी के नाम एक से बढ़कर एक केस दर्ज हैं। रांची जोनल आइजी कार्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में आइजी पंकज कंबोज, डीआइजी एसटीएफ अनुप बिरथरे एवं चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर मौजूद थे।




### इन नक्सलियों ने डाले हथियार

सरेंडर करने वाले आठ नक्सलियों में जय राम बोदरा, सरिता उर्फ मंगली सरदार, मारतम अंगारिया, सोमवारी कुमार टोनी, तुंगीर पूर्ति, किशुन सिरका, संजू पूर्ति और पातर कोड़ा शामिल है। आइजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सली एक करोड़ के इनामी मिशिर बेसरा उर्फ अनल दा के दस्ते के हैं।

**किस नक्सली के ऊपर कितने मामले है दर्ज :** जयराम बोदरा के ऊपर कुल 11 मामले दर्ज हैं, सरिता सरदार के ऊपर 06 मामले दर्ज है। सोमवारी कुमारी के ऊपर 02 मामले दर्ज हैं। मारतम अंगरिया के ऊपर 05 मामले, तुंगीर पूर्ति के ऊपर 01, पातर कोड़ा के ऊपर 06 मामले दर्ज हैं। जबकि कुसनू सिरका और संजू पूर्ति पिछले तीन साल से नक्सल संगठन में सक्रिय थे, लेकिन अब तक उनके नाम पुलिस फाइल में दर्ज नहीं हो पाए थे। (शेष पेज 11 पर)

## बरहेट में सीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिया भरोसा

# भाजपा के झूठ व फरेब से लोग त्रस्त हैं : हेमंत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साहिबगंज के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को पहुंचे। साहिबगंज पहुंचने के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक राज्य में जेएमएम की सरकार है तब तक किसी का बाल भी बांका नहीं होने देंगे। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में कई नेता फर्जी सर्टिफिकेट लिये हुए हैं। देश में भाजपा से लोग त्रस्त हैं। झूठे केस में फंसाकर जेल में डालने का काम किया जा रहा है। कोर्ट भी इन्हें लताड़ रही है, लेकिन इनको शर्म लज्जा थोड़ी सी भी नहीं आ रही है। बस करना है तो करना है। अपने दो दिनी प्रवास के दौरान सीएम साहिबगंज के लोगों को कई योजनाओं की सौगात देंगे। लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी करेंगे। (शेष पेज 11 पर)



### आज देंगे योजनाओं की देंगे सौगात

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। इस मौके पर वो कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इससे पहले बुधवार को सीएम हेलीकॉप्टर बरहेट के तलबड़िया मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरे। जिला पुलिस बल के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। डीसी रामनिवास यादव ने सीएम का स्वागत किया गया। इसके बाद पतना (बरहेट) स्थित आवास पहुंचे और लोगों की समस्याएं सुनी। मौके पर ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी समस्याओं का अविलंब समाधान कर सीएम कार्यालय को सुचित करें। बाद में सीएम राजमहल सांसद विजय हांसदा के भाई के स्वागत समारोह में वर-वधु को आशीर्वाद देने गये। काफी देर तक सीएम अपने आवासीय कैंप कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठ उनके साथ संथाल की भावी रणनीतियों पर चर्चा की। इस मौके पर तमाम बड़े अधिकारी और सैकड़ों की संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल आयेंगे रांची

# सात को चाईबासा में कोर कमेटी की बैठक व जनसभा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छह जनवरी को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची आ रहे हैं। भाजपा सूत्रों के मुताबिक श्री शाह 6 को शाम करीब छह बजे बीएसएफ के विशेष विमान से रांची पहुंचेंगे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट आने के बाद सीधे होटल रेडिशन रवाना हो जायेंगे। उनके रात्रि विश्राम की व्यवस्था यहीं की गयी है। अगले दिन 7 को रांची से चाईबासा जायेंगे जहां कोर कमेटी की बैठक और एक जनसभा में हिस्सा लेंगे। उनकी यात्रा को ले कर सुरक्षा के कड़े इंतजाम दोनों जगह किये गये हैं।

**कोर कमेटी की बैठक :** केंद्रीय गृह मंत्री रांची से अगले दिन सात को 10 बजे चाईबासा रवाना होंगे। चाईबासा पहुंचने के बाद पौने ग्यारह बजे से करीब 12.30 बजे तक टाटा कॉलेज ग्राउंड में आयोजित दो कार्यक्रम में भाग लेंगे। सबसे खास है कि अमित शाह कोर कमेटी की मीटिंग करने वाले हैं। उनके इस दौरे को भाजपा का मिशन 2024 की तैयारी के रूप में भी देखा जा रहा है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 14 में से 12 लोकसभा सीटों पर ही जीत दर्ज की थी। (शेष पेज 11 पर)

### गोला गोली कांड में ममता देवी को 2 साल की सजा

**रामगढ़।** पूर्व विधायक ममता देवी को गोला गोलीकांड में 2 साल की सजा सुनायी गयी है। ममता देवी के खिलाफ इनलैंड पावर प्लांट की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था, इसी मामले की सुनवाई बुधवार को हजारीबाग कोर्ट में हुई और अदालत ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट के इस फैसले के बाद उनकी मुश्किलें और बढ़ गयी हैं। अदालत ने भाजपा नेता राजीव जायसवाल को भी दो साल की सजा सुनायी है। मामला गोला में इनलैंड पावर में हुए दंगे का मुआयना करने जा रहे एलडीसी एवं सीओ पर हमला से जुड़ा हुआ है। हमले के बाद एलआरडीसी और सीओ की गाड़ी में आग लगा दी गयी थी। दोनों ने स्कूल में छुपकर अपनी जान बचायी थी। इस संबंध में गोला थाना में कांड संख्या 65/2016 दर्ज किया गया था।

## मोदी कैबिनेट ने ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को दी मंजूरी, भारत बनेगा हब

# स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने देश को 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ बुधवार को 19744 करोड़ रुपये की सहायता के साथ राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को आज स्वीकृति प्रदान की। इसका उद्देश्य ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन उपयोग और निर्यात में भारत को एक वैश्विक केंद्र बनाना है। ग्रीन हाइड्रोजन मिशन धीरे-धीरे औद्योगिक परिवहन और ऊर्जा क्षेत्रों के डीकाबोर्नाइजेशन की ओर ले जायेगा। इसका मकसद कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के साथ देश को ऊर्जा के स्वच्छ स्रोत के उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाना है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में



केंद्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इससे जीवाश्म ईंधन (कच्चा तेल, कोयला आदि) के आयात में एक लाख करोड़ रुपये तक की कमी आने का अनुमान है। इसके अलावा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में पांच करोड़ टन की कमी आयेगी। (शेष पेज 11 पर)

### आयात कम करने पर जोर

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के एक बड़े हिस्से को आयात के माध्यम से पूरा करता है। इस ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी मिलने से आयात होने वाले ईंधन की निर्भरता को कम करने के एक अवसर के रूप में देखा जा रहा है। ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के लिए शुरुआत में 19,744 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है, जिसमें अनुसंधान और विकास गतिविधियां शामिल हैं।

### कहां-कहां होता है उपयोग

हरित हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में वाहनों और तेल रिफाइनरी तथा इस्पात संयंत्र जैसे उद्योगों में ऊर्जा स्रोत के रूप में होता है। इसका उत्पादन इलेक्ट्रोलाइसिस प्रक्रिया के जरिये पानी को ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में विभाजित कर किया जाता है। मिशन के लिये शुरूआती खर्च 19,744 करोड़ रुपये है। इसमें हरित हाइड्रोजन की तरफ बदलाव को रणनीतिक हस्तक्षेप (साइट) कार्यक्रम के लिये 17,490 करोड़ रुपये, पायलट परियोजनाओं के लिये 1,466 करोड़ रुपये, अनुसंधान एवं विकास के लिये 400 करोड़ रुपये तथा मिशन से जुड़े अन्य कार्यों के लिये 388 करोड़ रुपये निर्धारित किये गये हैं।

## झारखंड में बढ़ती सर्दी को लेकर विभाग ने जारी किया अलर्ट

# धुंध की वजह से पारा गिरा, कनकनी बढ़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिले इस समय शीतलहर की चपेट में है। आसमान पर भी घना कोहरा छाया हुआ है। धुंध की वजह से दो दिनों से धूप नहीं दिखायी दे रहा है। तापमान में आ रही लगातार गिरावट से ठंड बढ़ गयी है। इसको देखते हुए मौसम विभाग विभाग ने राज्य के 6 जिलों के लिए येलो और 9 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही अगले दो दिनों तक इन जिलों में घने कोहरे छाये रहने का पूवार्नुमान है।



कोहरे के कारण रांची से कई उड़ान भी नहीं हो सकी और ट्रेनों की रफ्तार भी थम सी गयी है। लगातार बढ़ती ठंड के कारण बच्चों के सभी स्कूल पहले ही आठ तक बंद कर दिया गया है।

**चार दिनों तक छाये रहेंगे बादल :** मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी में 9 जनवरी तक सुबह में कोहरा या धुंध रहेगा। साथ ही 7 जनवरी तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। हालांकि 5 और 6 जनवरी को आसमान साफ रहेगा। इस दौरान तापमान न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। (शेष पेज 11 पर)

# सुरक्षाकर्मी व ट्रॉली मैन की हड़ताल से रिम्स ठप

## साधारण जानकारी के लिए भी भटकते रहे मरीज व परिजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रिम्स में पुरानी इमरजेंसी के बाहर लगी वाहनों की कतार, पूछताछ केंद्र की खाली कुर्सी और खुद शव की ट्रॉली को धकेलते परिजनों की तस्वीर के बीच प्रबंधन के विरोध में दिन भर नारेबाजी जारी रही। बुधवार को रिम्स की रीढ़ कहे जाने वाले सुरक्षाकर्मियों और ट्रॉली मैन ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। इसकी वजह लंबे समय से काम करने वाले कर्मियों को हटा कर अस्पताल की सुरक्षा की जिम्मेदारी होम गार्ड के जवानों के हाथों में सौंपने की तैयारी है। चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के बाहर गार्ड और ट्रॉली मैन का भारी आक्रोश नजर आया। वहीं बीते चार माह से बकाया वेतन का भुगतान नहीं होने की वजह से गुस्सा और भी ज्यादा था। इधर, अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों-ट्रॉली मैन के कार्य बहिष्कार की वजह से सबसे ज्यादा



परेशानी मरीजों और उनके परिजनों को हुई। रिम्स की पुरानी इमरजेंसी के बाहर मरीजों को लेकर पहुंचे वाहनों की लंबी कतार थी। पूछने पर मरीज के परिजनों ने कहा कि ट्रॉली के लिए भटक रहे हैं। वहीं ऑर्थो विभाग कहां है, इसकी जानकारी भी कोई नहीं दे रहा है। समझ में नहीं आ रहा है कि आगे इलाज कैसे होगा। वहीं, गुमला से आए मंगल ने कहा कि इमरजेंसी में आने के बाद ट्रॉली के लिए आधे घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इसके बाद मरीज को भर्ती किया गया है।

## आतंकी हमले, टारगेट किलिंग के इनपुट के बाद गृह मंत्रालय अलर्ट

# पुंछ-राजौरी भेजे जा रहे 1800 सीआरपीएफ जवान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले के इनपुट मिलने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 18 कंपनियां वहां भेजने का फैसला लिया है। राजौरी और पुंछ में हुए टारगेट किलिंग और आतंकी हमलों में आम नागरिकों को निशाना बनाये जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। सीआरपीएफ की 18 कंपनियों में लगभग 1,800 कर्मियों को मुख्य रूप से पुंछ और राजौरी जिलों में तैनात किया



जायेगा। इन जवानों का मुख्य काम राज्य में टारगेट किलिंग रोकना होगा। केंद्र सरकार ने यह फैसला हाल ही में जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए टारगेट किलिंग के बाद लिया है। इसके साथ ही गृहमंत्रालय को आंतकी हमले के बारे में खुफिया इनपुट मिला है। एजेंसी की खबरों के मुताबिक सीआरपीएफ की 8 कंपनियां जल्द ही जम्मू-कश्मीर के नजदीकी स्थानों से तैनात की जायेंगी, जबकि 10 कंपनियां दिल्ली से भेजी जा रही हैं। (शेष पेज 11 पर)

### जिले में दहशत का माहौल

घाटी में लगातार बढ़ रहे टारगेट किलिंग और आतंकी हमले से दहशत का माहौल है। घटना के विरोध में कई संगठनों ने हड़ताल का आह्वान किया है और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। सेना और सीआरपीएफ ने ऊपरी डांगरी गांव में हमले के पीछे दो हथियारबंद लोगों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। एलजी मनोज सिन्हा ने गोलीबारी की घटना में मारे गये लोगों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। नृशंस हमले में शहीद हुए प्रत्येक नागरिक के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और एक सरकारी नौकरी दी जाएगी। गंभीर रूप से घायलों को 1 लाख रुपये दिये जायेंगे।

# आठ माह बाद जेल से निकलीं पूजा सिंघल

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने करीब आठ महीने खुली हवा में सांस ली। बुधवार को वह बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से बाहर निकलीं। उन्हें लेने पति अभिषेक झा पहुंचे थे, जिसके साथ वह कार में बैठकर जेल से बाहर निकल गयीं। इससे पहले मंगलवार को ईडी कोर्ट ने पूजा सिंघल को रिहा करने का आदेश जारी किया था। इस दौरान पूजा सिंघल के अधिवक्ता ने कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार झारखंड से फिलहाल



बाहर रहेंगी। लेकिन उन्हें कुछ समय दिया जाये, संभवत पूजा गुरुवार को रांची से बाहर निकल जायेंगी। कोर्ट का आदेश जेल पहुंचा और सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पूजा सिंघल को जेल से रिहा कर दिया गया। (शेष पेज 11 पर)

## साहेबगंज घाट गोलीकांड
### बच्चू यादव की बेल पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** साहेबगंज घाट में हुई गोलीबारी मामले में जेल में बंद बच्चू यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी के अधिवक्ता को स्प्लीमेंट्री पिटीशन दाखिल करने का निर्देश दिया। अब बच्चू की जमानत अर्जी पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में बच्चू की याचिका पर सुनवाई हुई। यह मामला आर्म्स एक्ट से जुड़ा हुआ है।

**शुक्र बाजार में बच्चू यादव और दाहु यादव ने गोलीबारी की थी :**
प्राथमिकी के मुताबिक साहेबगंज के शुक्र बाजार में बच्चू यादव और दाहु यादव ने गोलीबारी की थी। जिसमें साहेबगंज के मुफस्सिल थाने में कांड संख्या 29/2022 दर्ज की गई है। निचली अदालत ने इस केस में बच्चू को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इस केस में दाहु यादव और मुनीम यादव भी आरोपी हैं। बता दें कि बच्चू यादव मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी आरोपी है। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

### रिम्स प्रबंधन को इडी ने चेताया
## पंकज मिश्रा ने जेल मैनुअल तोड़ा तो आप होंगे जिम्मेवार

**ईडी ने पत्र लिखकर प्रबंधन को दी जानकारी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिम्स प्रबंधन से पंकज मिश्रा को जेल मैनुअल का पालन कराने को कहा है। अवैध पत्थर खनन के आरोपी पंकज मिश्रा को एक बार फिर से इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। बता दें कि पंकज मिश्रा यूरिन इन्फेक्शन की समस्या के बाद रिम्स में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद ईडी ने रिम्स प्रबंधन को आगाह किया है कि किसी भी हाल में पंकज मिश्रा जेल मैनुअल का उल्लंघन न करें।

ईडी ने मंगलवार को रिम्स निदेशक को पत्र लिखकर पिछली घटनाओं के बारे में बताया, जब पंकज मिश्रा को न्यायिक हिरासत के दौरान रिम्स में अक्सर लोगों से मिलने की अनुमति दी गई थी। पंकज मिश्रा ने अपने खिलाफ जांच को प्रभावित करने के लिए फोन भी किए।

ईडी ने लिखे पत्र में कहा है कि जानकारी मिली है कि अवैध खनन घोटाले के विचाराधीन कैदी पंकज मिश्रा वर्तमान में न्यायिक हिरासत में एक बार फिर इलाज के लिए रिम्स ले जाया गया है। पिछली बार पर जब वह रिम्स में थे, तो उनके खिलाफ गंभीर शिकायतें मिली थीं। फोन करने के साथ ही लोगों से मिलने की जानकारी तक सामने आयी थी।

पत्र में कहा गया है, पिछली बार रिम्स में इलाज कराने के दौरान पंकज मिश्रा ने कॉटेज में पुलिस अधिकारियों और आम लोगों से मुलाकात की। वह खुलेआम मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा था। ऐसा रिम्स प्रबंधन की मिलीभगत के बिना संभव नहीं था। ईडी ने रिम्स प्रबंधन को आगाह किया है कि वह सुनिश्चित करे कि इस बार पिछली बार जैसी पुनरावृत्ति नहीं होगी। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि जेल मैनुअल के उल्लंघन और विचाराधीन कैदी द्वारा जांच को प्रभावित के लिए रिम्स प्रबंधन ही उत्तरदायी होगा। ऐसे में एजेंसी रिम्स के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### तीनों शहरों में नमामि गंगे परियोजना से बनेंगे 9 एसटीपी
# धनबाद, रामगढ़ और फुसरो में दामोदर नदी को संवारने में खर्च होंगे 1091 करोड़

**रामगढ़ के लिए टेंडर जारी, फुसरो के लिए कंपनी का नाम जल्द होगा फाइनल**

**धनबाद का डीपीआर कंप्लीट, भारत सरकार से भी मिला अप्रूवल**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की प्रमुख नदी दामोदर को बचाने की कवायद शुरू कर दी गयी है। इसे बचाने के लिए 1091 करोड़ रुपये खर्च होंगे। नमामि गंगे परियोजना के तहत धनबाद, फुसरो और रामगढ़ में दामोदर में गिरने वाले सभी नालों और सीवर लाइन को डायवर्ट कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचाया जाएगा। यहां से पानी को साफ कर दामोदर में पहुंचाया जाएगा। इस राशि से तीनों शहरों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनेंगे, सीवरेज लाइन बिछायी जायेंगी। नाला और डायवर्जन भी बनाए जाएंगे।

योजना के तहत रामगढ़ में 238 करोड़, फुसरो में 53 करोड़ और धनबाद में 800 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फुसरो और रामगढ़ में योजना टेंडर स्टेज में पहुंच चुकी है, जबकि धनबाद में डीपीआर फाइनल हो चुका है और उसे केंद्र सरकार से मंजूरी भी मिल चुकी है।

**रामगढ़ में 18 जगहों पर दामोदर में गिरता है गंदा पानी :** रामगढ़ में दामोदर का बचाने के लिए 238 करोड़ की योजनाओं पर काम होगा। यहां 17 और 23 मिलियन लीटर प्रतिदिन क्षमता के दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। रामगढ़ शहर में 18 जगहों पर घरों के सेप्टिक टैंक और नालों से निकलने वाले गंदे इसमें गिरते हैं। दामोदर के किनारे सीवर लाइन बिछाकर इन जगहों से गंदे पानी को पाइप लाइन से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचाया जाएगा।

**फुसरो के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया :** फुसरो में 28 वार्डों के गंदे पानी को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में पहुंचाने की योजना है। 53 करोड़ रुपये खर्च कर दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, नाला और डायवर्जन बनाने हैं। यहां भी 17 और 23 एमएलडी क्षमता के ट्रीटमेंट प्लांट बनेंगे। पहले फेज के लिए टेंडर हो चुका है। कंपनी के चयन की प्रक्रिया चल रही है। कंपनी के चयन के बाद जुडको उसे क्लीयरेंस के लिए एनएमसी दिल्ली भेजेगा। नाम फाइनल होने के बाद कंपनी को वर्क ऑर्डर दिया जाएगा।

**धनबाद का डीपीआर अप्रूव :** धनबाद में यह प्रोजेक्ट करीब 800 करोड़ रुपए का है। यहां 5 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। इसकी कुल क्षमता 190 एमएडी होगी। लगभग 200 किमी अंडरग्राउंड पाइप भी बिछाया जाएगा। धनबाद नगर निगम निगम ने डीपीआर तैयार कर लिया है। जुडको के मुताबिक, केंद्र से डीपीआर को अप्रूवल मिल चुका है, जल्द ही इस पर काम शुरू होगा।

## 7 जनवरी से झारखंड दौरे पर होंगे भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत

**लातेहार, पलामू, गढ़वा और चतरा की सांगठनिक बैठकों में होंगे शामिल**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक, पार्टी के प्रदेश प्रभारी सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी आगामी 7 जनवरी से झारखंड के चार जिलों में सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने दी। उन्होंने बताया कि डॉ वाजपेयी अपने संगठनिक प्रवास के क्रम में वे अलग अलग जिलों के सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, जिलों में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, नगर निकायों के महापौर, उप महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी मोर्चों के जिलाध्यक्ष, महामंत्री के साथ बैठक को संबोधित करेंगे।

उन्होंने बताया कि डॉ वाजपेयी मंडल कार्यसमिति, मंडल के सभी सात मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केंद्र संयोजक, सह संयोजक के साथ मंडल में निवास करने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में भी शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि डॉ वाजपेयी का प्रवास 7 जनवरी को लातेहार, 8 जनवरी को पलामू, 9 जनवरी को गढ़वा और 10 जनवरी को चतरा में निर्धारित है।

## टीएसपीसी कमांडर अभय जी को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर अभय जी उर्फ अभय यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत में सरकार के अधिवक्ता ने बताया कि अभय जी पर कई मामले दर्ज हैं। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अभय जी को 25-25 हजार के दो निजी मुचलकों पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। बता दें कि झारखंड के पलामू जिले के प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के स्वयंभू क्षेत्रीय कमांडर नक्सली अभय जी ने इसी वर्ष पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। अभय जी के ऊपर पलामू समेत झारखंड के अन्य ज़िलों में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

## 26 से शुरू होगा कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत जोड़ो यात्रा की उपयात्रा के बाद प्रदेश कांग्रेस अब 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत करेगी। अभियान की सफलता को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने कमर कस ली है। सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि 15 जनवरी तक वे अपनी-अपनी प्रखंड कमेटी के साथ बैठक करें। झारखंड कांग्रेस के अंदर कुल 319 प्रखंड कमिटी काम करती है। बता दें कि कांग्रेस ने फैसला किया है कि 26 जनवरी से देश भर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत ब्लॉक, पंचायत और बूथ स्तर पर लोगों से संपर्क साधा जाएगा। इसकी जानकारी प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने दी है।

### बिहार यात्रा में शामिल होंगे राजेश ठाकुर सहित प्रदेश के नेता



झारखंड प्रदेश कांग्रेस के बाद अब बिहार प्रदेश कांग्रेस भी गुरुवार से भारत जोड़ो उपयात्रा की शुरूआत करेगी। यह यात्रा बांका जिले के मंदार से शुरू होगी। उपयात्रा का उद्घाटन अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे करेंगे। इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका सिंह पांडे एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने दी है।

### सांसद ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री को लिखा
## पहले जैसी बनी रहे पारसनाथ की पवित्रता शीघ्र घोषित हो तीर्थ स्थल : सीपी चौधरी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपने लोकसभा क्षेत्र के पूरे पारसनाथ पर्वत (सम्मेद शिखरजी) को धार्मिक स्थल घोषित करने की मांग केंद्र सरकार से की है। उन्होंने इसको लेकर केंद्रीय पर्यावरण ,वन एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में मधुबन क्षेत्र को अन्य धार्मिक नगरों जैसे काशी- विश्वनाथ, अयोध्या, मथुरा व वैष्णो देवी आदि की तरह 5 किलोमीटर के घेरे को शराब, मांस और नशा से मुक्त क्षेत्र घोषित करने के साथ-साथ संपूर्ण तीर्थराज पर्वत को ही पवित्र एवं जैन आस्था का क्षेत्र घोषित करने एवं इको टूरिज्म जोन के स्थान पर पवित्रतम शिखर जी को धार्मिक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में पुनर्स्थापित करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि जैन धार्मिक परंपरा और रीति रिवाज के अनुसार ही पर्वतराज पर पर दर्शन, पूजन एवं भ्रमण की व्यवस्था हो। सभी तरह की प्रबंधन समितियों में जैन समुदाय का प्रतिनिधित्व हो। उन्होंने देश-विदेश के जैन समाज की भावनाओं और संवेदनाओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने केंद्र द्वारा 2 अगस्त 2019 को उस अधिसूचना का जिक्र किया है जिसमें मधुबन में पारसनाथ पहाड़ को वन्य जीव अभ्यारण का एक भाग घोषित कर पारसनाथ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी एवं उसकी तलहटी को इको सेंसेटिव जोन घोषित कर दिया गया। उनके अनुसार, इस निर्देश में जैन समुदाय से कोई विचार-विमर्श नहीं किया गया। न ही राष्ट्रीय व स्थानीय अखबारों में इसका गजट प्रकाशन किया गया।

उन्होंने पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया है कि श्री सम्मेद शिखरजी पारसनाथ पहाड़ जैन धर्म के वर्तमान 20 तीर्थंकर भगवानों की मोक्ष स्थली है। इस पहाड़ पर हजारों वर्षों से जैन समाज के सभी अनुयायी पवित्रता का पालन करते हुए नंगे पांव, शुद्ध वस्त्र पहनकर, वर्ष में अनेक बार 27 किलोमीटर पैदल चलकर पूरे पारसनाथ पहाड़ की वंदना करते हैं और हजारों यात्री पूरे पहाड़ की तलहटी में 58 किलोमीटर परिक्रमा भी करते हैं। इस लिहाज से हमें जैन समाज की धार्मिक आस्था, पवित्रता एवं गरिमा का ध्यान रखते हुए इस सर्वोच्च तीर्थ स्थल पारसनाथ की पवित्रता को बनाए रखने की जरूरत है। सांसद ने विश्वास जताया है कि केंद्र सरकार उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी तथा पारसनाथ को लेकर हो रहे विवाद का पटाक्षेप होगा।

## ट्रांसपोर्ट नगर के लिए ₹27.74 करोड़ की तीसरी किस्त रिलीज

**रांची।** नगर विकास विभाग ने सुकुरहुटू में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर के लिए तीसरी किस्त की राशि आवंटित कर दी है। विभाग ने निर्माण के लिए 27.74 करोड़ रुपये जुडको को आवंटित कर दिया है। अबतक दो किस्त में ट्रांसपोर्ट नगर के लिए 47.74 करोड़ रुपये रिलीज किये गये हैं। कांके के सुकुरहुटू में 40 एकड़ भूमि पर ट्रांसपोर्ट नगर बन रहा है। अगस्त 2022 में भूमि पूजन के साथ ट्रांसपोर्ट नगर का काम शुरू हो गया था। दो साल के अंदर ट्रांसपोर्ट नगर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## मार्च के दूसरे हफ्ते से हो सकती हैं मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा की कवायद तेज हो गयी है। बोर्ड के अधिकारियों की मानें तो सब ठीक रहने पर मार्च के दूसरे हफ्ते से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा होगी। इस बार एक ही टर्म में परीक्षा आयोजित की जायेगी।

बताते चलें कि पिछले वर्ष कोरोना को लेकर मैट्रिक और इंटर की परीक्षा दो टर्म में ली गयी थी। परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल परीक्षा शुरू करने की तिथि को लेकर विचार कर रहा है। अभी परीक्षा की तारीख स्पष्ट नहीं है। परंतु परीक्षा 13 या 14 मार्च से आयोजित करने पर मंथन हो रहा है। इन तिथियों से परीक्षा शुरू करने को लेकर झारखंड एकेडमिक काउंसिल तैयारी कर रहा है।

**प्रैक्टिकल परीक्षा फरवरी में :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार महतो ने बताया कि परीक्षा आयोजन को लेकर तैयारियां चल रही हैं। शिक्षा विभाग ने होली के बाद परीक्षा लेने को लेकर सजेशन दिए थे, लेकिन होली के तुरंत बाद परीक्षा शुरू नहीं की जा सकती है। उस दौरान छुट्टियां रहती है। ऐसे में अभी परीक्षा की फाइनल तिथि को लेकर बातचीत चल रही है।

# कार्यकर्ताओं को मांजने में जुटी राजनीतिक पार्टियां

**सीएम करेंगे खतियान जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत, कांग्रेस करेगी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान, जदयू करेगा संगठन का विस्तार तो भाजपा करेगी भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन**

**उदय चौहान**

**रांची।** नये साल के आगाज के साथ ही राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने कार्यकर्ताओं को मांजने में जुट गये हैं। सत्ताधारी झामुमो की ओर से सीएम की खतियान जोहार यात्रा के बहाने कार्यकर्ताओं को मांजेंगे। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को रैली में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया गया है। झारखंड की राजनीति के लिए 2023 का जनवरी माह पूरी तरह से राजनीतिक रैलियों और कार्यक्रम पर केंद्रित रहेगा। खतियान जोहार यात्रा का नेतृत्व खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। यह आयोजन 17 जनवरी से होगा। सत्ताधारी घटक कांग्रेस ने जनवरी माह में ही पार्टी की मजबूती के लिये हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत करेगी। वहीं,भाजपा के दिग्गज सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात जनवरी को चाईबासा का दौरा करेंगे। श्री शाह की रैली को लेकर कार्यकर्ता पिछले सप्ताह से ही पसीना बहा रहे हैं। इसके अलावा पार्टी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीचंद वाजपेयी तीन दिनों तक झारखंड में रह कर संगठन को धार देंगे। साथ ही, पार्टी की प्रदेश इकाई विभिन्न स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करेगी।

उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2022 में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सुनील बंसल ने तीन दिवसीय प्रवास किया था। श्री बंसल ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं संग भी बैठक की थी। वहीं, पार्टी के कोर कमेटी व प्रदेश पदधारियों को मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि सीएम 17 जनवरी से खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत करेंगे। मालूम हो कि पहले चरण की शुरूआत 8 दिसंबर को गढ़वा से हुई थी। इस चरण में मुख्यमंत्री ने खुद लोगों के बीच जाकर शिकायतों का निपटारा किया था। साथ ही उन्होंने योजनाओं की जमीनी स्तर की जानकारी ली थी। इस यात्रा के दूसरे चरण की शुरूआत उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के कोडरमा से की जायेगी। इस यात्रा के सफल बनाने में सत्ताधारी घटक दलों के कार्यकर्ता जुटे हुये हैं।

### कांग्रेस शुरू करेगी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

भारत जोड़ो यात्रा के सफल अभियान को देख झारखंड कांग्रेस एक व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरूआत करने जा रही है। इस अभियान को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान नाम दिया गया है। अभियान की शुरूआत आगामी 26 जनवरी से होगी, जो कि दो महीने तक चलेगी। इसके तहत प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जो ग्राम पंचायतों व गांव, मतदान केन्द्रों को कवर करेगा। इसके लिये डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। कांग्रेस की विंग यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई पूरे प्रखंड में बाइक रैली आयोजन करेगी। इसके अलावा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने संगठनात्मक विस्तार की बात कही है। उन्होंने कहा कि ज्वलंत मुद्दो को लेकर प्रदर्शन भी किया जायेगा। लब्बोलुआब यह कि जनवरी माह में राजनीतिक पार्टियों में सरगर्मी बढ़ गयी है।


**कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग**
**जिला समाहरणालय, हजारीबाग–825301**
Email Id-dsehazaribagh4@gmail.com

**अतिअल्पकालीन पुर्नानिविदा संख्या–एम. डी. एम.–01/2022**
**(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन योजना कोषांग, हजारीबाग)**

हजारीबाग जिला अंतर्गत स्कूल डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखंड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखंडवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्ता नियुक्ति हेतु दिनांक–12.01.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे तक जिला के सभी प्रखंडों के लिए निहित शर्तो के अनुसार निविदा जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन अपराह्न 04.00 बजे उप विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम, सभी शर्तें एवं अन्य जानकारियाँ हजारीबाग जिला के अधिकृत Website:–hazaribagh.nic.in पर एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
हजारीबाग

PR 286680 School Education and Literacy(22-23)#D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, पलामू।**
**(कौशल विकास शाखा)**

**अति अल्पकालिन निविदा**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– उपायुक्त, पलामू।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.01.2023 को 1:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा खोलने का स्थान :– समाहरणालय सभागार, ब्लॉक–A, पलामू।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समय :– 11.01.2023 को 4:00 बजे अपराहन
5. निविदा जमा करने का स्थान :– सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, 2न0 टाउन, रेड़मा, मेदिनीनगर, पलामू।

श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के अंतर्गत झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी, राँची के पत्रांक–झा0कौ0वि0मि0 12/2019–995 एवं पत्रांक–झा0कौ0वि0मि0 145/2020–551 के आलोक में संकल्प योजना के तहत पलामू जिला के विभिन्न प्रखण्डों तथा पंचायतो में Skill Awareness Program के अंतर्गत विभिन्न गतिविधिया कराई जानी है।

उपरोक्त के आलोक में निम्नांकित विशिष्टियों के अनुरूप करने हेतु इच्छूक संस्थान/प्रतिष्ठान दिनांक– 11.01.2023 को समय–1:00 बजे अपराहन तक अति अल्पकालिन निविदा निम्नांकित शर्तों के अधीन सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, 2न0 टाउन, रेड़मा, मेदिनीनगर, पलामू मे जमा कर सकते है।

उक्त निविदा की नियम एवं शर्तें सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, 2 न0 टाउन, रेड़मा, मेदिनीनगर, पलामू के कार्यालय एवं NIC के वेवसाईट palamu.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार उपायुक्त, पलामू के पास सुरक्षित होगा।

श्रम अधीक्षक–सह–
जिला कौशल पदाधिकारी, पलामू।

PR 286679 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/13/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला अंतर्गत केतार प्रखण्ड के ग्राम सिंहपुर में पण्डा नदी (देवी धाम) के पास पुल निर्माण। | 4,93,15,500.00 | 9,86,500.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 19.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 20.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.01.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR 286675 Rural Development(22-23)D



**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 06/2022-23 (2nd call) Date – 04-01-2023

कार्य का विवरण–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ARRANGEMENT OF PREMISES/UP-GRADATION OF INFRASTRACTURE AT SELECTED SIDE 1 /BUILDING FOR OPERATION OF URBAN HWCs AT WARD NO. 14 ADDI BANGLAW UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD. | 18,44,000.00 | 36,900.00 | 5000.00 | 120 दिन |
| 2. | ARRANGEMENT OF PREMISES/UP-GRADATION OF INFRASTRACTURE AT SELECTED SIDE /BUILDING FOR OPERATION OF URBAN HWCs AT WARD NO. 03 TELAIYA BASTI UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD. | 14,85,000.00 | 29,700.00 | 5000.00 | 120 दिन |

3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 12.01.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 21.01.2023 अपराहन 5.00 बजे।
5. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 24.01.2023 अपराहन 4.00 बजे (स्थान कार्यालय नगर परिषद झुमरी तिलैया)
6. निविदा खोलने की तिथि : 24.01.2023 अपराहन 5.00 बजे।
7. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9798062988
8. नगर विकास एवं आवास विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
9. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 286692 Urban Development(22-23)#D

# 6 जनवरी से न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे अधिवक्ता

### कोर्ट फीस संशोधन विधेयक वापसी एवं अन्य मांगों को लेकर आंदोलित हैं अधिवक्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्टेट बार काउंसिल की आपात बैठक में हुआ निर्णय झारखंड राज्य बार काउंसिल के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने पहुंचा, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। सीएमओ की ओर से उन्हें सूचना दी गई कि अधिवक्ताओं का सीएम से मिलने का समय 7 जनवरी को निर्धारित किया गया है। इसके बाद काउंसिल की एक आपात बैठक हुई, जिसमें सीएम द्वारा अधिवक्ताओं की कमेटी से नहीं मिलने की निंदा की गई। काउंसिल ने अपनी आपात बैठक में निर्णय लिया है कि राज्य के सभी अधिवक्ता 6 जनवरी से न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे। इसके अलावा राज्य के सभी जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को 8 जनवरी को रांची में आयोजित बैठक में काउंसिल की ओर से बुलाया गया है। जिसमें आगे की रणनीति तय होगी। बैठक में कौंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण, उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला के अलावा संजय विद्रोही, अमर कुमार सिंह, राधेश्याम गोस्वामी, एके रसीदी, प्रशांत कुमार सिंह, बालेश्वर प्रसाद सिंह, कुंदन प्रकाशन, परमेश्वर मंडल, हेमंत सिकरवार, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, प्रयाग महतो, अनिल कुमार महतो सहित 18 काउंसिल के सदस्य उपस्थित थे।

इसे पहले सोमवार को काउंसिल का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल रमेश बैस से मिला था।

काउंसिल की ओर से राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौपा गया था। काउंसिल ने राज्यपाल से मिलकर विधानसभा से पारित कोर्ट फी संशोधन विधेयक 2022 को राज्य सरकार द्वारा वापस लेने का आग्रह किया था। इसके अलावा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, झारखंड में लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक बार संघ के अनुभवी अधिवक्ताओं को बनाने, अन्य राज्यो की तरह झारखंड में अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं के लिए बजटीय प्रावधान स्थापित करने, झारखंड में राज्य विधि आयोग के गठन का भी आग्रह किया था। राज्यपाल बैस ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया था कि वे काउंसिल की भावनाओं का ख्याल रखेंगे।

# सम्मान, लालच और बहकावे से पकड़ ली नक्सलवाद की राह

### अब सामान्य लोगों की तरह जीने का इरादा




**रांची (हिस)।** समर्पण के बाद कई नक्सलियों ने माना कि सम्मान, लालच और बहकावे में आ कर उनलोगों ने नक्सलवाद की राह पकड़ी थी। बुधवार को रांची पुलिस के समक्ष तीन महिला समेत आठ नक्सलियों ने हथियार डाले हैं। उनलोगों ने कहा कि सरकार की समर्पण नीति से प्रभावित हो कर वे मुख्य धार में लौट रहे हैं। अब वे एक सामान्य नागरिक की तरह शांति से अपनी जीवन जीना चाहते हैं। पुलिस के समक्ष करने वाले नक्सली जयराम बोदरा उर्फ जोरिया बोदरा ने कहा कि गांव के लोग संगठन के सदस्यों का बहुत सम्मान करते थे। इससे प्रभावित होकर वह वर्ष 2018 से संगठन से जुड़ गया।

उसने कहा कि वह मूल रूप से पश्चिमी सिहंभूम सोनुआ थाना क्षेत्र के माईलपी गांव का रहने वाला है। वह नक्सली सुरजा सोय के माध्यम से सैलसोया पहाड़ पर संगठन से जुड़ा। जीवन कंडुलना और सुभाष ने उसे प्रशिक्षण दिया। वह कोल्हान, पोड़ाहाट एवं ट्राईजक्शन क्षेत्र में भ्रमणशील रहता था। उसने दस्ते के सदस्यों के साथ लोटाबुरु पहाड़ पर संगठन के अपटन, रवि और गुलशन से हथियार का प्रशिक्षण लिया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात महाराज प्रमाणिक से हुई। महाराज ने बोदरा को आईईडी लगाना सिखाया। इसके बाद वह मिसिर बेसरा के साथ सरजोमबुरु पहाड़ी पर रहा। संगठन में सक्रिय रूप से रहा।

**प्रलोभन ने बना दिया नक्सली :** नक्सली सरिता उर्फ मुंगली सरदार सरायकेला-खरसांवा की रहने वाली है। वर्ष 2019 में गांव में भाकपा माओवादी के महाराजा प्रमाणिक दस्ते के लोग आये और संगठन में जुड़ने का प्रलोभन दिया। इससे प्रभावित होकर वह संगठन से जुड़ी। सोमवारी कुमारी रांची के तमाड़ की रहने वाली है। नक्सली सोमवारी भी प्रलोभन में पड़कर संगठन से जुड़ी। नक्सली तुंगीर पूर्ती पश्चिमी सिंहभूम टोंटो थाना क्षेत्र रेंगड़ाहातू का रहने वाला था। उसे भी प्रलोभन देकर संगठन में शामिल किया गया। पातर कोड पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र रेंगड़ाहातू का रहने वाला है। उसे भी प्रलोभन देकर संगठन से जोड़ा गया। वह वर्ष 2021 के मई में संगठन से जुड़ा। उसे गोविंद कोड़ा ने संगठन से जोड़ा।

**मारपीट की धमकी पर जुड़ा संगठन से :** पश्चिमी सिंहभूम के नक्सली मारतम अंगरिया को संगठन में शामिल नहीं होने पर मारपीट की धमकी दी गयी। इसके बाद वह वर्ष 2019 में संगठन से जुड़ गया। नक्सली कुसनु सिरका ओड़िसा के थाना बड़बिल के बुलानी का रहने वाला है। वह वर्ष 2020 में बकरी चरा रहा था। इसी दौरान अनमोल के दस्ते ने रास्ता दिखाने के बहाने जबरन राजाबासा ले गया और दस्ता में शामिल कर लिया। इस दौरान प्रेम प्रसंग होने के बाद संजू पूर्ति उर्फ रौशन से शादी कर लिया। नक्सली संजू पूर्ति उर्फ रौशन पूर्ति पश्चिमी सिहंभूम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चिड़ियाबेला गांव की रहने वाली है। वर्ष 2019 अक्टूबर में नक्सली दोकोल उर्फ सागेन अंगरिया ने चावल पहुंचाने के बहाने जबरन उसे जंगल ले गया और दस्ता में शामिल कर लिया। वह कोल्हान क्षेत्र में दस्ता प्लाटून सदस्य के रूप में सक्रिय रही। इसी दौरान दस्ता के कार्तिक से प्रेम हो गया और उससे शादी कर ली।

#### असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति मामला

## हाइकोर्ट ने जेपीएससी को कहा, सरकार से निर्देश लें 11 को अगली सुनवाई



**रांची।** असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति मामले में बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट के डबल बेंच में आंशिक सुनवाई हुई। प्रार्थी द्वारा दाखिल एलपीए पर याचिकाकताओं की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन और सौरव अरुण ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान अदालत ने जेपीएससी को इस मामले में सरकार से निर्देश लेने को कहा। अब इस मामले की सुनवाई 11 जनवरी को होगी।

**सिंगल बेंच ने याचिका खारिज कर दी थी :** इससे पहले सिंगल बेंच ने इस याचिका खारिज कर दी थी। एकल पीठ में दायर याचिका में कहा गया था कि जेपीएससी ने वर्ष 2020 में सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। परीक्षा में 20 ऐसे अभ्यर्थी सफल हुए हैं, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर (इंडिया) में रजिस्टर्ड डिग्री नहीं थी। इसलिए इस परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए. लेकिन हाईकोर्ट के सिंगल बेंच ने यह याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद अब डबल बेंच में छढअ दायर की गई है।

# आरबीआइ ने साक्षरता का स्टॉल लगाया

### खादी एवं सरस मेला



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय के द्वारा खादी एवं सरस मेला में वित्तीय साक्षरता का स्टॉल लगया गया। स्टॉल में भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक (प्रभारी अधिकारी) संजीव सिन्हा, एसएलबीसी के महाप्रबंधक मनोज कुमार, पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल प्रमुख दीपक श्रीवास्तव, जेआरजीबी के अध्यक्ष पीयूष भप्त उपस्थित रहे।

भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय के द्वारा आमजनों के बीच वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने हेतु खादी एवं सरस मेला, मोराबादी में वित्तीय साक्षरता से संबंधित स्टॉल लगाया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा आमजनों को बैंकिंग से संबंधित जानकारी- खाता के प्रकार, भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य बैंकों के कार्यप्रणाली के साथ-साथ वर्तमान समय में होने वाले बैंकिंग फ्रॉड, चिट-फंड कंपनी के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। लोगों को आरबीआई एकीकृत लोकपाल एवं डिजिटल भुगतान से संबन्धित जानकारी भी दी जा रही है। आरबीआई के द्वारा लोगों में वित्तीय साक्षरता से संबंधित फेम बुकलेट, बिवेयर बुकलेट एवं टारगेट समूह यथा उद्यमियों,स्वयं सहायता समूह, स्कूली बच्चों, किसान एवं वरिष्ठ उक्त स्टॉल से मेला समाप्ति तक बुकलेट प्राप्त कर सकते है।

## खलारी के पूर्व सीओ रवि किशोर राम पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने तत्कालीन अंचल अधिकारी खलारी रवि किशोर राम के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया है। उनपर लगे आरोपों के आधार पर रिटायर आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर समाहर्ता रांची को उपस्थापन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। यह बात सामने आयी कि अंचल अधिकारी खलारी के पद पर रहते हुए रवि किशोर राम ने बुकबुका ग्राम के खाता-संख्या 04,प्लॉट संख्या-37,46,57 एवं 58 कुल रकबा 1.59 एकड़ भूमि का 30 वर्षो का ऑनलाइन लगान रसीद बलदेव महतो को फर्जी तरीके से निर्गत किया एवं पंजी-2 में छेड़छाड़ की। पूरे मामले के उजागर होने के बाद रांची उपायुक्त ने 18 जनवरी 2022 को ही इनपर कार्रवाई की अनुशंसा राजस्व भूमि सुधार विभाग से की। विभाग ने पूरे मामले की जांच करायी जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। मामला राज्यपाल के समक्ष भी भेजा गया। राज्यपाल डॉ. रमेश बैस की सहमति के बाद झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पर विभागीय कार्यवाही तत्काल चलाने का फैसला लिया गया।

### खबर एक नजर में

## सीएम से मिले उनके प्रधान सचिव



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार की सुबह उनके प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का मिले। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मिलकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## समरी के वकील को हाइकोर्ट ने दी हिदायत

**रांची।** 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई जारी रही। बुधवार की सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से सूची में दिए गए गवाह की जगह दूसरे गवाह को प्रस्तुत किया गया। जिसपर अदालत ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। समरी लाल के वकील को यह हिदायत दी कि कोर्ट को गुमराह न करें। जिसपर समरी लाल के अधिवक्ता ने अदालत से माफी मांगी। दरअसल, समरी लाल की ओर से जिस गवाह को कोर्ट में गवाही देना था, उसकी जगह किसी और गवाह को गवाही देने के लिए बुला लिया गया और इसकी जानकारी कोर्ट को नहीं दी गई।

## हाइकोर्ट ने सरकार के जवाब पर रिज्वाइंडर मांगा

**रांची।** होल्डिंग टैक्स बढ़ाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस संबंध में गौरव बगराइ ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने होल्डिंग टैक्स बढ़ाए जाने के आदेश को अदालत में चुनौती दी है। झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह और जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने सर्कल रेट से होल्डिंग टैक्स वसूले जाने के बिंदु पर सरकार से जवाब मांगा था। जिसके बाद सरकार ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि केंद्र सरकार की तर्ज पर राज्य में होल्डिंग टैक्स में बढ़ोतरी की गई है। अब सरकार के जवाब पर प्रार्थी को रिज्वाइंडर दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

## पारसनाथ को तीर्थ स्थल घोषित करने की मांग

**रांची।** पवित्रम गोसेवा परिवार झारखंड के प्रांतीय संयोजक अजय भरतिया एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मधुबन स्थित सम्मेद शिखरजी की धार्मिक गरिमा कायम रखने का अनुरोध किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर कहा है कि राज्य सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। जैन धर्मावलंबियों के पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखरजी मधुबन को पर्यटन स्थल घोषित करने से दुनिया भर में स्थित जैन समाज मर्माहत होंगे। विश्व प्रसिद्ध श्री सम्मेद शिखर जी जैन धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा पवित्र तीर्थस्थल है। इसलिए जैन धर्मावलंबियों की वास्तविक मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल बनाने पर रोक लगे। इस पवित्र तीर्थ स्थल को धार्मिक तीर्थस्थल ही घोषित किया जाए। इससे दुनिया भर के जैन समाज के लोगों में सकारात्मक संदेश जायेगा। अगर राज्य सरकार अपने निर्णय को वापस नहीं लेगी तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। धार्मिक एवं पुनीत राष्ट्रीय धरोहर की रक्षा करना सभी का कर्तव्य है।

## कुणाल प्रियांक की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने कुणाल प्रियांक के द्वारा दाखिल एलपीए को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने जेपीएससी की दलील को सही ठहराया है। प्रार्थी की ओर से अदालत में यह तर्क दिया गया कि उन्होंने जेपीएससी के निर्देश के मुताबिक समय पर अपने सभी दस्तावेज पोस्ट के माध्यम से भेज दिये थे, लेकिन डाक विभाग की लेटलतीफी के कारण दस्तावेज समय पर जेपीएससी तक नहीं पहुंचा, जिसके बाद जेपीएससी ने अहर्ता रखने के बाद भी उनकी नियुक्ति नहीं की। जिसपर जेपीएससी के अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखते हुए कहा कि डाक विभाग जेपीएससी से संबद्ध नहीं है। साथ ही विज्ञापन में इस बात का ज़िक्र नहीं किया गया था कि आवेदकों को डाक के माध्यम से ही दस्तावेज भेजने हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने प्रार्थी कुणाल प्रियांक की याचिका खारिज कर दी। जेपीएससी ने मेडिकल ऑफिसरों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 7/21 निकाली गई थी। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई।

## जरूरतमंदों की मदद करना मानवीय कार्य



**रांची।** बड़गाई पाहन टोली वार्ड नं 4-5 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जरूरतमंद बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया। इस समय राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, ऐसे में बच्चों और बुजुर्गो को ज्यादा परेशानी होती है। ठंड को देखते हुए कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंतु तिर्की ने कहा जरूरतमंदों को मदद करने के बाद उनसे जो आशीर्वाद प्राप्त होता है जिससे मन को बड़ा सकुन मिलता है। इसी तरह का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में नवनीत कुमार, बन्नू पाहन, मनोज पाहन, रवि पाहन, मखन पाहन, रमेश तिर्की, अशोक लोहरा, राजा सिंह, सागर, विशाल, सिद्धांत, नीरज, अजय, अनिल, गौतम सहित अन्य मौजूद थे।

# हाइकोर्ट ने ट्रैफिक एसपी को किया तलब, लगायी फटकार

### ट्रैफिक एसपी ने आश्वस्त किया, हाइकोर्ट के पास नहीं होगी जाम की समस्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को सुबह हाई कोर्ट के पास जाम होने को हाईकोर्ट ने काफी गंभीरता से लिया। हाईकोर्ट ने दोपहर करीब 12:00 बजे ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम को तलब किया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हाई कोर्ट के पास वन वे होने के कारण जाम की समस्या होने पर कड़ी नाराजगी जताई। मौखिक कहा कि हाईकोर्ट के पास जाम की समस्या हुई जिससे जज, वकील इन सभी को कोर्ट पहुंचने में देरी हुई है।

इस पर ट्रैफिक एसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राजेंद्र चौक के पास फ्लाईओवर का निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है इसलिए ट्रैफिक की वन वे व्यवस्था की गई है लेकिन कुछ और मैनफोर्स लगाकर हाईकोर्ट के पास ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाई जाएगी। ट्रैफिक एसपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया है कि जब तक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है तब तक हाईकोर्ट के करीब कुछ अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को लगाकर ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक किया जाएगा। बता दें कि राजेंद्र चौक से मेकॉन चौक के बीच वन वे व्यवस्था के कारण हाईकोर्ट के नजदीक वाली सड़क से लोगों का आवागमन हो रहा है। जिसे लेकर हाईकोर्ट के पास बुधवार को सुबह 9:00 बजे से लेकर 11:00 बजे तक जाम देखा गया था। हालांकि ट्रैफिक एसपी को कोर्ट में तलब करने के बाद दोपहर 2:00 बजे के बाद से ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू हो गई थी।

## झारखंड में बहुत जल्दी कालाजार का होगा खात्मा : स्वास्थ्य मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, और पश्चिम बंगाल में कालाजार उन्मूलन को वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इसमें स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह सहित अन्य राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों और उच्च स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए। डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा भारतीय सिने कलाकार मनोज वाजपेयी द्वारा कालाजार पर वीडियो के माध्यम से दिए गए सन्देश का भी उद्घाटन किया। साथ ही भारत सरकार द्वारा मन की बात कार्यक्रम में दिए गए संदेश को भी सुनाया गया, जिसमें उन्होंने कहा था बालू मक्खी पर नियंत्रण और कालाजार रोग की जल्द से जल्द पहचान और उसका पूरा उपचार कालाजार के उन्मूलन के लिए बहुत आवश्यक है। डॉ. मांडविया ने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार से आवश्यक दवाओं की आपूर्ती सुनिश्चित की जाती है पर उनका किर्यान्वयन राज्य को सुनिश्चित करना होगा।

बैठक में बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में केवल 1 ब्लॉक लिट्टीपाड़ा को छोड़कर किसी भी ब्लॉक में कालाजार के मरीज नहीं हैं यानि हमारा राज्य कालाजार उन्मूलन की ओर अग्रसर है। गत वर्षों में राज्य के 4 जिलों के 33 ब्लाक में 5 ब्लाक में कालाजार के केस 10000 की आबादी पर 1 से ज्यादा थे, अब मात्र 1 ब्लाक लिप्तीपाड़ा में यह 1 से ज्यादा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि झारखण्ड तय समय में बहुत जल्दी कालाजार से मुक्त होगा।

## रिम्स का स्वास्थ्य और अच्छा होगा रखे जायेंगे 91 सीनियर चिकित्सक

### रिम्स ने जारी किया 17-19 जनवरी तक इंटरव्यू लेने का शिड्यूल




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) की स्वास्थ्य व्यवस्था को और भी बेहतर किया जा रहा है। यही कारण है कि रिम्स में 91 सीनियर रेजिडेंट रखे जाने हैं। इसके लिए रिम्स प्रबंधन इंटरव्यू के आधार पर अलग-अलग विभागों के लिए योग्य कैंडिडेट की नियुक्ति करेगा। हालांकि यह नियुक्ति अनुबंध पर 3 वर्षों के लिए ही अभी होगी। 91 पदों में से 38 पद अनारक्षित हैं। एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 23, एससी के लिए 12, बीसी-1 के लिए 11 और बीसी-2 के लिए 6 जबकि इडब्लूएस के लिए 1 पद तय किये गये हैं। रिम्स डायरेक्टर के चैंबर में 17-19 फरवरी तक इंटरव्यू लिया जायेगा। इसके लिए 17, 18 और 19 जनवरी को इंटरव्यू से पूर्व रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया इसी दिन सुबह 9.30 से 11 बजे के बीच ही होगी।

**किन किन विभागों में होगी नियुक्ति :** रिम्स में मेडिसिन, कार्डियोलॉजी, स्किन, ऑर्थो और अन्य विभागों के लिए सीनियर डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए इंटरव्यू 17 जनवरी को होगा। न्यूरो सर्जरी, आंख, इएनटी, सर्जरी और अन्य के लिए 18 जनवरी को तथा रेडियोलॉजी, पीएमआर, गाइनेकोलॉजी सहित अन्य के लिए 19 जनवरी को इंटरव्यू के आधार पर सेलेक्शन होगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट रिम्स की वेबसाइट की मदद ले सकते हैं।

# हरमू मैदान में 12 जनवरी को एक शाम युवाओं के नाम

### प्रचार-प्रसार वाहन को किया गया रवाना

#### हनुमान सेवा संस्थान की ओर से 12 जनवरी को युवा दिवस का होगा आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 12 जनवरी को हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके लिए आज हरमू मैदान से एक प्रचार वाहन को विधिवत रवाना किया गया। मौके पर हनुमान सेवा संस्थान के प्रमोद सारस्वत ने बताया कि हनुमान सेवा संस्थान के तत्वावधान में हर साल की भांति इस वर्ष भी 12 जनवरी को युवा दिवस का आयजन किया जायेगा। इसके उपलक्ष्य में और स्वामी विवेकानंद की याद में हरमू मैदान, रांची में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। विगत 12 वर्षों से पंडित विजय शंकर मेहताजी के उद्बोधन से इस कार्यक्रम को प्रारंभ किया जाता रहा है। यह देश ही नहीं, विदेशों में भी अलग अलग चैनलों के माध्यमों से प्रसारित होता है। इस साल फिर हरमू मैदान में 12 जनवरी कार्यक्रम का आयोजन होगा। राज्य के सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह है इस कार्यक्रम में इष्ट मित्रों सहित सपरिवार शामिल होकर पुण्य अर्जित करें। यह रांची का सिंबॉलिक कार्यक्रम है। हनुमान सेवा संस्थान के अध्यक्ष राकेश भास्कर एवं सभी सम्मानित जन मिलकर रांची के इस कार्यक्रम का आयोजन कराते हैं। आज एक प्रचार वाहन को झंडा दिखाकर रवाना किया गया है जो विभिन्न मोहल्लों में जाकर कार्यक्रम की जानकारी देगा।

# सीएमपीडीआइ को मिला अन्वेषण कार्य में पेटेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड, एक मिनी रत्न (श्रेणी-1) कंपनी और कोल इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने धूल के उत्पादन एवं उड़ने की प्रक्रिया को नियंत्रित करने हेतु एक प्रणाली विकसित करने के अपने अभिनव कार्य के लिए पेटेंट हासिल किया है। यह पेटेंट 30 दिसम्बर, 2022 को द पेटेंट ऑफिस, इंटेलेक्यूल्स पॉपर्टी इंडिया, भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया।

इस मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/इंजीनियरिंग सेवाएं) शंकर नागाचारी ने संस्थान के पर्यावरण टीम की सराहना की। श्री कुमार ने कहा कि पेटेंट प्राप्त करने से हमारे संगठन की तकनीकी कौशल एवं नवाचार की दिशा में उसके प्रयासों को दशार्ता है। यह पेटेंट सीएमपीडीआई को अधिकार प्रदान करता है कि वह दूसरों को हमारी अनुमति के बिना हमारे आविष्कार की नकल, निर्माण, बिक्री या आयात करने से निषेध करता है जिससे सीएमपीडीआई को व्यावसायिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कंपनी के हितों की रक्षा के लिए इस तरह के नवाचारों को हासिल करने वालों को पेटेंट कराने के लिए भी प्रेरित किया।

सीएमपीडीआई के मुख्य प्रबंधक (पर्यावरण), श्री प्रकाश चंद्र झा के अनुसार वर्तमान आविष्कार फ्यूजिटिव डस्ट के उत्पत्ति और फैलाव को कम करने के लिए विंड ब्रेक (डब्ल्यूबी) और वर्टिकल ग्रीनरी सिस्टम (वीजीएस) के समकालिक अनुप्रयोग से संबंधित है। विंड ब्रेक (डब्ल्यूबी) और वर्टिकल ग्रीनरी सिस्टम (वीजीएस) को क्रमशः उड़ने वाले धूल स्त्रोतों के संबंध में ऊपर और नीचे की दिशा में खड़ा किया जाता है। विंड ब्रेक (डब्ल्यूबी) स्त्रोत की ओर आने वाले हवा की गति को कम कर देता है।

# विश्व ब्रेल दिवस पर डालसा ने नेत्रहीन बच्चों को दी लुईस ब्रेल व ब्रेल लिपि की जानकारी

### नेत्रहीन विद्यालय, हरमू में डालसा का जागरुकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर बुधवार को सरकारी नेत्रहीन विद्यालय, हरमू रांची में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण पदाधिकारी, श्वेता भारती, प्रधानाध्यापक, रोबिश कुमार, शिक्षक, रमेश महतो, लखीरास मांझी पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक, पीएलवी पिंकु कुमारी, ज्योज्सना गोराईं, संगीता सिंह एवं रेणु देवी उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ नेत्रहीन बच्चों, शिक्षकों व प्रधानाध्यापक के द्वारा स्वागत गान गाकर किया गया। इस अवसर पर नेत्रहीन बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के वादयंत्रों को बजाया गया।पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार पाठक ने कहा कि विश्व ब्रेल दिवस लुइस ब्रेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। यह दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। लुईस ब्रेल एक फ्रांसीसी व्यक्ति थे जो बहुत कम उम्र में एक दुर्घटना में अपनी आँखे खो दी थी और वे अंधे हो गए थे। एक नेत्रहीन प्रणाली का उपयोग करके अपनी आगे की पढ़ाई की और मात्र 15 वर्ष की उम्र में एक ऐसी लिपि का आविष्कार कर दिया जिसे ब्रेल लिपि कहते हैं। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डालसा के पीएलवी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची से मिलनेवाले सुविधा, डायन-बिसाही, बाल विवाह, बाल श्रम, पीड़ित मुआवजा, विशेष मध्यस्थता, श्रम कार्ड, लेबर कार्ड, राष्ट्रीय लोक अदालत, लोक अदालत के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने न्यायालय में चल रहे विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से निबटारा करने पर बल दिया एवं राष्ट्रीय लोक अदालत, विशेष मध्यस्थता अभियान एवं लोक अदालत के बारे में बताया। उन्होंने आगामी 11 फरवरी को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी।

### जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट ने किया कंबल वितरण

**पिस्कानगड़ी।** जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट रांची द्वारा बुधवार को नगड़ी प्रखंड के चिपरा, बोबरो,भागलपुर,पचंडिहा ,जाजपुर ,दलादली ,कोलाम्बी सहित कई गांव में 210 जनजाति समाज के जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव ने कहा कि धर्मांतरण रोकने के साथ साथ हमें सेवा कार्य पर भी ध्यान देना है। ताकि ईसाई मिशनरी सेवा के नाम पर हमारे भोले-भाले आदिवासियों का धर्मांतरण ना करा सके। संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि अब हमें अपनी आदि धर्म संस्कृति से जुड़े रहना है जनजाति विकास परिषद ट्रस्ट सेवा कार्यों को लेकर निस्वार्थ भाव से आदिवासी समाज के बीच इसी तरह सेवा कार्यों को लेकर आगे करते रहना है ।

## खबर एक नजर में

### नहीं रहे कर्मकांड के प्रकांड विद्वान काशी नाथ उपाध्याय



**रांची।** कर्मकांड के प्रकांड विद्वान और ईटीसी के सेवानिवृत कर्मचारी काशी नाथ उपाध्याय का 97 वर्ष की आयू में निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार की शाम बिहार के भोजपुर जिले के मुबारकपुर गांव में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर शाहदेव नगर के लाल बहादुर सिंह, गोपाल शरण सिंह, अनिल सिंह, लाल गिरजा शंकर शााहदेव, मनन सिंह, रामा शंकर उपाध्याय, जीतेंद्र बहादुर सिंह, जीतेंद्र सिंह, सनत मुखर्जी, रविश कुमार, सुरेंद्र गुप्ता समेत अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है। बताते चलें कि स्व उपाध्याय सेवा में होते हुए भी समाज सेवा और कर्मकांड से जुड़े रहते थे। भारत को स्वतंत्र होते हुए भी उन्होंने करीब देखा था। बातचीत के क्रम में वह स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ी बातों को बताते थे।

### पूर्व न्यायाधीश लोकनाथ प्रसाद का निधन, वैश्य मोर्चा ने शोक जताया



**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सह राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष लोकनाथ प्रसाद का बुधवार की शाम निधन हो गया है। वह करीब 90 वर्ष के थे और काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। अभी उनका पार्थिव शरीर पारस अस्पताल में रखा गया है। सम्भवतः कल परिवार वालों के आने के बाद दाह संस्कार किया जाएगा। न्यायाधीश स्व. लोकनाथ प्रसाद काफी सामाजिक व्यक्ति थे। वैश्य एवं पिछड़े वर्ग के लिए उन्होंने अपने कार्यकाल में काफी काम किया था। स्व. लोकनाथ प्रसाद को वैश्य मोर्चा ने 2013 में झारखंड वैश्य रत्न की उपाधि से सम्मानित भी किया था। श्री प्रसाद के निधन से वैश्य एवं पिछड़े वर्ग को काफी क्षति हुई है। झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, योगेन्द्र प्रसाद, कपिल प्रसाद साहु, इंदु भूषण गुप्ता, शिवनंदन प्रसाद एवं ओवीसी मोर्चा के राजेश गुप्ता आदि ने शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कैलेंडर का विमोचन 8 को

**रांची।** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में बुधवार को एक आवश्यक बैठक जयंत झा की अध्यक्षता में हुई। इसमें 8 जनवरी को बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय प्रांगण में मिथिला पंचांग सह कैलेंडर 2023 विमोचन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि स्थानीय सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, मथुरा प्रसाद महतो, रांची नगर निगम की महापौर आशा लकड़ा और महापौर श्री संजीव विजयवर्गीय होंगे। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रूप में मैथिल समाज के कई गणमान्य साहित्यकार एवं पत्रकारिता क्षेत्र के कई गणमान्य संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकारों को मिथिला पाग, शॉल, बूके एवं बाबा विद्यापति स्मारक समिति के मोमेंटो से सम्मानित किया जायेगा। बैठक में बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयन्त झा, निर्भय कांत झा शास्त्री, ज्ञानदेव झा, उदित नारायण ठाकुर, डॉ पंकज राय, संतोष मिश्रा, पवन सोनी, रमेश भारती, भानु कच्छप, रोहित कुमार आचार्य मुकेश झा, आदि उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयन्त झा ने दी।

### यूटीएस कार्यालय का ताला तोड़कर 45 लाख के सामान की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के गोपाल मार्केट स्थित यूपीएस यूटीएस होस पाइस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यायल में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधियों ने कार्यालय से 45 लाख रुपए के सामान की चोरी कर फरार हो गए है। इस मामले में अरगोड़ा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के साथ ही जांच शुरू कर दी गई है। अरगोड़ा के बसुंधरा अपार्टमेंट में रहने वाले गायत्री तिवारी ने अरगोड़ा थाने में प्रकाश साहू और मनीषा टोप्पो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। गायत्री ने पुलिस को बताया कि उनके पति संजय कुमार तिवारी यूटीएस होस पाइस प्राइवेट संचालित करते हैं। एक केस में पति पिछले एक साल से जेल में है। इस वजह से वह कार्यालय का किराया प्रकाश साहू को नहीं दे पा रही थी। इसके साथ ही संस्थान की निदेशक मनीषा टोप्पो ने दिसंबर 2021 में इस्तीफा दे दी। इसके बाद वह दिसंबर 2021 में किराया का एकरारनामा को निरस्त कर दिया। पति के जेल में रहने की वजह से प्रकाश और मनीष ने उनके कार्यालय का ताला तोड़कर 45 लाख रुपए के सामान गायब कर दिया। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच में जुट गई है।

### 12 फरवरी को रांची में मुंडा सभा का महासम्मेलन

**रांची।** मुंडा समाज की पहचान और अस्तित्व को बचाने के लिए बुधवार को ठाकुरगांव के गुरगाई बस्ती में खुंटकटी मुंडा सह धर्म सभा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुंडा सभा के सचिव सीताराम मुंडा ने कहा कि मुंडा सभा ने 12 फरवरी को रांची में महासम्मेलन बुलाया है। बताया कि छोटानागपुर खास कर रांची मुंडाओं का गढ़ रहा है। पिठौरिया स्थित सुतियांबे गढ़ में महाराजा मदरा मुंडा का इतिहास छिपा है। मुंडाओं को एकजुट करने के लिए गांव- गांव में बैठक की जा रही है। कार्यकारणी अध्यक्ष मनिष मुंडा ने बताया कि असम, ओड़िशा, पचिम बंगाल, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, भुटान व बांग्लादेश की मुंडा जनजाति के लोग महासम्मेलन में शामिल होंगे।

**समाज के लोगों को जल, जंगल,जमीन से किया जा रहा बेदखल :** मुंडा सभा के अध्यक्ष शैलेंद्र पाहन ने कहा कि आज आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है। चौतरफा हमला हो रहा है। मुंडा सभा के सचिव देवेंद्र पाहन ने कहा कि मुंडा समाज के लोगों को जल, जंगल,जमीन से बेदखल किया जा रहा है। मुंडा समाज को राजनितिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से मजबूत करने की जरूरत है। समाज के गौरवशाली इतिहास को बचाने की आवश्यकता है। मौके पर सत्यनारायण मुंडा, बसंत पाहन, हेमंत मुंडा, फुलकुमार मुंडा उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### आरआइडीएफ-वाटरशेड प्रोजेक्ट को नहीं मिला अवधि विस्तार

**रांची।** झारखंड में नाबार्ड बैंक संपोषित आरआइडीएफ-वाटरशेड प्रोजेक्ट अब बंद हो गया है। सरकार ने इस परियोजना को दिसंबर 2022 तक का ही अवधि विस्तार दिया था। इस दौरान यह स्पष्ट किया था कि इस अवधि के बाद इस योजना को अवधि विस्तार नहीं दिया जायेगा। हालांकि, इस योजना से 6030.31 लाख रुपये की राशि पूरी तरह से खर्च नहीं हो पायी थी। 31 दिसंबर तक इसे खर्च करने का टारगेट दिया गया था। आरआइएफ वाटरशेड प्रोजेक्ट के तहत राज्य में वाटर सप्लाई, वाटर क्वालिटी, ड्रेनेज, स्ट्रोम वाटर रनऑफ, यूटिलाइजेशन ऑफ वाटरशेड इत्यादि का काम किया गया है।

### वकीलों की गाड़ी पार्किंग के लिए एसोसिएशन ने लिखा पत्र

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने वकीलों की गाड़ी पार्किंग के लिए रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिखा है। हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के महासचिव नवीन कुमार ने पत्र लिखकर कहा है कि फ्लाईओवर निर्माण के लिए डायवर्सन बनने से यातायात और पार्किंग की परेशानी बढ़ गयी है। उन्होंने हाईकोर्ट से होटल अशोका के प्रबंधन से बात कर होटल परिसर में वकीलों के वाहन की पार्किंग करने की मांग की है। यह व्यवस्था नए हाईकोर्ट परिसर में जाने तक लागू करने की मांग की गयी है। साथ ही हाईकोर्ट से ट्रैफिक एसपी को हर दिन चार कांस्टेबल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है, वाहनों के डैमेज होने और क्षति पहुंचने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन को उच्च क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश देने का भी आग्रह एसोसिएशन ने किया है।

### स्कूलों में छुट्टी करना सरकार का सराहनीय कदम

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने शीतलहरी एवं कड़ाके की ठंड को देखते हुए झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के द्वारा कक्षा एक से कक्षा 5 तक के सभी विद्यालयों को बंद करने के निर्णय का स्वागत किया है। आलोक दूबे ने कहा बच्चों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से झारखंड सरकार द्वारा लिया गया निर्णय स्वागत है,पासवा सरकार के इस निर्णय के साथ खड़ी है।

### ताला तोड़कर नकदी सहित जेवरात की चोरी

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के मणिटोला निजाम नगर स्थित एक बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी सहित 4.40 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मकान मालिक ताला बंद कर दूसरे शहर घूमने गए थे। घटना की सूचना मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की है और सीसीटीवी के फुटेज खंगाला जा रहा है। पीड़ित एसएम इकबाल की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 20 दिसंबर को परिवार के साथ एक समारोह में शामिल होने के लिए बिहार के समस्तीपुर गए थे। तीन जनवरी को जब लौटे तो ग्रील में लगा ताला टूटा दिखा। अलमीरा का लॉकर खुला हुआ था।

# जापान की रिटेल कंपनी मिनीसो का स्टोर खुला



### झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र महतो ने फीता काटकर किया मिनीसो शॉप का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के प्लाजा सिनेमा के सामने भगत हाइट्स में जापान की प्रसिद्ध रिटेल कंपनी मिनीसो के नये स्टोर का शुभारंभ बुधवार को हुआ। इस स्टोर का उद्घाटन झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने किया। विधानसभा अध्यक्ष ने स्टोर कहा कि इस स्टोर से ग्राहकों को उनकी जरूरत के उत्पाद उपलब्ध कराये गये हैं। स्टोर संचालक स्वप्निल सौरभ एवं गीत गौरव ने बताया कि मिनीसो स्टोर में खासतौर से युवा वर्ग को आकर्षित करने वाले गिफ्ट के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों की भी विभिन्न सामग्री उपलब्ध है। संचालक ने बताया कि मिनीसो ब्रांड देश कई बड़े शहरों में काफी प्रचलित है और इसकी बढ़ती मांग और उच्चतम क्वालिटी के प्रोडक्ट को देखते हुए रांची में भी दित्य इंटरप्राइजेज द्वारा लॉन्च किया गया है। मौके पर वृंदावन राय, पूनम राय, सुरेंद्र कुमार राय, शशि भूषण राय, ईश्वर आनंद, रेणू राय, मंजू राय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# एकल अभियान से 28 लाख बच्चे शिक्षा स्वास्थ्य व संस्कार में हो रहे हैं लाभान्वित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूरे भारत में एकल अभियान के तहत एक लाख से अधिक गांवों में एकल विद्यालय का संचालन हो रहा है। जिसका लाभ देश के 28 लाख बच्चों को मिल रहा है। वनवंधु परिषद के कार्याध्यक्ष सह खेल कार्यक्रम संयोजक प्रदीप कुमार जैन ने कहा कि एकल अभियान अपनी पंचमुखी शिक्षा के लिए प्रसिद्ध है। प्राथमिक शिक्षा, पढ़ना-लिखना, अंकगणित, स्वास्थ्य शिक्षा व संस्कार शिक्षा एकल विद्यालय के माध्यम से ही संचालति होते हैं। वहीं ग्रामवासियों के स्वास्थ्य के लिए पौष्टक आहार, शारीरिक सफाई, घरेलू दवाई एवं सामान्य स्वास्थ्य की शिक्षा आरोग्य योजना के माध्यम से दी जाती है। जैविक खेती, खाद बनाना, वन संरक्षण, जल प्रबंधन, कंप्यूटर शिक्षा, सिलाई शिक्षा इत्यादि के माध्यम से ग्राम उत्थान योजना संचालित होती है।

सरकार की लाभदायी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को जागरण शिक्षा के माध्यम से दी जाती है। श्री जैन ने बताया कि 07 व 08 जनवरी को रांची के खेल गांव परिसर में दक्षिण झारखंड के लगभग बारह जिलो के विस्तार में स्थित 4000 गांव से 375 बच्चों को विभिन्न खेलों के लिए चयनित किया गया है। 07 जनवरी को दिन के 10:30 बजे उद्घाटन होगा। बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम में दिन भर अनेक प्रकार की प्रतिस्पर्द्धाएं चलेंगी।

विजेता बच्चे फरवरी में राष्ट्रीय खेल में सहभागिता देने के लिए लखनऊ जाएंगे और जो राष्ट्रीय स्तर पर विजेता होंगे उन्हें स्पोर्टस ऑथोरिटी ऑफ इंडिया अपनी देखरेख में प्रशिक्षित करेगा। इस आायोजन को सफल बनाने के लिए रेखा जैन, रमेश धरणीधरका, दीपक अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, विशेष केडिया, प्रशाांत, अजयदीप बाधवा, अनुपमा राजगढ़िया, जयदीप मोदी, बाबूलाल गोप, राजेश आडुकिया, पूजा बगड़िया समेत अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान जारी है।

# रांची के वार्ड 2 की व्यावसायिक बहुमंजिली इमारतों की हुई जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** नगर आयुक्त के आदेशानुसार रांची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या-02 में व्यवसायिक बहुमंजिले इमारतों के घृतियों के भवन मापी, वाटर हार्वेस्टिंग, ट्रेड लाइसेंस आदि की जांच की गयी। जांच के क्रम में होली-डे होम के आवेदक द्वारा एसएफ फॉर्म में एरिया की गलत जानकारी निगम को उपलब्ध करायी गयी थी। जांच समिति द्वारा एरिया की जांच की गयी तो एरिया अधिक मिला।

साथ ही व्यापार कर रहे दुकानदारों को निदेशित किया गया कि व्यवसाय करने हेतु ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जिन दुकानदारों के द्वारा अब तक ट्रेड लाइसेंस नहीं प्राप्त किया गया है वे तुरंत ट्रेड लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करेंगे। इसके पश्चात भी ट्रेड लाइसेस नहीं बनवाया जाता है तो उक्त दुकानों को झारखंड सील करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। जांच में प्रशिक्षु सहायक नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, शाखा एवं निगम के कर संग्रहकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड के 8 खिलाड़ी भारतीय लॉन बॉल टीम को चयनित

**रांची।** 14वें एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप का आयोजन मलेशिया में 20 से 26 फरवरी तक होना है। ऐसे में भारतीय टीम में चयन सह प्रशिक्षण को लेकर 16 जनवरी से गुवाहाटी (असम) में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम के चयन के लिए झारखंड से 8 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयन सह प्रशिक्षण शिविर के बाद भारतीय टीम क्वालालांपुर मलेशिया के लिए प्रस्थान करेगी।

**प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित खिलाड़ी : महिला :** रूपा रानी तिर्की, लवली चौने, कविता कुमारी, सरिता तिर्की और अनामिका लकड़ा।

**पुरुष :** दिनेश कुमार, सुनिल बहादुर और चन्दन कुमार सिंह।

**इन जगहों पर पदस्थापित हैं खिलाड़ी :** बताते चलें कि रूपा रानी तिर्की, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ में पदस्थापित है। वहीं लवली चौबे, सरिता तिर्की, कविता कुमारी झारखंड पुलिस में कार्यरत हैं, जबकि सुनिल बहादुर जैप-01 में पदस्थापित हैं।

### विद्यापति स्मारक समिति का परिवार मिलन समारोह 7 को

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति की बैठक बुधवार को लेखानंद झा की अध्यक्ष में कचहरी स्थित कार्यालय में हुई। इसमें सर्वसम्मति से 7 जनवरी की दोपहर एक बजे से विद्यापति स्मारक समिति परिवार मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। इसमें सोनम झा, अभिराज झा और हर्ष झा आदि कलाकार हिस्सा लेंगे। समारोह के दौरान प्रीत भोग का आयोजन होगा। इसमें मछली भात एवं शाकाहारी भोजन परोसा जायेगा।

इस समारोह में साहित्यकार बीएन झा विदित, सिया राम झा सरस, डॉ केएम झा, डॉ आकांक्षा चौधरी, डॉ चेतन झा, डॉ दिवाकर झा, अरविंद झा, प्रीती झा आदि उपस्थित रहेंगी। बैठक में उदित नारायण ठाकुर, डॉ बच्चा राम झा,और रंजीत लाल दास समेत अन्य उपस्थित थे।

# सरजीत मिर्धा को मिला 'योद्धा आंदोलनकारी' का पुरस्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी सरजीत मिर्धा को 'योद्धा आंदोलनकारी' के रूप में सम्मानित किया गया। श्री मिर्धा को यह अवार्ड झारखंड सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के हाथों मिला। झारखंड मुक्ति मोर्चा व आजसू के वरिष्ठ नेता रहे सरजीत मिर्धा को उम्मीद फउंडेशन की ओर से 'जयपाल सिंह मुंडा वीर क्रांति योद्धा - 2022' का आवार्ड दिया गया। राजधानी के सीएमपीडीआई मयूरी हॉल में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के 120वीं जयंती समारोह के उपलक्ष्य पर मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन उम्मीद फाउंडेशन के द्वारा किया गया। इसमें खिलाड़ी, संगीतकार, पत्रकार और झारखंड आंदोलनकारी को सम्मानित किया गया।

# राहे प्रखंड के पारमडीह, बारूडीह गांव में डालसा ने किया डोर टू डोर कार्यक्रम

## पीएलवी रामेश्वर चौधरी ने विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन व पीड़ित मुआवजा प्राप्त करने के तरीकों के बारे बताया

### डोर टू डोर कार्यक्रम के तहत पैनल अधिवक्ता ने दी पीड़ित मुआवजे की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राहे प्रखण्ड के पारमडीह एवं बारूडीह गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मनिषा, पीएलवी रामेश्वर चौधरी, आरती कुमारी, पुष्पा कुमारी, कपिलदेव प्रसाद एवं राजा उपस्थित थे। डालसा टीम के पीएलवी घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को जाना और समस्याओं के निबटारा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन देने के लिए कहा। पैनल अधिवकत, मनिषा कुमारी ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी।

बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने हेतु उपाय के संबंध में जानकारी दी गयी। ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता कुमारी एवं नितू देवी ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। डालसा, रांची के पीएलवी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने तथा अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है।

आगामी 11 फरवरी को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी गयी। अपने वादों को लोक अदालत में मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने पर जोर दिया गया। अंत में डालसा के पीएलवी ने राहे आसपास क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम कर राहगीरों के बीच पम्पलेट, लिफलेट तथा कानूनी पुस्तिका का वितरण किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में बताया।

# उपायुक्त ने किया बेड़ो प्रखंड की विकासशील योजनाओं का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा ने बुधवार को बेड़ो प्रखंड का औचक दौरा व निरीक्षण किया। सबसे पहले उपायुक्त ने जिला परिषद मद से बन रहे तीन तल्ले वाले बेड़ो बाजार में मार्केट कंपलेक्स का निरीक्षण किया। जिसकी लागत राशि 1.33 करोड़ है। इसके बाद उपायुक्त करांजी डैम पहुंचे। जहां उन्होंने मत्स्य जीवी द्वारा मछली पालन के संबंध में जानकारी लिया। साथ ही सहकारी समिति के अध्यक्ष डेविड तिर्की से वहां चलाए जा रहे मछली पालन की जानकारी ली। डेबिड तिर्की द्वारा बताया गया कि यहां पर 26 सदस्यों का सहयोग समिति है। जिसमें 26 बैटरी है और 50 केज हैं। यहां पर पंगास एवं मोनोस्ट्रेलिया वैरायटी के मछली पालन की जा रही है। यह सहकारी समिति 2016-17 से स्थापित है। उपायुक्त ने सहकारी समिति के सदस्यों से अच्छे ढंग से मछली पालन करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि बार-बार सब्सिडी नहीं मिलता है। एक बार सब्सिडी मिलता है। उसी से काम करके व बचत राशि करके इस व्यवसाय को आप वृद्धि करेंगे। सहयोग समिति के द्वारा आग्रह किया गया कि बरसात में फीड रखने के लिए फीड शेड का निर्माण करा दिया जाए। इसके बाद उपायुक्त ने बेड़ो प्रखंड का बहुचर्चित मनरेगा पार्क ग्राम ईटा का अवलोकन किया। विदित हो कि ग्राम ईटा में मनरेगा पार्क बनाया गया है। जहां पर 29 एकड़ में आम का बागवानी लगाया गया है। इस मनरेगा पार्क में टीसीबी, फील्ड कमबोण्ड, डोभा, सिचाई कूप नाडेप आदि का क्रमवार निर्माण किया गया। साथ ही यहां पर 34 लाभुकों के 29 एकड़ में आम का बागवानी फैला हुआ है। जहां वर्तमान में कृषक आम के बागवानी के साथ-साथ मिक्स क्रापिंग के रूप में गेहूं, मटर व सरसों की खेती कर रहे हैं। उपायुक्त ने इस तरह के मिक्स कृषि को देखकर ग्रामीणों को बेहतरीन रूप से इसे लोकप्रिय करने का निर्देश दिया। इसके बाद उपायुक्त ईटा ग्राम में नवनिर्मित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। यह 6.63 लाख की लागत से बना है। जिसमें मनरेगा द्वारा 4.63 लाख और समाज कल्याण विभाग द्वारा दो लाख लागत की राशि दी गई है। साथ ही इसमें पानी एवं पेंटिंग का काम 15 वें वित्त से किया गया है। इस आंगन बाड़ी केंद्र में वर्तमान में 25 बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उपायुक्त ने उनके खानपान जांच किया। साथ ही इसमें कम से कम 40 बच्चों का नामांकन कराने का निर्देश दिये। इसके बाद उपायुक्त ने लमकाना गांव के समान बन रहे एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। यह विद्यालय 17. 96 करोड़ की लागत से 450 बच्चों के लिए विद्यालय बनाया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य दिसंबर 2023 तक पूरा किया जाना है। जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ बालक बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावास व खेल मैदान का भी निर्माण किया जाना है। इसके बाद उपायुक्त ने पारस डैम की सुंदरता का अवलोकन भी किया। उन्होंने इसके संबंध में जानकारी प्राप्त किया। पारस डैम प्रकृति की गोद में बना हुआ है। इसके बाद उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो का भी औचक निरीक्षण किया। वहां पर स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई, डॉक्टरों की उपस्थिति, आने वाले कोविड के संभावित खतरे को देखते हुए कोविड वार्ड तथा टीकाकरण की जानकारी लिया। साथ ही मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की, जिला से आए हुए पदाधिकारियों की टीम, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एनएचएआई के पदाधिकारी मुखिया अनीता बड़ा व पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा समेत अन्य लोग मौजूद थे।


बेड़ो ईटा में बने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते उपायुक्त राहुल सिन्हा व मौजूद पदाधिकारी।

## स्पीड न्यूज

### 15 जनवरी को टूसू चौड़ल सह फुटबाल प्रतियोगिता होगा आयोजित

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के पुंडीदीरी गांव स्थित फुटबाल मैदान रूंगकड़ी मे एकदिवसीय टसू चौड़ल सह फुटबाल प्रतियोगिता एवं मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया जाएगा। मेले के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि सुखलाल सिंह मुंडा उपस्थित होंगे। फुटबाल खेल में प्रथम पुरस्कार दस हजार रुपैया एवं द्वितीय पुरस्कार आठ हजार रुपैया रखा गया है। प्रवेश शुल्क दो हजार रुपैया रखा गया है। वही चौड़ल मे प्रथम पुरस्कार पांच हजार रुपैया, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार रुपैया,तृतीय पुरस्कार दो हजार रुपैया एवं दोपहर दो बजे से पहले पहुंचने वाले सभी चौड़ल को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसकी जानकारी मेला कमिटी के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा ने दी।

### हरिहर मेला के आयोजन को लेकर मेला कमेटी का पुनर्गठन

**सिल्ली।** कोंचो पंचायत भवन में बुधवार को हरिहर मेला प्रबंध समिति की एक बैठक शरत कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमे हरिहर मेला के भव्य आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन गठन किया गया। जिसमें सुनील सिंह, हाराधन महली ,लक्ष्मण महतो, कामेश्वर महतो, शरत कुमार महतो, सुर्यनारायण महतो एवं खिरोधर महतो को संरक्षक। त्रिलोचन महतो को अध्यक्ष, संजीव महतो को उपाध्यक्ष, बिनोद महतो को सचिव, अनिकेत महतो को सह सचिव, उत्तम महतो को कोषाध्यक्ष। वहीं अरुण महतो, संतोष महतो, बबलू महतो, जतित महतो, शक्तिधर महतो, मंजीत हजाम एवं मिथुन महतो को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। ज्ञात हो कि मकर संक्रांति के तिसरे दिन कोंचो गांव के स्वर्णरेखा नदी तट के हरिहर घाट पर इस मेले का आयोजन किया जाता है। जो पंचपरगना क्षेत्र के पारंपरिक टुसू मेला के लिए प्रसिद्ध है।

### मैक्लुस्कीगंज में कोहरे का प्रकोप पूरे दिन छाया रहा बादल

**मैक्लुस्कीगंज।** मैक्लुस्कीगंज में तीसरे दिन भी रहा कोहरे का प्रकोप पूरे दिन छाया रहा बादल। लगातार पड़ रहे कोहरा के कारण मैक्लुस्कीगंज में ठंड ने व्यापक असर दिखाना शुरू कर दिया है। बुधवार की सुबह लगभग 7 बजे से मैक्लुस्कीगंज एवं आसपास के नावडीह, हेसालौंग, लपरा, जोभिया, दुल्ली,चीनाटांड़ सहित अन्य जगहों को घना कोहरा ने अपने आगोश में लेना शुरू किया और पूरे दिन इसका प्रकोप देखा गया। कोहरे के कारण रेल व हाइवे पर गुजरने वाले वाहनों व राहगीरों को लाइट जलाकर चलना पड़ा. वाहनों व ट्रेनों की रफ्तार धीमी रही। विद्यार्थियों को भी समय पर विद्यालय पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### काशीनाथ पब्लिक स्कूल ने 14 वॉं स्थापना दिवस मनाया



**कांके।** काशीनाथ महतो पब्लिक स्कूल सुकुरहुट्टू का 14 वाँ स्थापना दिवस सह दो दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेश बैठा बुढ़मू जिला परिषद सदस्य मनोज महतो बाजपेई एवं कांग्रेस नेता जमील अख्तर अजिजुल अंसारी भी उपस्थित हुए। अतिथियों ने सभी सफल प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### गोवंश ले जा रहे पिकअप वैन जब्त

**चान्हो।** अवैध रूप से गोवंश ले जा रहे एक पिकअप वैन को चान्हो पुलिस ने बुधवार को जब्त किया है। गश्ती के दौरान हनहट रोड से एक पिकअप वैन जेएच01ईयू-4129 को पुलिस ने पकड़ा जिसमें जिसमें कुल 10 गोवंश लदा था। पिकअप वैन को जब्त कर लिया गया, साथ ही गोवंश को जिम्मानामा पर देने की तैयारी की जा रही थी। पुलिस ने अनुसार पिकअप वैन के साथ पकड़ा गया।

## पंडाडीह ओर बारेंदा गांव में हाथियों ने किया फसल को नुकसान



**सोनाहातू।** प्रखंड के पंडाडीह बारेंदा गांव में मंगलवार की रात 40 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। पंडाडीह गांव के किसान शेमाली पुरान, उपेन मांझी, लेदा पुरान, मनसा पुरान,दिनेश माझी,सूरसेन माझी,उपेन पुरान,देवेन्द्र मांझी, दिलीप मांझी,विकास माझी के 12 एकड़ जमीन में धान,आलू, मटर, टमाटर, लौकी, बैगन,पत्तागोभी आदि फसलों को नष्ट किया है। बारेंदा गांव के नरेश कोइरी ओर खैटू कोइरी के फूलगोभी ओर पत्तागोभी को नष्ट किया है। नुकसान की सूचना मिलने पर वनपाल दिलीप सिंह मुंडा,उपप्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गंझू,मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह मुंडा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अनूप प्रमाणिक और राहुल बटब्याल ने पीड़ित किसानों का खेत पहुंच कर फसल नुकसान का मुआयना कर मुआवजा देने का आश्वासन दिया।

# रातू : ट्रैक्टर से टकरायी बाइक युवक की मौत

**तिगरा का था सुरेंद्र महतो**
**चालक के खिलाफ केस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के मरियाटांड़ वैष्णवी पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की रात करीब 8 बजे मोटर साइकिल जेएच 01 डीजे 4435 और ट्रैक्टर के बीच सीधी टक्कर में 28 वर्षीय सुरेंद्र कुमार महतो घायल हो गया। मादी मेमोरियल ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद डॉ दिनकर मिंज से उसे रिम्स रेफर कर दिया। किंतु, रास्ते में उसकी मौत हो गयी। वह तिगरा पतराटोली का रहने वाला था। ट्रैक्टर काटू लहना के इंद्रजीत साहू की बतायी जा रही है। घटना के उपरांत, चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। सुरेंद्र महतो, काठीटांड़ चौक से चट्टी होते हुये घर जा रहा था। जैसे ही वह पंप के सामने पहुंचा, खेत से मिट्टी लेकर आ रहे उक्त ट्रैक्टर से टकरा गया। उसके सिर पर गंभीर चोटें आयी थी। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। मृतक के चचेरे भाई संजय कुमार महतो के ब्यान पर रातू थाने में चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया।


सुरेंद्र महतो।

**गांव में मातमी सन्नाटा**

मृतक पेशे से कृषक था। उसके परिवार में पत्नी शीला देवी, दो साल की बेटी मानवी कुमारी समेत मां पुरनी देवी, पिता सीताराम महतो, भाई कलिंद्र महतो, बहन सुजीता कुमारी हैं। बहन की शादी हो चुकी है। सुरेंद्र महतो दो भाइयों में बड़ा था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा है।

## एक नजर में

### जंगली हाथियों का कहर, दो घर तबाह



**इटकी।** इटकी प्रखंड के तिलकसुती गांव में मंगलवार की रात तीन जंगली हाथियों के झुंड ने दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और खेतों में लगे फसलों को अपना आहार बनाया व रौंद कर बर्बाद कर दिया। जानकारी के मुताबिक जंगली हाथियों के झुंड ने गांव के अनुज कुजूर के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया और करीब पांच एकड़ में लगी मकई के खेती को अपना आहार बनाया व रौंद कर बर्बाद कर दिया। जबकि गांव के ही जयश्री दास का बारी वाला मकान को क्षतिग्रस्त करने के बाद खेतों में लगी आलू के फसल को खोदकर अपना आहार बनाया। ग्रामीणों के अनुसार जंगली हाथियों के झुंड ने तिलकसुती पतरा के अलावा कादी जंगल में अपना अड्डा बना रखा है। दिनभर जंगल में रहने के बाद शाम ढलते ही भोजन की तलाश में गांव की ओर निकलते हैं। इस दौरान जंगली हाथियों के उत्पात से ग्रामीण भयभीत हैं। जानकारी के बावजूद ग्रामीण डर के मारे हाथियों को भगाने के लिए घर से बाहर नहीं निकलते हैं।

### अजगुत करमाली सिकिदिरी जल विद्युत परियोजना के विधायक प्रतिनिधि मनोनीत



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी के मेलघोंसा निवासी अजगुत कारमाली को स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। बुधवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने इस बाबत अजगुत करमाली को मनोनयन पत्र सौंपा है। इसकी प्रतिलिपि अनगड़ा बीडीओ व सिकिदिरी थाना प्रभारी को भेजी गई है। इससे पूर्व इस पद पर रहे कुटे निवासी फारुक खान को हटा दिया गया है। अजगुत करमाली को विधायक द्वारा पत्र दिए जाने का मौके परअनिल ठाकुर,महेश गंझू, उपप्रमुख जयपाल हजाम, बिरसा लोहरा, पंचु, दिनेश प्रमाणिक, एतवा उरांव,कुलेशवर मुंडा आदि उपस्थित थे।

### पदक विजेता साहिल प्रियांशु बनवार विद्यालय में भव्य स्वागत



**सिल्ली।** सीबीएसई नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता प्रियांशु बनवार का संत माइकल स्कूल मुरी में बुधवार को भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक राकेश कुमार ने साहिल प्रियांशु बनवार को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार एवं प्राचार्य सि. एल. प्रजापति ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बधाई के साथ भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दिए। मौके पर शिक्षक वाहिद अली, प्रशांत गोराई , मिथिलेश महतो, शेखर कुमार, रमेश गोराई, किशोर कुमार महतो एवं अभिभावक प्रदिप बनवार उपस्थित थे। दोनो छात्र बिरसा आर्चरी एकेडमी सिल्ली में कोच प्रकाश राम एवं सिसिर महतो के नेतृत्व मे अभ्यास करते हैं। ज्ञात हो कि विद्यालय के कक्षा आठवीं के छात्र साहिल प्रियांशु बनवार सीबीएसई नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता विध्या निकेतन स्कूल पंचगणी, महाराष्ट्र में 28 से 30 दिसंबर तक सीबीएसई द्वारा आयोजित किया गया था।इस प्रतियोगिता में विद्यालय के साहिल प्रियांशु बनवार कक्षा आठवी एवं सुरभी पाल कक्षा नौवीं ने हिस्सा लिया था। जिसमे साहिल प्रियांशु बनवार अंडर 14 वर्ग में 664 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

### बेड़ो के आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को मिलेगा स्वेटर



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को अब स्वेटर दिया जायेगा। जो बाल विकास परियोजना के द्वारा हर आंगनबाड़ी केंद्र को दिया जाएगा। प्रखंड कार्यालय के बाल विकास कार्यालय में मंगलवार को जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत व सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने सेविकाओं के बीच आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्वेटर का वितरण किया। जिसे आंगनबाड़ी केंद्र के द्वारा आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को स्वेटर दिया जाएगा। मौके पर राकेश भगत ने कहा बच्चों के बीच स्वेटर वितरण होने से इस बढ़ते ठंड में उन्हें राहत मिलेगी बाल विकास परियोजना कार्यालय से सेविकाओं को बच्चों के लिए स्वेटर उपलब्ध कराया गया है। इसी के तहत बुधवार को प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के कुरहाटोली गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के बीच आंगनबाड़ी सेविका और पंचायत के मुखिया लक्ष्मी कोया के द्वारा स्वेटर का वितरण किया गया।

### समाज में दहेजप्रथा व मृत्यू भोज बंद हो



**ओरमांझी।** रूक्का डेम परिसर में बुधवार को रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा का मिलन समारोह सह वनभोज का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित समाज के वरीय वक्ताओं ने दहेज प्रथा व मृत्यू भोज जैसी कुपर्था का बंद करने की बात कही गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि समाजिक कुरितियों को दुर करने व समाज के विकास में शिक्षा को माध्यम बनाया जाएगा। जिला अध्यक्ष कार्तिक कुमार केषरी ने कहा जबतक समाज षिक्षित नही होगा तबतक समाज का विकास संभव नही है। आर्थिक रूप से कमजोर को मिलकर उसका उत्थन करना व समाजिक कुप्रथा को दूर करने में सबकी साहभगिता जरूरी है। उन्होने केसरवानी सभा को मजबूत करने के लिए नगर शाखा, ग्रामीण शाखा व महिला शाखा को आगे आने का आहवान भी किया। समारोह में समाज के छोटे बच्चों द्वारा नृत्य, संगीत प्रस्तुत किया। समारोह में डा उमाशंकर केसरी, तपेष्वर केसरी, शिव प्रसाद केसरी, अनिल केसरी, हरि केसरी, राजेंद्र केसरी, संजय चैधरी, उमेश केसरी, गोपाल केसरी, दौलत राम केसरी, कैलाश केसरी, प्रो प्रेमसागर केसरी, सीताराम केसरी, राधेश्याम केसरी व अन्य मौजूद थें।

## दो-तीन दिन के अंदर स्कूल की समस्याओं का प्रोसेडिंग बनायें: शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत सोसई स्थित राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय परिसर में बुधवार को एक बैठक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षा में किया गया। इस बैठक मे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी उपस्थित हुए। बैठक मे विधायक व पूर्व मंत्री ने टीचर व प्रबंधन समिति के सदस्य को विधालय का स्थित को दूरस्त तीन चार महीने के अंदर करने के लिए कहा। साथ ही प्रबंधन समिति को टीचर के साथ महीना मे एक बार बैठक करने का निर्देश दिया। बैठक मे विधायक व पूर्व मंत्री ने कहा कि जितना जल्दी हो सके दो तीन दिन के अंदर स्कूल की समस्याओ का प्रोसेडिंग जल्द बना कर दे ताकि आने वाले सत्र मे इस समस्याओ को विधानसभा मे रखा जा सके। साथ ही विधायक ने अभिभावक व बच्चों को भी शिक्षा के क्षेत्र मे बहुत सारी जानकारी दिया। बैठक के उपरांत पूरे हॉस्टल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रांची प्रोजेक्ट डायरेक्टर से बात कर इस विषय की जानकारी दिया। ताकि इसकी समस्याओ का जल्द निदान हो सके। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो, प्राचार्य एवम स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षका और अभिभवक मौजूद थे।

## बड़ाम की टीम गाड़ी होटवार को 1-0 से हराकर पहुंची फाइनल में



**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी की ओर से आयोजित चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के तहत बुधवार को सिकिदिरी में खेले गए पहले सेमीफइनल के बेहद रोमांचक मुकाबले में फोर एस बड़ाम एफसी की टीम ने जीएफसी गाड़ी होटवार की टीम को 1-0 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। खेल के 27वें मिनट में बड़ाम की ओर से सुरेश मुंडा ने शानदार गोल कर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। मध्यांतर तक बड़ाम की टीम 1-0 से बढ़त बना ली थी,जो खेल के निर्धारित समय तक निर्णायक साबित हुआ। बेहतर खेल के लिए बड़ाम के खिलाड़ी छोटू लिंडा को मुख्य अतिथि भाजपा महानगर रांची के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पटेल व विशिष्ट अतिथि चाड़ू पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार महतो और कुटे पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा अंसारी ने संयुक्त रुप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया।

## शिबू सोरेन के जन्मदिन मनाने समेत कई मुद्दो को लेकर झामुमो ने की बैठक



**खलारी।** झामुमो खलारी प्रखंड कार्यालय में बुधवार को एक आवश्यक बैठक कि गई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कमेटी के सभी पदाधिकारियों के क्रियाकलापों पर चर्चा किया गया एवं आगामी 11 जनवरी 2023 को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार एवं वर्तमान में राज्यसभा सांसद दिसुम गुरु वीर शिबू सोरेन का जन्मदिन पूर्व की तरह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित पदाधिकारियों में प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, अरुण यादव, सुभाष प्रजापति, दिनेश्वर सिंह, संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह, राजकुमार भोक्ता, कोषाध्यक्ष जैनुल खान, संगठन सचिव सीतलाल महतो, मीडिया प्रभारी विशाल पासवान, कार्यालय सचिव छोटू राम, शंभू दास, हैदर खान, शाहिद अंसारी, विक्की मुंडा, रवींद्रनाथ राम, सुशील राम, लालदेव महतो, नागेंद्र कुमार सिंह, हूटाप पंचायत अध्यक्ष गौतम यादव, सचिव संदीप यादव, पंचायत अध्यक्ष अजय मुंडा उपस्थित थे।

## सब्सिडी में दो पहिया व चार पहिया वाहन दिलाने के नाम पर की गई ठगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि सहित अलग अलग थाना क्षेत्रों से, कई लोगों से 30 लाख रूपए की ठगी की गई है। इस मामले को लेकर पिठोरिया थाना में पीड़ित जावेद आलम ने संजय कुमार रवि उर्फ संजय राम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता जावेद आलम बाड़ू पंचायत के उप मुखिया है। पीड़ित ने कहा की संजय कुमार रवि उर्फ संजय राम पिता स्वर्गीय शिव कुमार रांची जिले के ठाकुर गांव थाना अंतर्गत गिनजो ठाकुरगांव के रहने वाला है। कुछ महीने पूर्व मुझसे संपर्क किया और बोला कि उसकी जान पहचान सरकारी विभाग के पदाधिकारियों से है। जो सब्सिडी में लोगों को लोन प्रदान करती है। मैं व्यापार के लिए टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहन सब्सिडी में दिला सकता हूँ और मुझे झांसे में लेते हुए मेरे जान पहचान मेरे सहित 14 लोगों से जो अन्य थाना क्षेत्र के रहने वाले है, सभी से कुल 30 लाख रूपए लिया। इसके साथ सभी लोगों से आधार कार्ड भी लिया। वही एक पीड़िता तबस्सुम परवीन से हस्ताक्षर युक्त 10 ब्लैंक चेक जो बैंक ऑफ इंडिया पिथोरिया शाखा का है उसे भी लिया। संजय कुमार रवि उर्फ संजय राम ने उक्त लिए गए चेक एवं आधार कार्ड को वह कोई दुरुपयोग नहीं करेगा ऐसा करने का वादा किया। और कहा कि उपरोक्त लोगों को लोन दिलाने में सक्षम नहीं हो पाता है, तो सभी रुपए वापस कर दिए जाएंगे। इसके लिए आरोपी ने यूको बैंक, गिनजो ठाकुर गांव शाखा का एक ब्लैंक चेक दिया। और कहा कि पैसे वापस नहीं हुए तो आप मेरे चेक से सारे पैसे वापस ले लेना। इसके लिए उसने एक इकरारनामा भी किया। समय बीतने के बाद संजय कुमार ने ना ही लोन दिलाई और ना ही लिए हुए 30 लाख रूपए वापस किए। जब हमने अपने पैसे की मांग की तो हमें जान से मरवाने की धमकी दी जाती है। हमने पिठोरिया थाना में एफआईआर के लिए आवेदन दिया है। वही थाना प्रभारी ने इस संबंध में कहा है कि मामले की जांच की जा रही है जांच करने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## जमीन मालिकों ने मुख्यमंत्री को सौपां ज्ञापन, कहा जमीन हमारी रैयती है

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** कांके अंचल अंतर्गत नगड़ी मौजा की लॉ यूनिवर्सिटी और जुमार नदी समीप की जमीन का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को दर्जनों जमीन मालिकों ने मुख्यमंत्री सचिवालय और अंचलाधिकारी कार्यालय जाकर 14 पेज का संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। आवेदन में जमीन मालिकों ने कहा है कि राज्य सरकार और इनके अधिकारी उपायुक्त अपर समाहर्ता सीओ कांके यहां पर स्थित जुमार नदी की जमीन बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की अधिग्रहित की गई जमीन और सरकारी गैरमजरूआ जमीन को शीघ्र सीमाकिंत करें और इस जमीन से समीप सटे हम लोगों की पुश्तैनी और रैयती भूमि को अलग करें। जिस पर हम लोग अपनी इच्छा अनुसार लीज देकर या घर मकान बनाकर या किसी तरह का व्यवसाय हेतु उपयोग कर अपने उपयोग में ला सके। क्योंकि बार-बार इस जमीन को विवादित बनाकर हम लोगों की अपनी जमीन पर कार्य होने से रोका जा रहा है। उक्त ज्ञापन नगड़ी गांव के उमेश टोप्पो पिता स्वः चुन्दा टोप्पो सहित दर्जनों रैयतों ने हस्ताक्षर कर दिया है। आवेदन में जमीन मालिकों ने कहा है कि रिवरव्यू का नाम देकर बार- बार जमीन के प्राकृतिक नेचर को बदल कर मीडिया में गलत तथ्यों के साथ समाचार प्रकाशित होती रहती है। जिससे जमीन रैयत के साथ-साथ जमीन की भी बदनामी हो रही है। जबकि यह जमीन विवादित नहीं है। रिवरव्यू और कमलेश कुमार का इस जमीन से किसी तरह का कोई वास्ता नहीं है। हम लोग के परिवार वाले वर्षों पूर्व रिवरव्यू से हुए समझौतों को रद्द कर दिए हैं साथ ही वहां से रिवरव्यू का लगा बोर्ड भी हटा दिए हैं। फिर भी रिवरव्यू और कमलेश कुमार का नाम इस जमीन से जोड़कर इस जमीन को विवादित बना दिया जाता है। कमलेश कुमार इस जमीन का ना ही मालिक है ना ही हम सभी जमीन मालिकों ने इसे बिक्री या बंधक दिया है। अधिकारियों ने कई बार इस भूमि की जांच परख कर निरीक्षण किया है। जिस पर पाया है कि जमीन पर लगा हुआ सरकारी बोर्ड सहित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, जुमार नदी की जमीन और सरकारी गैरमजरूआ जमीन भी सुरक्षित है। इसलिए हम लोगों की सरकार से आग्रह है कि अपनी भूमि का सीमाकंन करें और हम लोगों की जमीन को अलग करें। जिससे हम लोग यहां पर अपना स्वेच्छा पूर्वक किसी भी तरह का कार्य बिना रुकावट के कर सके। वर्तमान में भूमि को हमने और हमारे परिवार वालों ने इंस्सीच्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज आईएचएस को फिजियोथैरपी सेंटर खोलने हेतु आपसी समझौता किया है।

## बचाव का साल

हम 2023 को कोरोना से बचाव, इस प्रकार के भयावह संक्रमण से बचने और बचाने, स्वास्थ्य संबंधित सावधानियों के साथ जीवन जीने, पर्यावरण सहित प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के साथ पूरी दुनिया में भाई चारा बढ़ाने के साल के रुप में मना सकते हैं। जिस प्रकार हम हवा,मिट्टी और जल को प्रदूषित कर रहें हैं इससे हमारे पृथ्वी के अस्तित्व पर ही खतरा मंडरा रहा है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि कोरोना का वायरस अधिक तेजी से बढ़ने के पीछे वायु प्रदूषण भी एक बिंदु है। निश्चित तौर पर इन तथ्यों को नकार कर हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। विकास की आवश्यकता है लेकिन विकास किन शर्तो पर हो यह भी तय करने का वक्त आ गया है। प्रकृति की मार और स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को किसी देश या महादेश से जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। जिस प्रकार वैश्वीकरण की गति बढ़ती जा रही है उसमें पूरी दुनिया को हिंसा और शांति के विषय पर भी एक सर्वहित निर्णय लेने की आवश्यकता है। एक साल के कोरोना काल में जो आर्थिक और रोजगार संबंधित कठिनाई आम लोगों को हुई है उसे गंभीरता से लेकर एक ठोस कार्रवाई की भी उम्मीद है। देश में केन्द्र और राज्य के बीच सहयोग का आधार मजबूत हो जिससे आम आदमी सकून पा सके। जिस प्रकार रोजगार खत्म होने की खबरें आई है उससे चिंता स्वाभाविक है। देश में असंगठित मजदूरों की संख्या करोड़ों में है और इन मजदूरों का एक बड़ा हिस्सा झारखंड बिहार और यूपी सहित उत्तर भारत के खेती प्रधान राज्यों से आता है। इन राज्यों की गरीबी किसी से छिपी नहीं है। सरकार कोरोना के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए अपनी कल्याणकारी रुप को सामने लाने का संवैधानिक संकल्प दोहराये तो निश्चित तौर पर नये साल का संकल्प पूरा होगा।

## नोटबंदी का अधिकार

सुप्रीमकोर्ट ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार के 2016 में 500 और 1000 रुपये की श्रृंखला वाले नोट बंद करने के फैसले को अनुचित नहीं ठहराया जा सकता। जस्टिस एस. ए. नजीर की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि इस संबंध में फैसला भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) और सरकार के बीच विचार-विमर्श के बाद किया गया। अधिसूचना में 500 और 1000 रुपये की सीरीज वाले नोट बंद करने के फैसले की घोषणा की गई थी। पीठ में जस्टिस नजीर के अलावा जस्टिस बी. आर. गवई , जस्टिस बी. वी. नागरत्ना, जस्टिस ए. एस. बोपन्ना और जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यन भी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि आठ नवंबर 2016 को जारी अधिसूचना वैध व प्रक्रिया के तहत थी। हालांकि रिजर्व बैंक कानून की धारा 26(2) के तहत केंद्र के अधिकारों के मुद्दे पर जस्टिस बी. वी. नागरत्ना की राय जस्टिस बी. आर. गवई से अलग है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने कहा कि 500 और 1000 रुपये की श्रृंखला के नोट कानून बनाकर ही रद्द किए जा सकते थे, अधिसूचना के जरिए नहीं। उन्होंने कहा कि संसद को नोटबंदी के मामले में कानून पर चर्चा करनी चाहिए थी, यह प्रक्रिया गजट अधिसूचना के जरिए नहीं होनी चाहिए थी। उनके अनुसार, देश के लिए इतने महत्वपूर्ण मामले में संसद को अलग नहीं रखा जा सकता इससे पहले, वर्ष 2016 में की गई नोटबंदी की कवायद पर फिर से विचार करने के सर्वोच्च न्यायालय के प्रयास का विरोध करते हुए सरकार ने कहा था कि अदालत ऐसे मामले का फैसला नहीं कर सकती है, जब बीते वक्त में लौट कर कोई ठोस राहत नहीं दी जा सकती है। शीर्ष अदालत ने केंद्र के नोटबंदी के फैसले को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, 4:1 के बहुमत के साथ फैसले को सही ठहराया।

# राजस्थान में सत्ता परिवर्तन का नियम बदलेगा !



**राजस्थान** में अगले साल दिसंबर के प्रथम सप्ताह में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में प्रदेश में सक्रिय सभी राजनीतिक दलों ने अपनी राजनीतिक गतिविधियों व कार्यक्रमों को तेज दिया है। सभी दलों ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राजस्थान में फिलहाल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की सरकार चला रहे हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। 1993 के विधानसभा चुनाव से राजस्थान में सरकार बदलने का रिवाज चला आ रहा है। यहां एक बार भाजपा की तो अगली बार कांग्रेस की सरकार बनती रही है। पिछले 30 वर्षों से चले आ रहे इस मिथक को अभी तक कोई भी राजनीतिक दल नहीं तोड़ पाया है। इस बार सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेता दावा कर रहे हैं कि हम हर बार सत्ता बदलने के मिथक को तोड़ कर लगातार दूसरी बार प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। वहीं भाजपा के नेता कांग्रेस को हराने का दावा कर रहे हैं।

राजस्थान में तीसरा मोर्चा कभी मजबूत नहीं रहा है। 1990 के विधानसभा चुनाव में जनता दल अवश्य कुछ प्रभावी रहा था। मगर वह भी तब जब उसने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। तीसरा मोर्चा के नाम पर राजस्थान में बसपा का अवश्य कुछ प्रभाव है। 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश में 6 सीटों पर जीत हासिल कर 4 प्रतिशत मत पाये थे। उस समय हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी पहली बार चुनाव मैदान में उतरी थी। उसे 3 सीटों पर जीत मिली थी तथा 2.4 प्रतिशत मत मिले थे।

अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) ने भी राजस्थान की अधिकांश सीटों पर चुनाव लड़ा था। मगर उसके किसी भी प्रत्याशी को एक हजार वोट भी नहीं मिल पाने के कारण एक प्रतिशत से भी कम वोट हासिल कर पाई थी। माकपा ने 2 सीटों पर, राष्ट्रीय लोक दल ने एक सीट पर व भारतीय ट्राईबल पार्टी ने 2 सीटों पर जीत हासिल की थी। मगर इन में से किसी भी पार्टी को 1 प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले थे।

आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस व भाजपा में मुकाबला होगा। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी भी इस बार चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने का दावा कर रही है। हाल ही में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त होने के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं का मनोबल बहुत बढ़ा हुआ है। गुजरात विधानसभा चुनाव में 12.92 प्रतिशत वोट व पांच विधानसभा सीटें जीतकर आम आदमी पार्टी ने गुजरात में कांग्रेस व भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। गुजरात विधानसभा चुनाव में आप ने कांग्रेस के वोट कटवा पार्टी की भूमिका निभा कर भाजपा को बड़ा लाभ पहुंचाया था। आप द्वारा वोट काटने के कारण ही कांग्रेस 77 सीटों से सिमटकर 17 पर आ गई तथा पार्टी के वोट प्रतिशत भी घटकर 27.28 प्रतिशत रह गए।

राजस्थान में भी आप गुजरात का खेल दोहराना चाहती है। गुजरात विधानसभा के चुनाव में तो आप पर आरोप भी लगे थे कि वह भाजपा से मिलकर कांग्रेस को कमजोर कर रही है। गुजरात में अपने कदम जमाने के बाद अब आम आदमी पार्टी राजस्थान की ओर रुख करने जा रही है। आम आदमी पार्टी ने यह तय कर लिया है कि अब उनका अगला लक्ष्य राजस्थान होगा। इसके लिए अगले साल जनवरी महीने से ही तैयारियां शुरू हो जाएंगी। जनवरी में आम आदमी पार्टी की टीमें राजस्थान आ जाएंगी।

गुजरात में 5 सीटें जीतने और राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनने के बाद आम आदमी पार्टी के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में अब आम आदमी पार्टी राजस्थान में अपने पैर जमाना चाहती है। गुजरात की तर्ज पर ही पूरे जोर-शोर के साथ आप पार्टी राजस्थान में भी चुनाव लड़ेगी। गुजरात की तर्ज पर राजस्थान में भी विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी राष्ट्रीय संगठन प्रभारी और आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक को दी गई है। वे ही राजस्थान में चुनाव की जिम्मेदारी संभालेंगे। आप के प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा पहले से ही राजस्थान में सक्रिय हैं।

आम आदमी पार्टी सूत्रों का कहना है कि जनवरी से पार्टी राजस्थान में सक्रियता के साथ अपना काम शुरू कर देगी। प्रारंभिक तौर पर सर्वे हो चुके हैं। जनवरी से आगे के सर्वे भी शुरू हो जाएंगे। इसके अलावा सदस्यता भी तेजी से बढ़ाई जाएगी। राजस्थान में भी दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी। दिल्ली और पंजाब की तरह विकास के मॉडल को आगे रखेगी। राजस्थान में आम आदमी पार्टी चेहरों की तलाश में है। ऐसे में जनवरी से पार्टी की वर्किंग इस ओर भी शुरू होगी।

आप पार्टी के सूत्रों का कहना है कि राजस्थान में कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों से जुड़े कुछ युवा नेताओं से वह संपर्क में है। साथ ही नए चेहरों को भी जोड़ने की तैयारी है। विनय मिश्रा के मुताबिक हमने राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के सर्वे करवाए हैं। इनमें राजस्थान के सर्वे बहुत अच्छे आए हैं। राजस्थान के लोग बदलाव चाहते हैं। एंटी इनकंबेंसी और दोनों पार्टियों में जो खींचतान है, उसको देखते हुए लग रहा है कि हम अच्छा कर सकते हैं। राजस्थान बदलाव चाह रहा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राजस्थान में 18 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा से कांग्रेस का मनोबल बहुत बढ़ा हुआ है। राहुल गांधी की मौजूदगी के चलते प्रदेश में कांग्रेस नेताओं की आपसी गुटबाजी पर भी लगाम लगा था। वही सांगठनिक रूप से भी पार्टी मजबूत हुई है। कांग्रेस के नए प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा पार्टी को सांगठनिक रूप से और अधिक मजबूत करने का प्लान तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने भी अपनी पदयात्रा के अंतिम दिन अलवर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व सचिन पायलट के साथ बंद कमरे में दो घंटे तक मीटिंग करें उन्हें आपसी गिले-शिकवे दूर करने की हिदायत दी है। अगले कुछ दिनों में राजस्थान कांग्रेस में मंत्रिमंडल व संगठन में जो बदलाव होना है वह पूरा हो जाएगा। उसके बाद पार्टी पूरी चुनावी माहौल में सक्रिय हो जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का अगला बजट भी पूरी तरह चुनावी होगा। जिसमें प्रदेश के आम मतदाताओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं व वादे किए जाएंगे।



-रमेश धोमरा

> कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राजस्थान में 18 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा से कांग्रेस का मनोबल बहुत बढ़ा हुआ है। राहुल गांधी की मौजूदगी के चलते प्रदेश में कांग्रेस नेताओं की आपसी गुटबाजी पर भी लगाम लगा था। वही सांगठनिक रूप से भी पार्टी मजबूत हुई है। कांग्रेस के नए प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा पार्टी को सांगठनिक रूप से और अधिक मजबूत करने का प्लान तैयार कर रहे हैं।

### खास बात

## सुबह-सुबह का चेहरा

**कुमार गौरव**

**सुबह**-सुबह उठते ही कुछ लोगों को अपने चेहरे पर सूजन दिखाई देती है। यह सूजन दो से तीन घंटे तक बनी रहती है जिसकी वजह से कई बार चेहरा भी खराब दिखता है। चेहरे पर सूजन आना शरीर के अंदर पल रहे किसी रोग का संकेत भी हो सकता है। कबीरधाम, छत्तीसगढ़ में जिला नोडल चिकित्सा अधिकारी डॉ शशांक शर्मा बताते हैं कि इस परेशानी की कई वजहें हो सकती हैं।

**किडनी की समस्या**

किडनी मनुष्य के शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालती है। यदि शरीर की गंदगी बाहर नहीं निकल पाती है तो ये टॉक्सिन शरीर में ही इक्ट्ठे हो जाते हैं और पूरी रात शरीर में ही रहते हैं। इन टॉक्सिन की वजह से ही सुबह 1 से 2 घंटे तक चेहरे पर भारी सूजन दिखाई दे सकती है।

**मीठा या नमकीन भोजन**

खान-पान लोगों के स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डालता है। यदि आप रात को खाने में ज्यादा मीठा या नमक का सेवन करते हैं तो आपके चेहरे के टिशू पानी को जमा कर लेते हैं जिसकी वजह से सुबह-सुबह चेहरा सूजा हुआ दिख सकता है।

**हार्मोनल चेंज एवं एनीमिया**

महिलाओं में पीरियड्स के दौरान शरीर में प्रोजेस्टेरोन हार्मोन बढ़ जाता है जिसकी वजह से पीएमएस के लक्षणों के साथ ही चेहरा फूला हुआ दिखाई देता है। पीरियड के दौरान ब्लोटिंग होने से भी चेहरे में सूजन हो सकती है। इसके अलावा चेहरे की सूजन का मेडिकल टर्म में एक बड़ा कारण एनीमिया भी माना गया है। एनिमिक लोगों को सुबह आंखों और आसपास के हिस्से में सूजन का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा दांतों की कोई दिक्कत, साइनस की समस्या भी चेहरे पर सूजन का कारण बन सकती है।

**क्या करें उपचार?**

पहले आ रही सूजन के सही कारण का पता लगाएं। किडनी का टेस्ट करा लें और पानी भरपूर मात्रा में पिएं। हीमोग्लोबिन टेस्ट भी करा लेना चाहिए जिससे कि यदि एनिमिया की दिक्कत होगी तो पकड़ में आ जाएगी। अपनी डाइट में फाइबर का सेवन करें। पपीता खाना भी बहुत फायदेमंद होता है।

## लंका दर्शन

### विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**हनुमान** सुरसा के पेट से निकल गये। सुरसा से कहा अब जाने दो। सुरसा ने कहा ओह देवता तुम्हारी बुद्धि और बल की परीक्षा लेने के लिये भेजा था। मुझे थाह मिल गया है तुम बुद्धिमान हो, बलवान हो, हर तरह से सिद्ध हो।। अतः मैं आर्शिवाद देती हूं कि निश् चय तुम यह काम करोगे। इस तरह हनुमानजी जब लंका के फाटक पर पहुंचे तो लंकिनी नामक निशाचिरी पहरा दे रही थी।वे सूक्ष्म रूप धारण कर प्रवेश करना चाहते थे लेकिन उसकी नजरों से बच नहीं सके। वह बोली ब्रम्हा ने मुझे यहां रखा है। मैं उनके आदेश से यहां हूं इसलिये मुझसे कोई यहां बच नहीं सकता है। हनुमानजी ने देखा कि यह मेरा काम बिगाड़ सकती है। हनुमान जी ने कसकर एक मुक्का मारा जिससे वह मरन्नासन हो गयी और मरते समय बोली कि मेरा सौभाग्य है कि मेरे अंदर प्रेम और ज्ञान पैदा हो गया। ब्रहा जी ने यही वरदान दिया था। मैं स्वर्ग की रहने वाली हूं।एक शापवश मैं निशाचिरी हो गयी और जब मैं प्रार्थना की थी कि प्रभु मेरा उद्धार कैसे होगा तब ब्रह्मा जी ने कहा था कि जब भगवान का भक्त आयेगा और तुमको मारेगा तब तुम्हारी मुक्ति हो जाएगी। आप आपके मार के बाद मुझे बहुत आंनद है। मैं मुक्त होकर अपने रूप में जा रही हूं। हनुमानजी लंका में प्रवेश कर चुके थे। उन्होंने सोचा कि रात में ही सबके घर जा-जाकर देखू। किस घर में कहां सीता जी को रखा होगा। वह धूमते हुए लंकापित रावण के महल में पहुंचे तो देखा वहां एक बहुत सुंदर नारी सो रही है। हनुमानजी थोड़ी के लिये भ्रम में पड़ गये कि शायद यही सीता माता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

### कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

### लेटर टू एडिटर

**मजबूत भारत की नींव**

महामारी के दौरान प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों के लिए भारत के लोगों को मुखर किया। बहुत से लोगों ने स्थानीय उत्पाद बनाए हैं। वहीं रक्षा मंत्री ने भारतीय कंपनियों को भी भारत में निर्मित रक्षा सामग्री खरीदने का आदेश दिया है। यह एक अच्छी शुरूआत है। आत्मनिर्भरता ही भारत की मजबूत नींव है। निःसन्देह हम अर्थव्यवस्था के 5 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। **- नरेंद्र हजारीबाग**

**सख्त हो जांच**

**कोरोना** महामारी के बाद ब्रिटेन अब नये संक्रमण से पीड़ित हुआ है। देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर काफी लोग संक्रमित पाए गए हैं। भले ही वे नये रूप से पीड़ित न हों पर सतर्कता की बहुत जरूरत है क्योंकि देश पहले ही हवाई यात्रियों के प्रति की गई गंभीर लापरवाही की सजा भुगत चुका है। अब तो विदेशों से आने वाले हर यात्री की जांच की जरूरत है।

**-अमृतलाल, हजारीबाग**

**कोरोना** व पावर कट की मार से परेशान झारखण्ड के कई लघु उद्यमी पीएसयू द्वारा लम्बे समय से बकाया भुगतान अटकाये रखे जाने का रोना रो रहे हैं।

जिनमें से कुछ ने मेरे सामने भी अपनी समस्या रखी है।

**– महेश पोद्दार, सांसद**

### आपके ट्वीट

**कोरोना** के बढ़ते हुए मामले चिंता का विषय है।हालांकि देश भर में तेजी से हो रहे टीकाकरण लोगों को बल प्रदान करती है, आप सतर्कता बरतें, जागरूक बनें।

**– बाबूलाल मंराडी**





**रख** रहे तीसरे वर्ष में कदम। जन सहयोग से फिर पूर्ण होगा सफर। होगी झारखण्डी सभ्यता, संस्कृति और परंपरा के साथ विकास। सर्वजन के साथ सुखद यात्रा फिर पूर्ण करेगी सरकार... आइये साथ चलें.. नये झारखण्ड की राह चलें... **हेमंत सोरेन**

# मुझे मत मारो मां, मैं आपकी ही बेटी हूं...



**रंजन चौधरी**

### सामयिक

**फिर** एक कलयुगी निर्दयी माँ ने बेटी के इस दर्द को अनसुना कर अपने ही कलेजे के टुकड़े को खेत में छोड़कर समाज को सोचने को किया मजबूर

एक तरफ जहां सरकार बेटियों को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने में जुटी है। वहीं दूसरी ओर हमारे समाज में आज भी मजबूरी, समाज, डर, बदनामी और इज्जत जैसे भारी-भरकम शब्दों के सामने किसी की ममता मर जाती है। अविवाहित युवतियां समाजिक कलंक, भेदभाव के डर से तथा कई बार विवाहित महिलाएं भी समाज में व्याप्त पुत्र की चाह में नवजात शिशुओं को यूं ही खुले आसमान के नीचे किसी स्थान पर या झाड़ियों, खेतों में छोड़कर चली जाती हैं ।

बीते रविवार को मानवता को शर्मसार करने वाली जो घटना हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखण्ड के मंगरपट्टा सामने आई उसे सुनकर किसी की भी छाती छलनी हो सकती है। हजारीबाग में पड़ रहें कड़ाके की ठंड के बीच खुले आसमां के नीचे, सुनी खेतों के किनारे एक मासूम नवजात शिशु (बच्ची) को छोड़कर कोई मां चली जाती है। जरा सोचे कि हम लोगों को इस कड़ाके की ठंड में बदन पर कपड़े रहने के बावजूद बेहद परेशानी होती है तो इस नवजात मासूम बच्ची का क्या कसूर था। उसने तो इसे मरने के लिए छोड़ दिया लेकिन ईश्वर की लीला अपरंपार है। कहते हैं ना कि जाको राखे साइयां, मार सके ना कोई..। यह कहावत इस मासूम बेटी की जिंदगी में सटीक बैठा। इसे फेंकने वाला ना इसका पिता हो सकता है और ना ही इसकी मां, वह तो सिर्फ और सिर्फ एक अपराधी ही हो सकता है। जिसने अपनी औलाद को ऐसे मरने के लिए इस कड़ाके की ठंड में सुनी खेतों के किनारे फेंक दिया। लेकिन ईश्वर ने इसकी जिंदगी बख्श दी ।

कयास लगाया जा रहा है किसी कलयुगी निर्दयी माँ ने अपना कुकृत्य छुपाने के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को यहां मरने के लिए फेक दिया। लेकिन यहां खेलने के क्रम में एक बच्चे ने नवजात की रोने की आवाज सुनी और वह उसे देखने दौड़ा। उसने खेत में काम कर रही अपनी मां को ये बात जैसे ही बताई उसकी मां ने इस नवजात बच्ची को खेत से उठाकर अपने घर ले आई और ममता की छांव तले इसे पनाह दी। स्थानीय मुखिया को जब इस बात की सूचना हुई तो उन्होंने भी मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदना दिखाते हुए तत्काल नवजात के कपड़े और स्वेटर लेकर उससे मिलने पहुंची। बच्ची के सर पर चोट भी आई है। बच्ची को उठाकर सुरक्षित लाने वाली मां के पहले से दो बच्चे हैं और उनकी एक बेटी भी थी जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। उसने इच्छा जाहिर की है कि मैं इस नवजात बच्ची को गोद लेकर उसका लालन-पालन कर उसे अपनी बेटी की तरह रखूंगी।

लेकिन प्रशासन फिलहाल बच्ची का इलाज करवा रही है और प्रशासनिक तरीके से ही इस बच्ची को सौंपेगी ।

इस मां ने अपने सत्कृत्य से समाज में मानवता का मिसाल पेश किया है । शहर के बड़ा अखाड़ा में अनाथ बच्चों के लिये शायद पालना घर की शुरूआत की गयी है। समाज में बगैर औलाद के लोगों की भी कोई कमी नहीं है। लोगों को इस संबंध में जागरूक होना होगा। लेकिन मैं स्थानीय जिला प्रशासन से आग्रह करता हूँ की इस तरह के अनचाहे नवजात शिशु अगर मिलें तो इसके लिये सदर अस्पताल परिसर में ही एक शिशु पालना गृह की शुरूआत करायें ताकि उनकी जिंदगी को सरकारी स्तर से संवारा जा सकें ।

**(मीडिया प्रतिनिधि, विधायक हजारीबाग सदर)**

# नेपाल की राजनीति में एक बड़ा बदलाव

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

### सामयिक

**लगभग** हजार साल पहले राजा भर्तृहरि ने राजनीति के बारे में जो श्लोक लिखा था, नेपाल की राजनीति ने उसकी सच्चाई उजागर कर दी है। उस श्लोक में कहा गया था- वारांगनेव नृपनीत्रिनेकरूपाः अर्थात राजनीति वेश्याओं की तरह अनेकरूपा होती है यानी वह मौके-मौके पर अपना रूप बदल लेती है। नेपाल में कल तक पुष्पकमल दहल प्रचंड और शेरबहादुर देउबा मिलकर सरकार बना रहे थे लेकिन अब प्रचंड और केपी ओली आपस में अचानक मिल गए और अब अपनी सरकार बना ली है।

ये तीनों बड़े नेता तीन पार्टियों के संचालक हैं। पहली नेपाली कांग्रेस है और शेष दो कम्युनिस्ट पार्टियाँ हैं। ये तीन पार्टियाँ एक-दूसरे की भयंकर विरोधी रही हैं।

इनके कार्यकताओं ने एक-दूसरे की हत्याएं भी की हैं और इन्होंने एक-दूसरे से मिलकर सरकारें भी बनाई हैं और अनबन होने पर बीच में ही वे सरकारें गिरती भी रही हैं। यानी कुर्सी ही ब्रह्म है, सिद्धांत और नीति मिथ्या हैं।

अब प्रचंड प्रधानमंत्री बने रहेंगे, पहले ढाई साल तक और शेष ढाई साल केपी ओली बनेंगे। यदि प्रचंड को देउबा अपने से पहले प्रधानमंत्री बनने देते तो वे दोबारा प्रधानमंत्री बन सकते थे लेकिन पिछले चुनाव में उनकी नेपाली कांग्रेस को 89 सीटें मिलीं और प्रचंड की पार्टी को सिर्फ 32 सीटें। नेपाली कांग्रेस प्रचंड की पार्टी को संसद का सिर्फ अध्यक्ष पद देना चाहती थी लेकिन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पद खुद के पास रखना चाहती थी। इसीलिए प्रचंड ने आनन-फानन अपने प्रतिद्वंदी कॉमरेड ओली को पटाया और उनकी पार्टी के 78 सदस्यों तथा अन्य पार्टियों के सदस्यों को जोड़कर 168 सदस्यों का गठबंधन खड़ा कर लिया। 275 सदस्यों की संसद में इस गठबंधन का स्पष्ट बहुमत हो गया।

अब सवाल यही है कि यह सरकार चलेगी कब तक? नेपाल में सरकारों का कार्यकाल इधर जितना छोटा होता गया है, शायद उतना किसी भी देश में नहीं रहा है। यह सरकार भी कैसे चलेगी? प्रधानमंत्री प्रचंड के 32 सदस्य हैं और ओली के 78 सदस्य! ओली जब चाहेंगे, प्रचंड की कुर्सी खींच लेंगे या उन्हें अपने चिमटे से दबाए रखेंगे।

कोई आश्चर्य नहीं कि कुछ माह में ही हम काठमांडो में नए गठबंधन को उभरते हुए देख लें।

जो भी हो, प्रचंड और ओली के गठबंधन से यदि सबसे ज्यादा खुशी किसी को होगी तो वह चीन को होगी। दोनों ही चीन के समर्थक हैं। ओली ने तो तीन भारतीय क्षेत्रों को अपने नए नक्शे में नेपाली बता दिया था।

यह सीमा-विवाद तो तूल पकड़ ही सकता है, 1950 की भारत-नेपाल संधि भी एक विवादग्रस्त मुद्दा है। दोनों नेता जब एक दशक तक सत्ता-विरोधी हिंसक संघर्ष में जुटे हुए थे, तब उन्होंने भारत पर भी जमकर वार किए थे। अब दोनों एक होकर, देखिए क्या करते हैं? लेकिन भारत को अपने राष्ट्रहितों की रक्षा के लिए अभी विशेष सतर्क रहना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और जाने-माने स्तंभकार हैं।)


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 94313-55233

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## एमभी एस वेस्ट का बैठक किया गया

**चरही।** चूरचु प्रखंड के ग्राम पंचायत चरही स्थित मनोकामना कॉम्प्लेक्स में बुधवार को सपोर्ट कार्यालय में जल जीवन मिशन के तहत एमभी एस वेस्ट का बैठक किया गया।इस बैठक में के समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।जिसमें हर घर को नल जल योजना के तहत अधिक से अधिक ग्रामीणों को जोड़ने का निर्णय लिया गया।आगे कहा कि हर घर को जल नल के तहत पानी दिया जाएगा। इसके लिए बैठक किया गया। मुख्य रूप से मुखिया संघ के अध्यक्ष देवकी महतो, मो. उस्मान, इंद्रा मुखिया राधिका देवी,हेंदेगढा मुखिया गिरजा कुमारी,चनारो मुखिया ब्रजबिहार महतो, जल सहिया गुलाबी देवी, वीणा देवी, पाचो देवी, कुसुम देवी, मंजू देवी, आनिता टुडू, सुजिता देवी, सपोर्ट संस्था की ओर से सहजादा उस्मान, खालिक, राहुल कुजूर,प्रवचन कुमार सहित 14 जल सहिया उपस्थित थे।

## पंचतत्व में विलीन हुए नेवी में कार्यरत मुकेश कुमार वर्मा

**बिष्णुगढ़।** नेवी के जवान मुकेश कुमार वर्मा के असामयिक निधन के बाद नेवी के जवानों ने मुकेश के सव को बुधवार को ग्रामीणों को सौंपा परिजनों ने बताया की मुकेश का निधन पेट के किडनी में इन्फेक्शन होने और लंबे समय के इलाज के बाद हो गई है। उनकी मृत्यु लखनऊ के अस्पताल में हुई। उनका पार्थिव मंगल वार रात्रि लखनऊ से अपने पैतृक निवास बिष्णुगढ़ लाया गया था नेवी की टीम द्वारा पार्थिव शरीर का दाह संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया नेवी से आए बटालियनओ ने पहले परेड किया गया उसके बाद हवाई फायरिंग की और सलामी दी गई।

## पूर्व विधायक द्वारा सीएम को लिखा गया पत्र

**रामगढ़।** पूर्व विधायक शंकर चौधरी द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा गया है। पत्र में पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकमनाएं दी है। साथ ही बताया है कि पिछले 10 वर्ष से मैं किसी राजनीतिक दल में नही हूं। पत्र में कहा है कि झारखंड के बने 22 वर्ष हो चुके हैं। इस दौरान राज्य के लोगों को क्या मिला इसका आकलन करके देखने की आवश्यकता है। कहा कि पहले लोग अंग्रेजों के गुलाम थे और अब आईएस और आईपीएस के गुलाम हैं। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से जानना चाहा है कि सभी पूर्व विधायक जनप्रतिनिधि की श्रेणी में आते हैं कि नही। यदि आते हैं तो उपायुक्त आखिर क्यों जनप्रतिनिधि के पत्रों और आरटीआई का जवाब नही देती हैं। पत्र में कहा कि मुख्यमंत्री ने ईडी के समक्ष ठीक ही कहा था कि हर बात के लिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार नही होता। जिले में डीसी और एसपी होते हैं। पूर्व विधायक द्वारा पत्र में लिखा गया है कि रामगढ़ उपायुक्त द्वारा मनमाने रूप से कार्य किया जा रहा है। पत्र में लिखा कि समाहरणालय के निकट डीएमएफटी फंड से एक पार्क बन रहा है। जिसकी लागत 7 करोड़ 50 लाख है। बताया कि आश्चर्य की बात है कि इसे बिना टेंडर के जिला के बाहर के उपायुक्त के पसंद के ठेकेदार को कार्य दे दिया गया। पूर्व विधायक ने बताया कि कार्य मिलने के 5 दिन के अंदन ठेकेदार को 3 करोड़ 50 लाख की राशि अग्रिम दे दी गई।

## पार्क के संबंध में मांगी गई जानकारी

**रामगढ़।** पूर्व विधायक शंकर चौधरी द्वारा उपायुक्त को पत्र लिखा गया है। पत्र में उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगी है। पत्र में उन्होंने समाहरणालय के निकट बन रहे पार्क के डीएमएफटी न्यास से स्वीकृति की तारिख मांगी है। साथ ही पूर्व विधायक ने जानना चाहा है कि उक्त बैठक में और किन योजनाओं को स्वीकृति मिली। साथ ही पार्क के लिए स्वीकृत राशि भी बताने की मांग पूर्व विधायक ने पत्र में ही है। पत्र में यह भी जानकारी मांगी गई है कि उक्त टेंडर के लिए कितने संवेदकों ने फॉर्म खरीदा उसका ब्यौरा दिया जाए। साथ ही पत्र में पूर्व विधायक ने पूछा है कि पार्क निर्माण के लिए किस विभाग को जिम्मेवारी मिली है।

### विधायक उमाशंकर अकेला ने ऑटो एनालाइजर मशीन का किया उद्घाटन

# अनुमंडलीय अस्पताल में होगी लीवर फंक्शन की जांच : डॉ ज्ञानी

खबर मन्त्र संवाददाता



एनलाइजर मशीन का उद्घाटन करते विधायक, डॉ ज्ञानी व अन्य

**बरही।** विधायक उमाशंकर अकेला ने अनुमंडलीय अस्पताल बरही में ऑटो एनालाइजर जांच लैब मशीन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने विधायक को बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील है। जिसके तहत जनकल्याणकारी महत्व की देखते हुए उन्होंने लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि हमारी सरकार जनता की समस्याओं का समाधान व उन्हें हर सविधा मुहैया कराने के लिए संवेदनशील है। डीएस डॉ प्रकाश ने बताया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में एलएफटी से सम्बंधित विभिन्न जांच की जाएगी, जो बहुत ही कम लागत में होगा। साथ ही उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों को सभी जांच निःशुल्क किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एलएफटी टेस्ट (लिवर फंक्शन टेस्ट) जिसका मार्केट रेट 800 रुपये है, वह मात्र 250 रुपया में किया जाएगा। केएफटी (किडनी फंक्शन टेस्ट) टेस्ट 150 रुपया में जिसका मार्केट शुल्क 800 है। वही लिपिड प्रोफाइल 200 रुपए में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी टेस्ट ऑटो एनिलाइजर मशीन द्वारा किया जायेगा। साथ ही शुगर की जांच 10 रुपए में होगा। जिसका बाजार मूल्य 400 रुपया है। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस नेता कुणाल कतारियार, कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव मोहम्मद रुस्तम, 20 सूत्री सदस्य मीणा देवी, सिकंदर राणा, रघुवीर यादव, सुशील केशरी, प्रमोद सिह, वीरेंद्र यादव, पंसस मो तैयब अंसारी, वारिस अंसारी, मिथिलेश उपाध्याय, सतीश निषाद, दंत चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार, प्रधान लिपिक पंकज आजाद, बीपीएम नारायण राम, प्रह्लाद कुमार, सुधांशु कुमार, महादेव कुमार, नरेश प्रजापति सहित अन्य अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

## मूलभूत सुविधाओ से वंचित है बड़कागांव प्रखंड का पननवाटांड गांव



जानकारी देती विधायक अम्बा प्रसाद

### आजादी के 75 साल बाद भी गांव में नहीं पहुंची है बिजली

सदानंद शर्मा

**हजारीबाग।** जिला मुख्यालय से लगभग 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पननवाटांड गांव जो कि बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत आता है आज आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी बिजली सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इस गांव में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है परंतु इस गांव से होकर गुजरने वाली एनटीपीसी की कन्वेयर बेल्ट जिससे कोयले की धुलाई होती है उसमें 24 घंटे बिजली का सप्लाई होता है एवं बॉल भी जलते हैं जिसे ग्रामवासी दूर से देखकर ही खुश हो लेते हैं। बिजली ना रहने से इन्हें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और उसी में एक सबसे बड़ी समस्या हाथियों द्वारा बार-बार इनके गांव पर हमला करना भी है जिससे बचने के लिए यह लोग गांव के ही सरकारी स्कूल के छत पर शरण लिए रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली ना होने के कारण गांव में रात में कोई गाड़ी भी नहीं आती है जिससे डिलीवरी पेशेंट या किसी बीमार व्यक्ति को ले जाने लाने में बहुत ही दिक्कत होता है। जब इस विषय में हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय से बात की गयी तो उन्होंने बताया की क्योंकि फॉरेस्ट के क्लीयरेंस का मामला है एनओसी की जरूरत पड़ती है इस मामले में वह देखती हैं क्या कर सकती हैं और जल्दी उस गांव तक बिजली पहुंचाने की हर संभव कोशिश की जाएगी। वहीं इस मामले पर विधायक अंबा प्रसाद ने बीजेपी पर ठीकरा फोड़ते हुए कहा कि लंबे समय तक तो बीजेपी की सरकार रही है परंतु जब से वह आई हैं, वहां बिजली पहुंचाने के लिए काम कर रही हैं। परंतु बिजली विभाग का बहुत लंबा प्रोसेस होता है। फिर भी उनके प्रयास से वहां पोल और तार गिर चुके हैं और जल्दी एक दो महीने में बिजली भी वहां पहुंच जाएगी।

## भारत जोड़ो पैदल यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बनी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** धनबाद रोड स्थित एनएच डाक बंगला में प्रखंड कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी सदस्यों की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी एवं संचालन उपाध्यक्ष यमुना यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित रहे। बैठक में बरही प्रखंड के कोर कमिटी के सभी सदस्य, प्रखंड के तीनो मंडल के अध्यक्ष, प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष, सचिव एवं सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 20 जनवरी को होने वाले कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो पैदल यात्रा को लेकर चर्चा एवं रणनीति बनाया गया। जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की यात्रा में सभी पंचायत के सभी बूथों से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता गण शामिल हो, जिसके तहत प्रखंड के सभी पंचायतों में कार्यक्रम को लेकर पंचायत प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसमे गोरियाकरमा में देवचंद यादव



भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के बैठक में मौजूद कांग्रेस कमिटी सदस्य

केदारूत में मो तौकीर रजा, खोड़ाहार में यमुना यादव, करसों में सुनील साहू, बरही पश्चिमी में कुणाल कतरियार, रसोईया धमना में सुरेश शर्मा, बेंदगी पंचायत में मुकेश निषाद, बरही पूर्वी में अशोक सिंह, कोनरा में छट्ठू गोप, पंचमाधव में मो ताजउदीन उर्फ लल्लू मुखिया, धनवार में मो वारिस, करियातपुर में श्याम सुंदर यादव, दुलमहा में दशरथ यादव, बारसोत में मनोज रविदास, रानीचुआ में राकेश रजक, विजैया में महेश प्रसाद, मलकोको में मनोज मंडल, डपोक में देवलाल कुशवाहा, भंडारों में रामानंद यादव, कोल्हुआकला पंचायत में सुनील पांडेय को पंचायत का कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। वही निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम से पूर्व सभी मंडल कमिटी एवं पंचायत कमिटी का बैठक होगा, मंडल कमिटी को जल्द विस्तार करने की बात कही गई। मौके पर डॉक्टर निजामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद वारिस अंसारी, रघुवीर यादव, इकबाल रजा, सुनील कुमार साहू, यमुना प्रसाद यादव, मनोज कुमार, महेश प्रसाद, मुकेश निषाद, सिकंदर राणा, देवचंद यादव, अशोक कुमार सिंह, मोहन प्रजापति, सुरेश कुमार शर्मा, दशरथ यादव, तिलक भुइयां, देव लाल कुशवाहा, हरी प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद यादव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

## दुबई जेल में बंद है बिष्णुगढ के मजदूर, सरकार से लगायी मदद की गुहार

### कंस्ट्रक्शन लाइन में काम करता था प्रकाश, घर आने के क्रम में मिली जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**विष्णुगढ़।** रोजगार की तलाश में गए झारखंड के प्रवासी मजदूर को मिली हवालात। मामला थाना क्षेत्र अंतर्गत खरकट्टो गांव का है। प्रकाश साव पिछले 16 दिसंबर 2022 से दुबई में जेल में बंद हैं। मामले में परिजनों ने सरकार से गुहार लगाई है। बताते चले कि खरकट्टो निवासी किसुन साव के 20वर्षीय पुत्र प्रकाश साव दुबई में पिछले 16 दिसंबर 2022 की शाम को जब काम करके लौट रहा था। तभी उनकी बात परिवार के लोगों से हुई थी और परिवार को जानकारी दी कि मुझे यहां पुलिस ने पकड़ लिया हैं और मैं जेल में हूँ। तब से उनका मोबाइल बंद है। इसे लेकर परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

पत्नी बसंती देवी ने कहा कि प्रकाश साव पिछले एक वर्ष पूर्व रोजी रोटी की तलाश में दुबई गये



प्रकाश साव ( फाइल फोटो)

थे।जहां पर बिल्डिंग बनानेवाली कंपनी में कार्य करता था। वह घर का एकलौता कमानेवाला होने के कारण माता पिता,पत्नी बसंती देवी व ढाई वर्षीय मासूम बच्ची परी कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई हैं।वहीं प्रवासी हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने प्रकाश साव के घर खरकट्टो पहुंचकर पूरी जानकारी ली और इस घटना लेकर उन्होंन कहा कि पहला मौका नहीं है जब दलालों के चक्कर में पड़ कर गरीब तबके के लोग विदेशों में फंस जाते हैं और पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं। पिछले माह ताजिकिस्तान में फंसे झारखंड के 44 मजदूर व दुबई जेल बंद बिष्णुगढ़ के मडमों के प्रवासी मजदूर विनोद महतो की वापसी हुई हैं। ऐसी घटनाओं का रोक लगाने के लिए ऐसे में सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत हैं।

## मुख्यालय तक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करें : रोशनलाल चौधरी

### एजेकेएसएस केंद्रीय समिति की बैठक तोपा आफिसर्स क्लब में संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** परियोजना से लेकर सीसीएल मुख्यालय तक हमारा संगठन मजबूत है। सीसीएल के सभी कमेटी में हमारे यूनियन का प्रतिनिधित्व भी मिल रहा है। ऐसे में अब जरूरत है बस कोयला कामगारों की समस्यायों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने की। इसके लिए हमारे यूनियन के क्षेत्रीय स्तर के नेताओं को आगे आने की जरूरत है। उक्त बातें अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ केंद्रीय अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी ने बुधवार को तोपा में कहीं। श्री चौधरी स्थानीय ऑफीसर्स क्लब में आयोजित एजेकेएसएस केंद्रीय समिति की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि 11 वां वेतन समझौता ऐतिहासिक एवं मजदूरों के हक में हुआ है। इसके लिए जेबीसीसीआई के शीर्ष नेतागण बधाई के पात्र हैं। कोयला मजदूरों के हक हकूक के लिए हमारी यूनियन के द्वारा जो भी आंदोलन की रूपरेखा व कार्यक्रम तय होगा, जहां कहीं भी हमारी जरूरत होगी,हम वहां उपस्थित रहेंगे।



केंद्रीय अध्यक्ष को बूके देकर स्वागत करते क्षेत्रीय सचिव

कोयला कामगारों की अनदेखी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं यूनियन के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि सीसीएल प्रबंधन मजदूरों के हक अधिकार देने में आनाकानी कर रही है। वर्तमान समय में कोयला कामगारों की कई ज्वलंत मुद्दों को लेकर सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची के समक्ष जोरदार आंदोलन करने की जरूरत है। स्थानीय मुद्दों को लेकर सभी क्षेत्र के अध्यक्ष /सचिव आगामी 13 जनवरी को एजेंडा देने के लिए हेड क्वार्टर जाएंगे। साथ हीं आगामी 8 फरवरी 23 को सीसीएल मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने उक्त धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में सभी क्षेत्र से भारी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। श्री सिन्हा ने बैठक में मौजूद यूनियन के विभिन्न क्षेत्रों से आए अध्यक्ष, सचिव से इसके लिए मंतव्य मांगा। बैठक में मौजूद हजारीबाग, बरका सयाल, अरगड्डा, ढोरी, कुजू, मुख्यालय, नईसराय आदि क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र के संगठन, सदस्यता अभियान तथा क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार पूर्वक रखा। इसके पूर्व यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी का स्वागत कुजू क्षेत्रीय सचिव राम भजन लाल महतो व व महासचिव सतीश सिन्हा का स्वागत क्षेत्रीय अध्यक्ष सहदेव मांझी द्वारा बुके देकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष रोशनलाल चौधरी व संचालन राम भजन लाल महतो ने किया। मौके पर सीसीएल मुख्यालय यूनियन कमेटी के नानू सिंह, संतोष सिन्हा, बरका सयाल क्षेत्र से संजय मिश्रा,इंद्रदेव राम,शंकर प्रसाद, अजीत कुमार, अरगड्डा क्षेत्र से रामजी सिंह, कलीम शहजाद, कुजू क्षेत्र से सहदेव मांझी, तेजनाथ महतो,शशि कुमार, दुबराज महतो,हजारीबाग क्षेत्र से मदन महतो, किशुन महतो, अजय राम, प्रमोद कुमार, राजकुमार साव, नईसराय यूनिट से आफताब आलम, भीम रवानी के अलावे नरेश महतो, रणधीर सिंह, प्रकाश गंझू, शाहबुद्दीन रिजवी, ज्ञानी महतो, महावीर पटेल, विजय कुमार, नरेश महतो सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## उपायुक्त ने किया सिद्धू कान्हू स्टेडियम का निरीक्षण

**रामगढ़।** आगामी गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बुधवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ बाजारटांड स्थित सिद्धू कान्हू स्टेडियम का निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सिद्धू कान्हू स्टेडियम में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने स्टेडियम में पार्किंग व्यवस्था, परेड, मीडिया गैलरी, झांकियों के आयोजन सहित अन्य के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने जमीन समतलीकरण व गणतंत्र दिवस के दिन यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सार्जेंट मेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

एक नजर में

## दिल्ली राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल होने गये प्रमुख

**टाटीझरिया।** पंचायती राज द्वारा राष्ट्रीय कार्यशाला, नई दिल्ली के डा भीम राव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में पांच और छः जनवरी को आयोजित है। जिसमें प्रोजेक्ट ड्राईवेन बिपिडिपी/डिपिडिपी तैयार करने के लिए बताया जाना है। उक्त कार्यशाला में झारखंड राज्य से कुल 28 अधिकारी और जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। इनमें टाटीझरिया के प्रमुख संतोष मंडल भी हैं,जो बुधवार को दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पंचायती राज के विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी,योजना बनाने की जानकारी,पंजी के रख रखाव की जानकारी तथा किस प्रकार से पारदर्शिता के साथ हमें एक जनप्रतिनिधि के रूप में काम करना है,इसकी पूरी जानकारी उक्त कार्यशाला में दी जानी है। कार्यशाला में चार जिला परिषद के अध्यक्ष,देवघर,रांची,पलामू और कोडरमा,चार डीडीसी - धनबाद,बोकारो, चतरा और गढ़वा, आठ प्रमुख - टाटीझरिया, रंका, गांडेय, खुंटपानी, राजनगर, ओरमांझी,गुमला और रनिया, आठ बीडीओ - झिंकपानी,बरही, ईचागढ़,ओरमांझी,केतार,जमुआ,बसिया और रनिया के अलावे प्राचार्य केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान हेहल, डीपीएम देवघर,प्रदान के सलाहकार और एक योजना एक्सपर्ट शामिल हैं। ये सभी बुधवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हुए और वहां से 7 जनवरी को वापस आयेंगे।

## ग्रामीणों की जगी आस, हरली में निर्मित अस्पताल भवन की झाड़ियों की हुई सफाई

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के हरली में वर्षो पूर्व निर्मित स्वास्थ्य भवन में बड़ी बड़ी झाड़ियां निकल आई थी जिसकी सफाई बुधवार को हरली मुखिया फरजाना खातून के द्वारा कराया गया।अस्पताल भवन की सफाई होने से प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण अब काफी खुश नजर आ रहे है अब उन्हें इस बात की उम्मीद हो रही है कि इस भवन में स्वास्थ्य केंद्र शुरू हो जाएगा जिनसे उन्हें और पूरे प्रखंड की जनता स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल पायेगा। प्रशिक्षु आईएएस सताब्दी मजूमदार की सक्रियता के बाद स्वास्थ्य विभाग की अधिकारियों की चिरनिंद्रा टूटती नजर आ रही है। यह भवन वर्ष 2014 में बनकर तैयार हुआ था तब से भवन के मुख्य गेट में ताला लटका हुआ था और अंदर दस फीट से भी बड़ी बड़ी झाड़ियां निकल आयी थी जिसे जेसीबी लगाकर साफ करवाया गया।स्वास्थ्य भवन शुरू करने के बारे में सिविल सर्जन ने एस के सिंह ने भी बताया कि फरवरी महीने तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शुरू कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के कर्मी हालांकि यह भी चर्चा करते नजर आ रहे है कि हरली पंचायत के पेटो में वर्षो पहले से स्वास्थ्य उपकेंद्र चल रहा है फिर इसी पंचायत में दूसरा स्वास्थ्य केंद्र किस आधार पर प्रारंभ होगा यह शंका उनके मन में चल रहा है।

## दारू प्रखंड के दो पैक्स हुए ब्लैकलिस्ट, किसान हुए परेशान

**दारू।** प्रखंड के किसान अपनी धान की फसल की बिक्री को लेकर काफी परेशान है। प्रखंड में तीन पैक्स है जिनमे दारू खैरिका, रामदेव खैरिका के कवालु पैक्स ब्लैकलिस्ट हो चुके है जबकि तीसरे महेशरा पैक्स को किसानों से धान खरीदगी को लेकर स्वीकृति नही मिली है। इनमें से दारू खैरिका पैक्स वर्षो पहले ब्लैकलिस्ट हो चुकी है जबकि रामदेव खैरिका पैक्स के संचालक पर पिछले वर्ष की धान खरीदगी में तीस लाख का गबन का आरोप है जिसके कारण इस पैक्स को भी ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। महेशरा पैक्स के संचालक द्वारा धान की खरीदगी की स्वीकृति के लिए प्रयास किये जा रहे है। इस बीच अपनी फसलों को काट चुके किसान काफी परेशान है पैक्स में उनसे धान नही लिया जा रहा है जबकि बाहर धान को बेचने पर मात्र 13 से 14 रुपैये किलो ब्यापारी धान की खरीदारी कर रहे है। यहां के कुछ किसानों के मोबाइल में मेसेज आ रहा है कि इचाक प्रखंड के खैरा पैक्स में धान जमा कर दे। किसानों का कहना है कि प्रखंड के दिग्वार पंचायत से खैरा की दूरी 25 से 30 किलोमीटर है जितना धान की कीमत मिलेगी उसमें काफी पैसा किराया में खर्च हो जाएगा ऐसे में उन्हें समझ नही आ रहा है कि धान का क्या करे। किसानों के पास धान को रखने की जगह नही है जिस कारण धान खराब हो रहे है सड़ रहे है। पैक्स से जुड़े लोगों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व जिले की उपायुक्त के साथ उनकी बैठक हुई थी जिसमे निर्देश दिया गया कि जिन किसानों ने सुखाड़ योजना के तहत फॉर्म भरे है उनसे धान नही लिया जाय ऐसे निर्देश के बाद भी पैक्स से जुड़े लोग असमंजस में है कि वे क्या करे यदि वह ऐसे किसानों से धान लेते है तो उनपर करवाई कर दी जाती है।

## चरही के किसानों ने लाह की खेती कर कमाये लाखों

**चरही।** चरही किसान परियोजना के तहत सपोर्ट संस्था चुरचू नारी ऊर्जा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी,सिनी,टाटा ट्रस्ट,जोहार जेएसएलपीएस एवम नवार्ड के सहयोग से चुरचू और डाडी प्रखंड में 1130 परिवार के लोगों ने कुसमी और रंगीनी लाह की खेती कर रहे हैं।किसानों ने लाह की खेती से 40 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक कि कमाई कर रहे हैं।क्षेत्र के किसानों के लिए लाह की खेती आजिविका का साधन है। दोनों प्रखंड के कजरी,सडवाहा, भुरकुंडा, लोठे, चनारो, पिपरा, चीचीकला, चीची खुर्द, बाली, बोदरा, पोटमो, गोंदवार, चैनपुर, हेसालांग, कनकी, कुरकुटटा, बसरिया यादि गांवों में व्यापक पैमाने पर लाख की खेती की जा रही है।कजरी गावं में लाह प्रोसेसिंग यूनिट एवं चूड़ी बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए 10 उद्यमी किसानों को तैयार किया गया है। इनका कार्य है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण विहिन लाह को उपलब्ध कराने का कार्य दिया गया है।दोनों प्रखंडों में लाह की गतिविधियों को देखते हुए टाटा ट्रस्ट और नवार्ड के सहयोग से सहयोग से सपोर्ट संस्था के द्वारा 2 सौ एकड़ भूमि पर सेमियालता में लाह खेती परियोजना चलाया जा रहा है।इस कार्य से दोनों प्रखंड के महिला किसानों के लिए वरदान साबित हुआ है।दोनों प्रखंड का लाह दूसरे राज्यों में सीएनयूएफपीसीएल के माध्यम से खरीद-बिक्री की जा रही है।तथा लाह से बनी सामग्रियों की बिक्री रांची, पटना, दिल्ली सहित पूरे भारत में की जा रही है।इससे दोनों प्रखंड के किसानों में काफी उत्साह है।

## अवैध कारोबार पर अंकुश लगायेगी पुलिस : दुर्गा शंकर मंडल



जानकारी देते भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी पुलिस अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान में जुटी है। इसकी कड़ी में अवैध शराब विक्री के गुप्त सूचना मिलने पर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल के नेतृत्व सशस्त्र बल ने बुधवार को भदानीनगर ओपी क्षेत्र के चैनगड्डा नीचे टोला में रोमी किराने दुकान में छापामरी की। जिसमें अवैध रूप से बिक रही अंग्रेजी शराब के 375 एमएल की 16 बोतल व 180 एमएल का 6 बोतल पुलिस ने जब्त किया। साथ ही पुलिस ने दुकान संचालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार चैनगड्डा नीचे टोला में देवानंद टोप्पो पिता स्व.बलराम टोप्पो अपनी रोमी किराना दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री किया करता था। सूचना के बाद भदानीनगर पुलिस ने दुकान में छापेमारी की। जहां से अंग्रेजी शराब की कुल 22 बोतल बरामद की। जिसे जब्त कर थाने ले आई।

## स्पीड न्यूज

### कैरो में भारत जोड़ो यात्रा शुरू



**कैरो।** हनहट में बुधवार को कांग्रेस ने भारत जोड़ो अभियान का शुभारंभ किया। हिनहट निवाशी शहीद विनोद उरांव के स्मारक में माल्यार्पण कर केंद्र सरकार महंगाई कम करो आदि जैसे स्लोगन के साथ पूरा गांव में रैली निकाली गई । जिसके बाद स्वतंत्रता सेनानी नारू टाना भगत के प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। विधायक प्रतिनिधि निशित जायसवाल ने कहा कि आज केंद्र सरकार की गलत नीति के कारण पूरा देश महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, आपसी वैमनस्य की स्थिति में जीने को विवश है, जबतक केंद्र में सरकार परिवर्तन नही होता तबतक देशवासियों को राहत का सांस लेना मुश्किल है। मौके पर हाजी शकील, कुडू 20 सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी, कैरो 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद, इंतखाब आलम, विजय कुमार एक्का, प्रवीण पांडेय,मोजहिर अंसारी, नाजिम आलम, फुलमनी उरांव, प्रतिमा देवी सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हिंडालको ने जूट का थैला बांटा




लोहरदगा। प्लास्टिक हटाओ दुनिया बचाओ थीम के तहत हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभाग लोहरदगा के तत्वावधान में बगडू जामुन टोली में आम जनों के बीच जूट के बैग का वितरण किया गया। इस मौके पर हिंडालको महाप्रबंधक राजेश रंजन अम्बष्ठा ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान में शामिल होकर प्लास्टिक के बजाय कपड़े एवं जूट के थैले का प्रयोग दैनिक दिनचर्या में करें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सीएसआर विभाग के वरीय अधिकारी भास्कर सिन्हा ,पर्यावरण विभाग के सहायक प्रबंधक अभिलाषा सिंह ने प्लास्टिक से होने वाले बीमारियों की चर्चा की और इसके दूसरे विकल्प कपड़े व जूट के बने थैले के प्रयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम में बगडू मानव संसाधन विकास विभाग के मनोज पांडे, रेशमा बेक, सुरेंद्र मंडल, नंदलाल उरांव, सुषमा टोप्पो, जितेंद्र उरांव आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के बाद हत्या में तीन गिरफ्तार

**कैरो।** बाघी गांव में अधेड़ महिला जीती उरांव के साथ सामुहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में कैरो थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल तीन लोगो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त को है। गिरफ्तार तीनों युवक सूरज मिंज पिता जलसई मिंज, बल्केश्वर उरांव पिता मंगरा उरांव व रोबिन उरांव पिता सोमरा उरांव तीनों बाघी निवासी को कांड संख्या 2/23 धारा 376डि /302,201/34 भादवी के तहत जेल भेज दिया गया।हालांकि इस घटना में और कितने लोग शामिल थे और पूरी घटना क्या है इसकी जानकारी पुलिस द्वारा अभी तक पुष्टि नही की गई है।

### जिला आजसू पार्टी की बैठक संपन्न

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के विधान सभा के प्रधान कार्यालय में प्रखंड कार्यक्रम एवं सभी अनुषंगी इकाई के साथ बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत की उपस्थिति में किया गया। बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। 2024 में नीरू शांति भगत को विधानसभा का नेतृत्व करने को लेकर निर्णय किया गया है। मौके पर अरविंद पाठक ,जिला महासचिव विलियम कुजूर, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव ,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिता साहू, जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरी एवं कोषाध्यक्ष संजू सिंह , प्रखंड रूपेश उराँव, प्रखंड अध्यक्ष आकाश कुमार, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, कैरो प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### ब्रेल दिवस पर जागरूकता अभियान



लोहरदगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजेंद्र बहादुर पाल के आदेशानुसार बुधवार को विश्व ब्रेल दिवस मनाया गया। इस दौरान प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर सभी प्रखंडों में कार्यरत पीएलवी द्वारा लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही उनके अधिकारों के बारे बताया गया। वहीं प्राधिकार के सचिव ने कहा कि नेत्रहीन व मंद दृष्टि के शिकार लोगों के मानवाधिकार को सुनिश्चित करने और उनके मुलभत जरूरतों को पूरा करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस लुईस ब्रेल की याद में मनाया जाता है। फ्रांस के लुईस ब्रेल दृष्टिहीन होने के बावजूद दृष्टिहीनों को पढ़ने लिखने योग्य ब्रेल लिपि बनाया । उन्होंने मात्र 15 वर्ष की उम्र में दृष्टिहीनों के लिए इस लिपि का अविष्कार किया, जिसे ब्रेल लिपि नाम प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन के अनुच्छेद 2 में वर्णित उपबंध को पूरा करने के लिए ब्रेल लिपि को आवश्यक माना गया है। विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन के अनुच्छेद 2 में विकलांग व्यक्तियों के शिक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सामाजिक समावेशन इत्यादि का लक्ष्य रखा गया है।

### पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के निधन पर शोक



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष और लोहरदगा कांग्रेस के आधार स्तंभ रहे हरिनारायण प्रसाद साहू के आकस्मिक निधन पर लोहरदगा कांग्रेस कमिटी द्वारा गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई।उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,जिलाध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, साबिर खान, प्रदेश प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रदेश सचिव जगदीप भगत, पूर्व विधायक सुखदेव भगत,डॉ अजय सहदेव,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल,युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव, रीना कुमारी, संदीप गुप्ता,कमल केशरी, लालमोहन केशरी,प्रभात भगत,आजाद खान, फहद खान,प्रदीप विश्वकर्मा,आलोक साहू शामिल हैं।

# गुमला में ठंड से जनजीवन ठप

## शाम ढलते ही सड़कों पर छाया सन्नाटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** रूह को कंपा देने वाले ठंड के प्रभाव से जिले के लोग परेशान रहें। दिन भर शीत लहरी के चलने से जनजीवन पर खासा असर देखने को मिला। बुधवार की सुबह से लगभग 9 बजे तक कोहरे का असर पूरे जिले में दिखा। वहीं कोरे व धुंध के कारण सूर्य देव के दर्शन भी नहीं हुए। कोहरे के कारण सड़कों पर वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ठंड का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि लोग गर्म वस्त्र पहने के बाद भी कांपते नजर आये। ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव तापते नजर आयें। सुबह में शीत का पानी बड़े-बडें वृक्षों से टपक रहा था। जिसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अभी ही बारिश हुई है। वहीं तालाब व नदियां घने कोहरे के कारण दिखलाई ही नहीं पड़ रही थी। कोहरा नदियों व तालाब को अपने आगोश में पूरी त रह ले लिया था। वहीं घने कोहरे के कारण पास का व्यक्ति भी दिखलाई नहीं पड़ रहा था। एकदम सामने आने पर ही दूसरे व्यक्ति के होने का आभास होता है। ठंड के बढते प्रकोप के कारण शाम ढलते ही शहर के सड़कों पर विराना छा गया। जरूरी काम होने पर ही लोग सड़कों पर निकले। अचानक पारा के गिरने से लोग ठिठुरन महसूस कर रहे हैं।



कोहरे से ढंका गुमला का तेलंगा खड़िया स्टेडियम।



**गोल्डेन सोसाईटी क्लब ने बांटा 200 कंबल :** गोल्डेन सोसाईटी क्लब गुमला के द्वारा बुधवार को चाँदनी चौक में दो सौ जरूरत मन्दों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इसस अवसर पर गोल्डेन क्लब के अध्यक्ष साजिद रब्बानी ने कहा कहा कि ठंड में बेतहाशा वृद्धि को देखते हुए गोल्डेन क्लब ने जरूरत मंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। जिस तरह से ठंडी बढ़ी हैं हमे जरूरत मन्दों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। हमलोग भी अपने पूर्वजों के रास्ते में चलते हुए सामाजिक सहयोग का कार्यक्रम कर रहे हैं। गोल्डेन क्लब हमेशा सामाजिक और धर्मिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर अपना सहयोग देता है। आने वाले दिनों में गोल्डेन क्लब रक्तदान व नशा के खिलाफ अभियान चलाएगी। सचिव शाहजहां अंसारी ने कहा किक्लब मानवता की सेवा से परिपूर्ण होकर कार्य करती है। सामाजिक कार्यों में क्लब का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्वजों से मिले विरासत को क्लब आगे बढ़ा रहा है और गोल्डेन क्लब को एक नई पहचान देने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य खलील असरफी, आशिक अंसारी ,मोहन पासवान, मो. करीम, मो रहीम, फैज आलम ,मकसूद आलम,मो. इकबाल, अब्दुल जब्बार रिजवी, कलीम अख्तर, जमील अख्तर, मो इदरीस, अख्तर असमी, अब्दुल रज्जाक ,अहमद अली, महफूज आलम,जुबैर अंसारी, मो साजिद, मो आरिफ, मो कैसर,मो मुमताज, यासीन अंसारी, मो जसीम, मो राजन, रिंकू,जफर इकबाल, इंजमाम, मो अनवर, मो इबरार, सोनू, मो जसीम, शोएब अंसारी, रिंकू कुरैशी, सहबाज आलम और अन्य लोग भी मौजूद थे।

# सिसई में डीलर ने बिना राशन दिये तीन माह की कर दी इंट्री

**कार्डधारियों के शिकायत पर मामले का जांच करने के लिए अंचलाधिकारी पहुंची लादा गांव**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिसई।** सिसई प्रखंड के बर्री दुर्गा महिला मंडल जन वितरण दुकानदार के द्वारा पिछले तीन माह से राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर बुधवार को अंचलाधिकारी अरूणिमा एक्का मामले की जांच करने लादा गांव पहुंची। सीओ ने कार्डधारियो से मामले की जानकारी ली। इस पर कार्ड धारियों ने राशन कार्ड को दिखाते हुए कहा कि एक भी लाभूको को राशन नहीं मिला है। इस संबंध में सीओ ने कहा कि डीलर ने गलत किया है कि बिना राशन दिये लाभूको के कार्ड में दो व तीन माह का इंट्री कर दिया है। साथ ही एक एक माह का स्लिप भी दिया गया है जो कानूनी तौर पर गलत है। निश्चित रूप से डीलर के उपर कड़ी कार्रवाई के लिए जिला खाद्य आपूर्ती पदाधिकारी को भेजा जायेगा। मालूम हो कि डीलर के द्वारा लादा, बर्री व सहिजाना गांव के किसी भी राशन कार्ड धारियो को राशन वितरण नहीं किया गया है। चाहे व पीला कार्ड धारी हो या फिर लाल कार्ड धारी हो या तो हरा कार्ड धारी,लाभूको का कहना है कि डिलर के द्वारा सभी कार्डधारियो के कार्ड में अगस्त, सितम्बर और अक्टूबर महिना का राशन देगें कह कर और मशीन में ठेपा लगवा कर फर्जी रूप से कार्ड मे इंट्री कर दिया है। इतना तक की कार्ड धारियों को एक एक माह का सिलिप भी पकडा दिया है। लेकिन दिसंबर माह खत्म हो गया उसके बावजूद भी अब तक डीलर के द्वारा राशन नहीं दिया गया है। जबकि राशन का उठाव डीलर के द्वारा हर महीना किया गया है। दबाव बनाने पर डीलर कहता है कि विभाग से चावल नहीं मिला जब आयेगा तो देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि दो-तीन पीला कार्ड धारी महिला पुरुष को तो साल साल से चावल नहीं मिल पाया है। अगर डीलर द्वारा गलती से अगर किसी माह का चावल भी देता है तो हर परिवार से पांच किलो से ज्यादा चावल को काट लेता है। इस शिकायत पर अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का जांच करने लादा गांव पहुंची थी।

### 12 को विवेकानंद की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**गुमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला स्तरीय बैठक बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में बुधवार को हुआ। बैठक में गुमला व सिसई इकाई के कार्यकर्ता शामिल थे। बैठक में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाने व राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर गुमला व सिसई इकाई में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक प्रो. हरि किशोर शाही ने बताया कि युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय छात्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यार्थी परिषद् का यह राष्ट्रीय कार्यक्रमों में से एक है। जिसे परिषद के कार्यकताओं के द्वारा पुरे भारत के प्रत्येक इकाई में मनाया जाता है। जिले में इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम की योजना तय हुई है। बैठक में रांची विश्वविद्यालय सह संयोजक कुणाल शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुमन्त कुमार, जिला संयोजक डब्लू भगत, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुशील तिर्की, रॉकी राज कुमार, राखी कुमारी, विश्वजीत कुमार, जिला एसएफडी संयोजक अनीशा सिंह, कार्यकर्त्ता सुरज कुमार, पवन कुमार, कमलेश साहु, जीवन साहु, बनारसी बाबू, उर्मिला कुमारी, सीमा कुमारी, यशोदा कुमारी, रंभा सिंह, रंथी कुमारी, सुखमणि कुमारी, स्वाति कुमारी सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू परिवहन करने के मामला में पुलिस ने कारवाई करते हुए चितरी डाँडू पंचायत अंतर्गत एकागुड़ी टंगरा टोली पथ से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निदेर्शानुसार सआनि आयता खेस द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से परिवहन करते हुए ट्रैक्टर जे एच 07 जे 7963 को जब्त कर थाना लाया गया। जब्त ट्रैक्टर ट्रॉली में रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही है। थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि अवैध बालू लदा ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रेतर कारवाई हेतू अंचलाधिकारी विजय कुमार के द्वारा सहायक खनन पदाधिकारी लोहरदगा एवं परिवहन विभाग को सूचना दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा अवैध बालू उठाव पर आगे भी लगातार कारवाई जारी रहेगा। बालू घाट का निविदा नही होने के कारण जन कल्याणकारी योजना सहित पीएम आवास निर्माण भी बाधित हो रहा है।

# 109 कारीगरों को मिला बंबू किट

**किट का प्रयोग कर उत्पादन व आमदनी में करें वृद्धि : डीडीसी**



**घाघरा ।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को दोपहर मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड गुमला द्वारा चयनित प्रखंड के 109 बास कारीगरों के बीच हिंडालको सीएसआर के द्वारा टूल किट का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ रवि जैन, बीडीओ विष्णु देव कच्छप,सीओ प्रणव ऋतुराज शामिल हुए। मौके पर उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने कहा कि बंबू टूलकिट की मदद से कारीगरों को उत्पादन और अपने आमदनी बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। यह एक अच्छी पहल है। आप सभी बेहतर तरीके से कारीगरी का काम करें। एसडीओ रवि जैन ने बांस के कारीगरों का अच्छे-अच्छे उत्पाद जो बाजार में जिनका मांग ज्यादा हो वैसे उत्पादों को बनाकर लोकल बाजार के साथ ऑनलाइन मार्केटिंग करने की सलाह दी ताकि आय दुगनी हो सके। हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार ने कहा कि इन औजारों के माध्यम से बांस के सुंदर उत्पाद बनाकर आमदनी बढ़ाए। आर्थिक मजबूती में यह मददगार साबित हो सकता है। आपका जीवन स्तर ऊंचा होगा। टूल किट में एक हथौड़ी, एक फाइबर हथौड़ी ,एक पलास,एक छोटी टेप,एक छेद करने वाला वर्मा, पांच पीस रेती,बॉस छिलने वाला हासुवा,एक बटला और एक बैग वितरण कारीगरों के बीच हुई। मौके पर उपस्थित जिला श्रम निरीक्षक मुन्ना राम ,खान प्रबंधक अखिलेश सिन्हा, सहायक प्रबंधक सतीश विश्वकर्मा, जिला संयोजक सूरज कुमार, सीएसआर विभाग के रामअवतार पासवान, अभय भारती ,प्रखंड समन्वयक अजय मोहन प्रसाद, सूर्य देव तुरी, सहित कई कारीगर उपस्थित थे।

# नये साल में बच्चों ने लिया नया संकल्प

**एमबी डीएवी विद्यालय जुरिया में विशेष प्रतियोगिता का शुभारंभ**

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय जुरिया में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रो द्वारा नव वर्ष के शुभारंभ में विशेष प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन करवाया गया। प्राचार्य जीपी झा ने कहा कि समय ना ही कभी किसी की प्रतीक्षा करता है और ना ही सदैव एक समान होता है। समय बदलाव को स्वीकारते हुए निरंतर गतिमान रहता है। हमारे जीवन में भी सुख और दुख आते जाते रहते हैं। आवश्यकता है हमें स्वयं में सकारात्मक बदलाव लाते हुए बच्चों को सकारात्मकता की ओर ले चले। नव वर्ष के पावन अवसर पर हमें अपने जीवन में नई अच्छाइयों को शामिल करने तथा बुराइयों और कमजोरियों का त्याग करने हेतु संकल्प करना चाहिए। बच्चों में इसकी शुरूआत करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी से कक्षा द्वितीय तक के बच्चों के मध्य एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक था नव वर्ष में मेरा नव संकल्प । प्रतियोगिता में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी नव वर्ष में ऐसे नव संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया गया जो बच्चों के सकारात्मक विकास के लिए आवश्यक हो। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में नए वर्ष में अपनी दिनचर्या, खानपान व अपने आदर्शों में नए बदलाव का संकल्प लेते हुए नव वर्ष ग्रीटिंग कार्ड बनाया तथा उसमें अपने संकल्पों को लिखा। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान ईशान्वी राज,काव्या तरूशी, एसके सुहान,अथर्व कृत,प्रतिष्ठा गोराई, कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान अनोखी उरांव, ब्रीष्टी गोस्वामी, अनन्या गर्ग व ईजान अख्तर ने कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान शिवम वर्मा, रीत कुमार, प्रनीत भगत, नव्या तारुषि, जीविषा बोचीवाल व विशेष प्रकाश ने तथा कक्षा द्वितीय में प्रथम स्थान उत्कर्ष गुप्ता,मान्या गुप्ता,सनाया, प्राची कुमारी, अर्पिता राज, जुनेद अंसारी,तानिया श्री,नारायणी,अहन इकबाल,अहंत्य दुबे ,आराध्या झा व संजना सोनी ने अर्जित किया ।

## एक नजर में

### ब्रेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



गुमला। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला संजय कुमार चांधरियावी के आदेशानुसार बुधवार को विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पार्थ सारथी घोष के नेतृत्व में सिविल कोर्ट परिसर गुमला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्रहीन और दृष्टि बाधित छात्रों के विषय में बताते हुए कहा कि भारत सरकार ने सभी नेत्रहीन और दृष्टिबाधित , दिव्यांग व्यक्तियों के लिए नौकरियों के लिए एक कोटा आरक्षित किया है। उम्मीदवारों को उनकी उम्र, विकलांगता और शिक्षा के आधार पर पद के लिए चुना जाता है। दृष्टिहीनता या किसी अन्य शारीरिक अक्षमता का मतलब प्रतिभा या कौशल की कमी नहीं है। हालांकि रास्ते में आने वाले सभी कठिनाईयो के बावजूद जीवन को नेविगेट करने की क्षमता, साहस और दृढ़ संकल्प दर्शाती है कि उनको जीवन में आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों को दिव्यांगजन अधिनियम 2016, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्य एवं सूचना का अधिकार अधिनियम का ब्रेल प्रिंट के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। मौके पर स्थाई लोक अदालत के सदस्य श्री शंभू सिंह अधिवक्ता बूंदेस्वर गोप ,अरुण कुमार ,डीएलएसए के जिया उल हक प्रकाश कुमार, मनीष कुमार ,नवीन कुमार दत्ता एवं अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे ।

### सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के मिशन चौक के समीप बाइक सवार दो युवकों ने खड़ी कार को पीछे से टक्कर मार दिया। जिसे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार हुरहुरिया गढ़टोली निवासी 22 वर्षीय अंकित कुजुर व आंजन गांव निवासी 21 वर्षीय विशाल नायक चंदाली अपने दोस्त के पास गये थे। जहां वापसी के क्रम में मिशन चौक के समीप खड़ी कार को पीछे से धक्का मारते हुए दोनों गिरकर घायल हो गये। मौके पर पहुंची गश्ती कर रही पुलिस की टीम ने दोनों घायलों को गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया।

### अवैध बालू भंडारे का अभियुक्त गिरफ्तार

सिसई। सिसई थाना कांड संख्या 33/21 के आरोपी जलका गांव निवासी जोबू उरांव को उसके घर से बुधवार को गिरफ्तार कर सिसई पुलिय ने न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया। अभियुक्त पर अवैध रूप से बालू भंडारण करने का आरोप है।

### कार्य में तेजी लायें बीडीओ : डीडीसी



घाघरा। प्रखंड कार्यालय घाघरा के सभागार में जीपीडीपी को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन बुधवार को किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। ट्रेनिंग के दौरान डीडीसी हेमंत सती ने लोगों को अच्छे तरीके से प्लान बनाने का निर्देश दिया। साथ ही डीडीसी हेमंत सती ने सभी रोजगार सेवकों को मेंडेज कार्यो में तेजी लाने का निर्देश देते हुए 15 दिनों में कार्यो में तेजी नहीं आने की स्थिति में करवाई का निर्देश बीडीओ को दिया। 15 वें वित्त आयारेग की योजना को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश पंचायत सचिवों को दिया। ट्रेनिंग में ट्रेनर के तौर पर प्रदान संस्था से अभय कुमार आनंद और जितेंद्र कुमार उपस्थित थे। ट्रेनिंग में घाघरा प्रखंड के 18 पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक एवं पंचायत प्लानिंग दल के सदस्य उपस्थित थे । इस ट्रेनिंग में इस वर्ष पंचायत स्तरीय प्लानिंग कैसे किया जाएगा। इसके बारे में विस्तृत रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों को जानकारी दिया गया एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं के ऊपर विशेष रूप से चर्चा किया गया। जैसे किस किस तरह का योजना का चयन किया जाए एवं कहाँ से किया जाना चाहिए। बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने कहा कि इस ट्रेनिंग का उद्देश्य गांव का सर्वांगीण विकास हेतु प्लान तैयार किया जाना है। जैसे कि वर्षा जल संचय, पेय जल, सिचाईं, स्वास्थ्य, आजीविका है।मौके पर कई मुखिया, पंचायत सचिव रोजगार सेवक व अन्य कई कर्मी मेट उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने शुकरा उरांव को किया मदद



सिसई। गरीबी का दंश झेल रहे सिसई प्रखंड के सकरौली कुम्बा टोली निवासी शुकरा लोहरा की सहायता के लिए कांग्रेसी आगे आये। शुकरा लोहरा आर्थिक तंगी के कारण कुम्बाटोली श्मशान घाट नदी के किनारे बांस व पुआल की झोपड़ी बनाकर परिवार के सदस्यों के साथ रहने को मजबूर है। गरीब का आलम यह है कि परिवार के कई सदस्य बाहर राज्य पलायन कर गये हैं और ईंट भट्ठा में काम कर जीविकोपार्जन कर रहे हैं। शुकरा उरांव के चार बेटें हैं। जिसमें तीन का विवाह हो चुका है। विवाहित पुत्र अपने परिवार को लेकर ईट भट्ठा काम करने के लिए चला गया है। झोपडी में एक छोटा पुत्र व उसकी पत्नी साथ में रहती है। छोटा बेटा का एक हाथ काम भी नहीं करता है और मिर्गी बीमारी से ग्रासित है। आर्थिक स्थिति कमजोर रहने के कारण शुकरा बेटे का इलाज भी नहीं करा पाया है। उसके पास राशन कार्ड है उसी से मिलने वाला अनाज से किसी तरह परिवार का पेट भर पाता है। उसकी आर्थिक स्थिति की जानकारी मिलने पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतु उरांव कई कांग्रेसियों के साथ उसे मिलने पहुंचे और उसको मदद का अश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष ने तत्काल बीडीओ से बातचीत कर शुकरा को पीएम आवास का लाभ देने की अपील की। साथ ही शुकरा उरांव को हर संभव मदद दिलाने की बात कही। इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बैबूल अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### ऑटो चालक संघ घाघरा का हुआ गठन



घाघरा। घाघरा प्रखंड स्थित देवाकी बाबाधाम में झारखण्ड ऑटो चालक संघ का सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। प्रदेश प्रभारी झारखण्ड ऑटो चालक संघ सह प्रदेश अध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश मजदूर यूनियन राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ऑटो चालक संघ घाघरा ,बनारी और बिशुनपुर प्रखण्ड कमिटी का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से घाघरा प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह को, उपाध्यक्ष बलवीर सिंह, बजरंग पासवान को, सचिव हरिओम राम, सहसचिव सुरेन्द्र महली व कोषाध्यक्ष रिंकू साहू,सह कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू को बनाया गया। जबकि बनारी अध्यक्ष सुरेश बड़ाईक को एवं बिशुनपुर अध्यक्ष अमित उराँव को चुना गया। कार्यक्रम में महिला प्रभारी अगुस्टीना सोरेंग ने भी ऑटो चालकों को संगठन मजबूती और योजनाओं का लाभ प्रक्रियाओं का अनुपालन कर लेने के लिए प्रेरित किया। क्रांतिकारी नेता नील जस्टिन बेक ने कहा आज के समय में असंगठित कामगार मजदूरों को संगठित होकर बड़ी ताकत बनने और श्रम विभाग के योजनाओं का लाभ लेकर बेहतर जीवन बनाने को लेकर संदेश दिया । राजेश सिंह ने कहा कि झारखण्ड प्रभारी, झारखण्ड ऑटो चालक संघ ने पूरे झारखंड में संगठन विस्तार करके ऑटो चालकों के अधिकारों के लिए आगामी महीना बड़ी जनसभा करने और संघ के माध्यम से सभी रास्तों के लिए यात्रा दर तय करने का आहवान किया गया है। साथ ही सभी चालकों को नशापान से दूर रहने एवं नशापान कर वाहन नहीं चलाने की अपील की। इस अवसर पर कुर्बान खान गुमला प्रभारी, अघनु खाखा सरंक्षक सिमडेगा,लल्लु साहू, विवेक जायसवाल,रामचन्द्र लोहरा, इम्तियाज खान, बरनाबस, कूजूर,अनूप कुजर और सैकडों चालक उपस्थित थे।

# संपूर्ण प्रकृति का संचालन करती हैं पांच देविया : विजय गुरुजी

➲ बिष्टुपुर राम मंदिर में चल रहे देवी भागवत कथा का विश्राम और महाभंडारा आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर राम मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डात्मक सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद देवी भागवत, कथा ज्ञान यज्ञ के आठवें दिन बुधवार को पूज्यनीय विजय गुरूजी ने प्रकृति देवियों के अंश स्वरूपा देवियों की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि प्रकृति त्रिगुणात्मक स्वरूपा है। वही परम शक्ति संपन्न होकर सृष्टि विषयक कार्य में प्रधान भूमिका निभती है।

**कौन-कौन सी हैं ये पांच देवियां :** मुख्यतः पांच देवियां क्रमशः दुर्गा, महालक्ष्मी, सरस्वती, सावित्री व राधा संपूर्ण प्रकृति का संचालन करती हैं। दुर्गा गणेश की माता में शिवस्वरूपा हैं। वे भगवान शंकर की प्रेयसी भार्या हैं। महालक्ष्मी यानि नारायणी विष्णु माया पूर्ण रूप से ब्रह्मारूपिणी हैं। यश, मंगल, मोक्ष व हर्ष देना इनकी विशेषता है। ये कभी किसी का अप्रिय नहीं करती हैं। श्री हरि इन्हें प्राणों से अधिक प्रेम करते हैं। सरस्वती देवी की कृपा से कविता, मेधा, प्रतिभा व स्मरण शक्ति प्रदान करती हैं। इनको भगवती जगदंबा भी कहते हैं। सावित्री जिन्हें गायत्री भी कहते हैं, वे ब्रह्मा की परम प्रिय शक्ति हैं। इनकी कांति शुद्ध स्फटिक के समान



स्वच्छ है। मोक्ष प्रदान करना इनका स्वाभाविक गुण है। राधा भगवान श्रीकृष्ण की आत्मा हैं। ये करोड़ों चंद्रमाओं के समान प्रभा बिखेरती रहती हैं। इन्हें ब्रह्मा आदि देवता भी नहीं देख सकते हैं। कथा के दौरान झांकियों ने श्रोताओं को आनंदित किया। आठवें दिन बुधवार को भी 37 यजमानों द्वारा श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डात्मक सहस्त्रचंडी महायज्ञ किया गया। गुरूवार की सुबह गायत्री महिमा, देवी के मणिद्वीप धाम का वर्णन के साथ कथा विश्राम होगा।

**प्रकृति ही पृथ्वी का मूल :** उन्होंने आगे कहा कि प्रकृति ही पृथ्वी का मूल है जिसने इस संसार के प्राणियों को जन्म दिया है। यही पालनकर्ता है और यही संहारकर्ता भी। इस संसार में जब विपत्तियां आती हैं तो यही प्रकृति रूपी मां अनेक रूपों तथा नामों से इस पृथ्वी पर स्थूल रूप से प्रकट होती है और समस्त बाधाओं को दूर व अनाचार को समाप्त कर सदाचार को पुनः स्थापित कर अपने लोक (धाम) चली जाती है। ऐसी मातृशक्ति को हम दुर्गा, भुवनेश्वरी, राधा, लक्ष्मी, सरस्वती, सावित्री, भगवती आदि नामों से जानते हैं। समस्त देव शक्तियां उसी देवी के अंश तथा रूप हैं। यही कारण है कि विश्व भर में उस निराकार शक्ति भगवती का स्त्री रूप में ही विभिन्न रूपों तथा नामों से पूजन किया जाता है। सर्वशक्ति से संपन्न होकर प्रधानरूप से सृष्टि कार्य में संलग्न रहती हैं, उसे प्रकृतिया प्रधान कहा जाता हैं।

**भगवती दुर्गा ही दुनिया की पराशक्ति :** गुरूजी ने आगे कहा कि हिन्दुओं के शक्ति साम्प्रदाय में भगवती दुर्गा को ही दुनिया की पराशक्ति और सर्वोच्च देवता माना जाता है। दुर्गा को आदि शक्ति, प्रधान प्रकृति, गुणवती माया, बुद्धितत्व की जननी तथा विकार रहित बताया गया है। वह अंधकार व अज्ञानता रुपी राक्षसों से रक्षा करने वाली तथा कल्याणकारी हैं। उनके बारे में मान्यता है कि वे शांति, समृद्धि तथा धर्म पर आघात करने वाली राक्षसी शक्तियों का विनाश करती हैं।

## पूर्णाहूति और भंडारा आज

गुरुवार 5 जनवरी को सुबह 9.30 बजे से कथा का शुभारंभ होगा, जिसमें गायत्री महिमा, देवी के मणिद्वीप धाम का वर्णन के साथ कथा विश्राम होगा। कथा के बाद पूर्णाहूति होगी। तत्पश्चात महाभंडारा होगा, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल होंगें। इस संबंध में गुरूजी ने कहा कि गुरूवार को होने वाले मणिद्वीप निवासीनी पराम्बा की पूर्णाहूति होगी। जो भी मानव इसका दर्शन एवं माता पर विश्वास कर मन में जो भी कामना करेगा मां उसे अवश्य मनोरथ पूर्ण करेगी।

करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर में दो दिवसीय राष्ट्रीय अंतर्विषय सेमिनार को राज्यपाल रमेश बैश ने किया संबोधित

# जैविक खेती और इसपर आधारित लघु उद्योग ही सुधार सकता है किसानों की आर्थिक दशा

■ आयोजक हैं नाबार्ड, झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा और तकनीकी विभाग तथा करीम सिटी कॉलेज





सेमिनार के उद्घाटन सत्र में भाग लेते राज्यवाल व अन्य अतिथिगण और सेमिनार को संबोधित करते राज्यपाल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** करीम सिटी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय कृषि एवं ग्रामीण विकास का समग्र आर्थिक संवृद्धि में अंश और हिस्सेदारी विषय पर आयोजित राष्ट्रीय अंतर्विषय सम्मेलन का उद्घाटन राज्यपाल, झारखंड रमेश बैस द्वारा किया गया। यह आयोजन नाबार्ड, झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा और तकनीकी विभाग और करीम सिटी कॉलेज के सहयोग से किया जा रहा है। सेमिनार में वक्ता के रूप में श्री गंगाधर पांडा, कुलपति कोल्हान यूनिवर्सिटी, श्री गौतम कुमार सिंह, महाप्रबंधक नाबार्ड, केजेएस सत्यसाई, पूर्व मुख्य महाप्रबंधक, आर्थिक विश्लेषण और अनुसंधान विभाग, नाबार्ड शामिल हुए। मौके पर राज्यपाल के करकमलों से सम्मेलन की स्मारिका और डॉ एमडी मोज्जम नजरी लिखित किताब एलीमेंट्री ऑफ जीएसटी एंड कस्टम्स लॉ का भी विमोचन किया गया।

राज्यपाल श्री बैस ने अपने संबोधन में झारखंड के किसानों की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कृषि क्षेत्र में उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाए जाने के साथ राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मापदंडो के अनुरूप की गुणवत्ता में सुधार लाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होने कहा कि इसके लिए जैविक तथा प्राकृतिक खेती उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कृषि और कृषि आधारित गतिविधियों के अलावा लघु उद्योग, ग्रामीण पर्यटन इत्यादि को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने नाबार्ड के द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों की सराहना करते हुए कृषि और ग्रामीण विकास हेतु सत्तत प्रयास को और भी गतिशीलता देने हेतु आह्वान किया।

माननीय राज्यपाल ने कहा- खुशी है कि आजादी के समय खाद्यान्न की कमी का सामना करने वाला भारत अब आत्मनिर्भर भारत बन दुनिया के कई देशों में खाद्यान्न फिर से निर्यात कर रहा है। कृषि नवाचार ने भारत के खाद्यान्न के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। सरकार की सकारात्मक नीतियों के कारण कृषि क्षेत्र में निरन्तर सुधार हो रहा है और किसानों की आय में वृद्धि के व्यापक प्रयास हो रहे हैं। संसार के सभी देशों में विकास कृषि के विकास के बाद ही संभव हुआ है। औद्योगिक विकास भी कृषि के विकास पर ही निर्भर है। भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि के विकास को साथ लेकर चलना ही पड़ेगा। सिंचाई संबंधी सुविधाओं के अभाव कारण मानसून पर निर्भरता, छोटे एवं सीमांत जोत की समस्या, बाजार एवं प्रौद्योगिकी व तकनीक का अभाव के साथ जलवायु परिवर्तन तथा रासायनिक खादों का प्रयोग के कारण भारतीय कृषि में कुछ समस्याएं हैं। आज जब आत्मनिर्भर भारत की बात होती है, तो सबसे पहले हमें देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाए जाने की ज्यादा जरूरत दिखती है। देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचाने में कृषि एवं ग्रामीण विकास क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## ये भी थे उपस्थित

इस अवसर श्रीमती विजया जाधव, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम, श्री प्रभात कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक पूर्वी सिंहभूम, श्री सिद्धार्थ शंकर, डीडीएम नाबार्ड पूर्वी सिंहभूम सह सरायकेला खरसावां, डॉ मोहम्मद रेयाज, प्रिंसिपल करीम सिटी कॉलेज, सहित कई शिक्षाविद तथा देश के अलग अलग हिस्सों से आये प्रताभागी शोधकर्ता उपस्थित थे।

# गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में होगा जिला स्तरीय मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह

■ प्रभात फेरी निकालने की अनुमति नहीं, परेड में शामिल होंगी 7 टुकड़ियां
■ विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जायेगी झांकी
■ 21 से 23 जनवरी तक गोपाल मैदान में होगा परेड का पूर्वाभ्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला सभागार, जमशेदपुर में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के आयोजन को लेकर बैठक आहूत किया गया। अपर उपायुक्त श्री जयदीप तिग्गा, निदेशक एनईपी श्रीमती ज्योत्सना सिंह, डीसीएलआर धालभूम श्री रविन्द्र गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिनेश रंजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार, डीएसपी सीसीआर श्री अनिमेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में होगा। इस वर्ष परेड में 7 टुकडियों को शामिल करने का निर्णय लिया गया जिनमें 1 टुकड़ी जैप-6, 2 टुकड़ी जिला पुलिस बल. 1 टुकड़ी सहायक पुलिस तथा 1-1 टुकड़ी बालक/बालिका एनसीसी की शआमिल है।

# तीन दिवसीय डॉग शो कल से

■ ऑल ब्रिड चैम्पियनशिप में 430 डॉग लेंगे भाग
■ शो का उद्घाटन टाटा स्टील के सीइओ टीवी नरेंद्रन करेंगे
■ लोयला स्कूल ग्राउंड में इस बार आयोजित हो रहा डॉग शो



डॉग शो की विवरिणका प्रदर्शित करती श्रीमती रुचि नरेंद्रन व सहयोगी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर कैनल क्लब (जेसीसी) का 71 वां, 72 वां और 73 वां चैंपियनशिप डॉग शो 6 जनवरी से 8 जनवरी तक लोयला स्कूल ग्राउंड नार्दन टाउन में आयोजित किया जा;रगा। डॉग शो में ओबेडिएंस टेस्ट, ऑल ब्रिड चैंपियनशिप, बिगल स्पेशियलिटी और लैबराडोर रिट्रीवर स्पेशलिटी कंपटीशन का आयोजन होगा। तीन दिवसीय डॉग शो का उद्घाटन 6 जनवरी की सुबह 8 बजे लोयला ग्राउंड में मुख्य अतिथि टीवी नरेंद्रन करेंगे। उक्त जानकारी जमशेदपुर कैनल क्लब के संरक्षक श्रीमती रुचि नरेंद्रन ने एक संवाददाता सम्मेलन में दीं। श्रीमती नरेंद्रन ने बताया कि 6 जनवरी को सुबह 8 बजे से उद्घाटन समारोह आयोजित है। सुबह 8:30 बजे से डॉग्स के लिए आज्ञाकारिता टेस्ट कक्षा 1 से कक्षा 7 तक आयोजित की जाएगी जबकि सुबह 9 बजे से आज्ञाकारिता परीक्षण के लिए पुरस्कार बांटा जायेगा। अगले दिन 7 जनवरी को सुबह 8 बजे से लैब्राडोर स्पेशलिटी शो का आयोजन होगा।

# टाटा मोटर्स के 31 कर्मचारियों को मिला मेडिकल सपोर्ट स्कीम का लाभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बुधवार को मेडिकल सपोर्ट स्कीम कमिटि की बैठक हुई। बैठक में नवम्बर और दिसंबर 2022 में जमा हुए सभी आवेदनों पे विचार विमर्श किया गया। जिसमें कुल मिलाकर 46 आवेदनों में से 31 को नियमानुसार उचित पाया गया। लाभुकों को लगभग 12 लाख 28 हजार रुपये की राशि का लाभ मिला। लाभुकों के नाम क्रमशः है : मोहम्मद सुहेल, दीपक सिंह, प्रभदीप सिंह पनेसर, प्रियज्योति मुखर्जी, बी बी रामु, के सीमा लक्ष्मी, प्रगति कुमार सिंह, संतोष राहा, साजिया शाहब, देबब्रत गुहा, प्रदीप कुमार दास, संजय भूमिज, संजोय मुखर्जी, रोहित कुमार, जय प्रकाश रे, राजेश कुमार शाह, ललन कुमार, राजा राम माझी, राजेश कुमार सिंह, पप्पू, मोहम्मद शाकिर, अशोक कुमार, देवासिष प्रमाणिक, रविन्द्र आनंद, अशोक कुमार महतो, पंकज कुमार झा, कंचन घोष, परिक्षित दास, पुष्पांजलि कुमारी, मोलॉय चटर्जी। बैठक में अध्यक्ष विजय कुमार बद्ध, सेक्रेटरी श्री अमितेश पांडेय, डॉक्टर एस एल श्रीवास्तव, अजय भगत, हरदीप सिंह सैनी, अमित सिंह और मनोज शर्मा उपस्थित हुए।

# चांडिल : फर्जी दस्तावेज बना जमीन बेचने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



**चांडिल।** फर्जी दस्तावेज बनाकर चांडिल थाना के कपाली ओपी क्षेत्र में जमीन बेचने वाले गिरोह का पुलिस में पर्दाफाश किया है। बुधवार को चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर इस बात की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अनुसंधान कर चार आरोपी को फर्जी दस्तावेज एवं जमीन के कागजात के साथ गिरफ्तार किया है गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने की बात स्वीकार किया है। चांडिल थाना प्रभारी अजीत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने जमशेदपुर के सोनारी निवासी संजय घोष, कमारगोड़ा के राजू कर्मकार, चिलगु निवासी वीरेन कर्मकार एवं तामोलिया के राजू कर्मकार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# एक्सएलआरआइ में पढ़ाई के साथ मिलेगा प्रतिमाह ₹50,000

■ डॉक्टोरल प्रोग्राम में आइआइएम व आइआइटी से भी अधिक स्कॉलरशिप देगा एक्सएलआरआइ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआई) ने फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) के विद्यार्थियों को नये साल का तोहफा दिया है। एक्सएलआरआइ से फुल टाइम रेसिडेंसियल डॉक्टोरल प्रोग्राम करने वाले विद्यार्थियों को अब पढ़ाई करने के साथ ही प्रतिमाह 50,000 रुपये की राशि फेलोशिप के रूप में दी जायेगी। संस्थान प्रबंधन ने फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम) में फुल टाइम डॉक्टोरल रेसिडेंसियल का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के फेलोशिप की राशि दोगुना कर दिया है। पूर्व में जहां पहले साल विद्यार्थियों को प्रतिमाह 20,000 रुपये दी जाती थी वहीं उसे बढ़ा कर प्रतिमाह 45,000 रुपये कर दी गयी है। वहीं, दूसरे साल में सभी छात्रों को प्रतिमाह 25,000 रुपये दी जाती थी, जिसे बढ़ा कर 50,000 रुपये कर दी गयी है। विद्यार्थियों को ट्यूशन छूट के अलावा, रहने और अन्य खर्चों को पूरा करने में मदद के लिए संस्थान प्रबंधन द्वारा यह वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। ताकि देश को आने वाले दिनों में बेहतर मानव संपदा मिल सके।

## आइआइटी-आइआइएम से भी अधिक दी जायेगी फेलोशिप की राशि



एक्सएलआरआइ जमशेदपुर ने आधिकारिक बयान के जरिये बताया कि यह वृद्धि एफपीएम विद्वानों को अपने डॉक्टरेट अनुसंधान अध्ययन पर अधिक ध्यान केंद्रित करने, अपनी वित्तीय आवश्यकताओं पर कम चिंता करने और प्रबंधन अनुसंधान आउटपुट की बेहतर गुणवत्ता देने के लिए सशक्त बनायेगी। एक्सएलआरआई की बढ़ी हुई वित्तीय सहायता अब आइआइएम और आइआइटी से अपने पूर्णकालिक डॉक्टरेट छात्रों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता से अधिक है। एफपीएम स्कॉलर के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने के पीछे के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि एक्सएलआरआई प्रबंधन शिक्षा क्षेत्र में देश की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने को उच्च गुणवत्ता वाले मैनेजमेंट स्कॉलरों को प्रशिक्षित करने और बेहतर मानव संपदा तैयार करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए उक्त कदम उठा रही है।

**फेलोशिप के अलावा भी मिलेंगे अन्य वित्तीय सहायता :** एक्सएलआरआइ प्रबंधन ने बताया कि एक एफपीएम स्कॉलर को फेलोशिप के अलावा भी आकस्मिक अनुदान मिलेगा। उन्हें चार साल के लिए प्रति वर्ष 30,000 का कंटीजेंसी ग्रांट भी मिलेगा। इसके अलावा चार साल तक सफलता पूर्वक सीक्यूई के समापन के बाद और एफपीएम चेयर की पूर्व स्वीकृति के साथ विभिन्न कॉन्फ्रेंसों में हिस्सा लेने के लिए 2.5 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता भी संस्थान प्रबंधन की ओर से की जायेगी।

**क्या है कोर्स, कौन हैं एल्यूमनी :** फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट स्कॉलर स्टूडेंट को प्रबंधन में कुशल और अभिनव शोधकर्ता के साथ ही शिक्षक बनने के लिए प्रशिक्षित करता है। एफपीएम को पीएचडी के समकक्ष मान्यता प्राप्त है। यह एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय के लिए अप्रूव्ड कोर्स है। एक्सएलआरआई के डॉक्टरेट पूर्व छात्र आज भारत और विदेशों में प्रतिष्ठित बिजनेस स्कॉलर्स में फैकल्टी सदस्यों के रूप में काम कर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज



### विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा के अंतर्गत पलासबोनी पंचायत के छोटाबंकी गांव में विधायक मद से पीसीसी पथ का उद्घाटन सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधानसभा के विधायक मंगल कालिंदी ने किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि इस सड़क में जल जमाव हो जाता था और ग्रामीणों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था और मरीजों को अस्पताल ले जाने समय भी काफी परेशानी होती थी। मौके पर युवा नेता रुस धीवर, मालिन चंद्र मुर्मू, सुनाराम लोहार, ग्राम प्रधान गनेश चंद्र हास्दा, सुरेस कार्मकार, भरत कार्मकार, धीरेन सिह, राजेश कार्मकार, मनशा राम कार्मकार और अन्य ग्रामवासी थे।

### रौनियार वैश्य समिति का वनभोज आठ को

**जमशेदपुर।** 8 जनवरी दिन रविवार को जमशेदपुर रौनियार वैशय समिति द्वारा पारिवारिक मिलन सह वनभोज का आयोजन एग्रीको क्लब हाउस परिसर में मनाना निश्चय किया गया है। समिति की ओर से वनभोज कार्यक्रम में सभी रौनियार वैश्य बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए समिति के सचिव कवि शंकर जी से 9430185680, 9430776388, 9234653823 पर सम्पर्क किया जा सकता है। पारिवारिक मिलन कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता 11.00 बजे, रौनियार पत्रिका 2023 का लोकार्पण 12:30 बजे, पारितोषिक वितरण शाम 4 बजे किया जायेगा।

### पूर्व विधायक सनातन माझी की जयंती आज

**जादूगोड़ा।** पोटका के दिवंगत पूर्व विधायक सनातन माझी का जन्म जयंती कल बृहस्पतिवार को जादूगोड़ा-कालिकापुर मुख्य मार्ग पर स्थित बालि जुडी मुख्य सड़क किनारे मनायी जायेगी। जिसको लेकर बालि जुडी के ग्रामीणों ने तैयारी तेज कर दी है। इस बाबत आयोजक अनिल मुर्मू ने कहा कि पोटका के पूर्व विधायक सनातन माझी का यह दुसरा जन्मोत्सव है। मौके पर कालिकापुर, ग्वाल काटा, सोहदा के ग्रामीणों के अलावे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सीता राम हासदा, जालिम मार्डी, विदेन सरदार, बाघराय सोरेन, रामदेव हेंब्रम की ओर से नेताजी को श्रद्धांजलि दी जायेगी।

### राजकुमार बने भाजमो युवा मोर्चा के बर्मामाइंस के मंडल अध्यक्ष



**जमशेदपुर।** भाजमो बमार्माइंस मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव ने भारतीय जनतंत्र युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा की सहमति से बरमा रोड बमार्माइंस निवासी राज कुमार सिंह को बमार्माइंस मंडल युवा मोर्चा का अध्यक्ष मनोनित किया है। राज कुमार सिंह एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता है। इसकी सूचना भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव को दी गई है। श्री सिंह ने अपने मनोयन के लिए भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित शर्मा का आभार प्रकट किया ।साथ ही विधायक सरयू राय के बताए मार्ग पर चलकर संगठन और समाज हित के लिए समर्पित होकर कार्य करने की बात कही।

### आरवीएस एजुकेशनल ट्रस्ट ने बांटा कंबल



**जमशेदपुर।** कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए आज फिर से आर वी एस एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन श्री बिन्दा सिंह ने समाज के वंचित लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इस अवसर पर आर वी एस अकादमी की प्रधानाध्यापिका वीशा मोहिंद्रा, उप प्राचार्या अनीता तिवारी, आर वी एस एजुकेशनल ट्रस्ट की ट्रस्टी सुश्री सोनाली देब उपस्थित थीं।

## एक नजर में

### मिलन समारोह में आनंद बिहारी दुबे का अभिनंदन



**जमशेदपुर।** सुमन मेमोरियल ट्रस्ट एग्रीको में नववर्ष पर मिलन समारोह किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे को ट्रस्ट के चेयरमैन एम सी मधुकर ने पाग एवं शॉल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मिथिला सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष शिशिर कुमार झा, महासचिव सुजित कुमार झा, परमानंद झा, योगेन्द्र मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, राजेंद्र कर्न, राजेश झा एवं समाज के काफी संख्या मे गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने अपने विचार व्यक्त किये, शुभकामना संदेश में एक दूसरे को प्रेसित किया एवं नये वर्ष के लिए मंगलकामना की। समारोह का संचालन प्राचार्य श्रीमति नूतन झा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन राजेंद्र कर्न ने किया।

### कांग्रेस की कोल्हान स्तरीय बैठक आठ को आदित्यपुर में



**जमशेदपुर।** कांग्रेस कोल्हान प्रमंडल स्तरीय बैठक 8 जनवरी को आदित्यपुर में वरीय नेता जगदीश नारायण चौबे के रोड नंबर 7 में बैठक बुलाई गई है। बैठक रविवार दोपहर 2 बजे से होगी। वरीय नेता दिवाकर झा ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कोल्हान प्रमंडल से यूपी में राहुल गांधी के यात्रा में भारी संख्या में शामिल होने पर निर्णय लिया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि जगदीश नारायण चौबे ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा यूपी में राहुल गांधी के शुरू हो गया है। यात्रा के संचार प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कोल्हान से भारी संख्या में कांग्रेसी नेताओं को शामिल होने का निर्देश दिया है। इसलिए कार्यकताओं की बैठक रविवार को बुलाई गई है, जिसमें यूपी में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का फैसला लिया जायेगा।

### जयपाल मुंडा की 120 वीं जयंती मनायी गयी



**जमशेदपुर।** मंगलवार को आदिवासी एसोसिएशन, जमशेदपुर ने मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के 120वीं जयंती पर आदिवासी एसोसिएशन हॉल, न्यू सीतारामडेरा में जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ज्ञात हो कि जयपाल सिंह मुंडा एक महान खिलाड़ी थे। उनके नेतृत्व में ही 1925 के ओलिंपिक खेल में भारत को स्वर्ण पदक मिला था। उसके साथ वे एक बहुत ही विद्वान व्यक्ति थे। वो संविधान सभा के सदस्य भी थे तथा झारखंड अलग राज्य उनकी ही सोच थी। आज भारत में आदिवासियों को जो भी संविधान सम्मत अधिकार मिला है उन्हीं का देन है। इस अवसर पर आदिवासी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सोनाराम बोदरा, सचिव रबिन्द्र नाथ मुर्मू, कोषाध्यक्ष राजकुमार बानरा, कुशल हांसदा, भगवान चातर, राजकुमार मुण्डा, हरिहर चाम्पिया, सुभाष तिऊ, शिशु सवैंया, शंकर राव, चंद्रमोहन तिरिया आदि उपस्थित थे।

### हुरलुंग में हुई आदिवासी कुड़मी समाज की बैठक



**जमशेदपुर।** बुधवार को हुड़लुंग पंचायत के हुड़लुंग गांव में आदिवासी कुड़मी समाज बिरसानगर टेल्को नगर कमेटी की हुड़लुंग महिला इकाई के अध्यक्ष नंदिनी महतो पुनरिआर के आवासीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें आदिवासी कुड़मी समाज जिला पूर्वी सिंहभूम सदस्य प्रकाश महतो केटिआर ने कहा कि आगामी 9 जनवरी को 11 बजे जिला उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त को 11 सूत्री मांग पत्र राज्य सरकार और केंद्र सरकार के नाम डेपुटेशन किया जायेगा। एक मासिक टुसू परब का टुसू भाषान पुस संक्रांति 15 जनवरी को दिन 1 बजे हुड़लुंग गांव से लुपुंगडीह नदी घाट में पारंपरिकृ वस्त्र, सांस्कृतिक वाद्य यंत्र, पुरखेनी टुसू गीत और पारंपरिक तीर धनुष के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, युवती, युवा, वयस्क समाजसेवी टुसू भाषान में सम्मिलित करने का प्रयास करना है। अध्यक्षता करते हुए हुड़लुंग महिला इकाई के अध्यक्ष नंदिनी महतो पुनरिआर ने कहा हम सभी महिला सदस्यगण दोनों ही कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होने का कोशिश करेंगे।बैठक का संचालन कल्याणी महतो और धन्यवाद ज्ञापन अंजना महतो ने किया। बैठक में नगर सदस्य उदित महतो, शिल्पा महतो, कल्याणी महतो, नंदिनी महतो, आरती महतो, ममता महतो, लुलु महतो, सविता महतो, कलावती महतो, सुजाता रानी महतो, अंजना महतो, हिना महतो, कल्पना महतो, भारती महतो, सविता महतो, पूर्णिमा महतो, कल्पना महतो और बिंदु महतो आदि उपस्थित थे।

### शिव मंदिर में 34वां श्याम महोत्सव एक फरवरी को



**जमशेदपुर।** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 34वां श्री श्री श्याम महोत्सव 01 फरवरी को धूमधाम से मनाया गया। कोविड के दो साल बाद महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। शिव मंदिर कमेटी एवं श्याम परिवार के उमेश साह तथा बबलू अग्रवाल ने बताया कि इस साल बाबा के दरबार में भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायक जयपुर से उमा लहरी, कोलकाता से राज पारीक शहर आ रहे हैं। साथ ही स्थानीय भजन गायक कृष्णा मूर्ति भी बाबा के दरबार में हाजरी लगायेंगें। रात 9 बजे से देर रात प्रभु ईच्छा तक भजनों की अमृत वर्षा होगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण क्रमश:, भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत, विशाल संकीर्तन होगा। उन्होंने बताया कि बुधवार 01 फरवरी को दोपहर 1 बजे साकची शिव मंदिर से श्याम नाम की ध्वजा लिए निशान (शोभा) यात्रा निकाली जायेगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर आकर संपन्न होगी। निशान (शोभा) यात्रा हेतु पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर कुपन का वितरण किया जा रहा हैं। भक्त गण कूपन के लिए 9431301557, 9431111846, 6204294145, 9006949706, 9334869187, 9431340310, 9304099398, 9470331678, 9709155685, 9470501601, 9472784977 पर संपर्क कर सकते हैं।

स्पीड न्यूज

## पारसनाथ को तीर्थस्थल ही रहने दें : अरविंद

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के संगठन प्रभारी सह भाजपा पलामू जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जैन समाज के साथ अन्याय ना हो पारसनाथ को पर्यटन स्थल नहीं तीर्थ स्थल ही रहने दिया जाए। पारसनाथ जैन समाज के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। जैन मुनि तीर्थ, तपस्या और मोक्ष की प्राप्ति इसी स्थान पर की है। श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता बनाये रखने के लिए झारखंड सरकार को तत्काल फैसला वापस लेना चाहिए। पूरा वैश्य समाज जैन समाज के साथ है।

## नहीं मिल रहा सुखाड़ योजना का लाभ

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड में सुखाड राहत योजना का लाभ लेने के लिए किसानों ने सुखाड़ राहत ऑनलाइन फॉर्म भर कर ईकेवाईसी कर लिए है। किसानों को मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के तहत आवेदन सबमिट भी हो गया है। परंतु कुछ किसानों को सीआई द्वारा समय से अनुमोदन नहीं किए जाने पर किसानों में रोष व्याप्त है। किसानों का कहना है कि प्रखंड कार्यालय लगातार चक्कर लगाना पड़ रहा है बावजूद संबंधित पदाधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र के भलमंडा के आशीष सिंह ने बताया कि जब हमने सीआई से अपने केवाईसी के बारे में बात की तो सीआई महेंद्र राम तैश में आकर बोले कि आपका काम 14 दिन बाद होगा। बताते चलें कि आशीष की पत्नी शोभा पांडे राजहरा पंचायत वार्ड 12 की वार्ड पार्षद हैं। बताया कि जब हम लोग के साथ ऐसे व्यवहार किया जा रहा है तो प्रखंड क्षेत्र के और किसानों के साथ क्या व्यवहार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दूरभाष पर उपायुक्त पलामू को इसके बारे में जानकारी दी है। उन्होंने शुक्रवार को जनता दरबार में अपनी बात रखने के लिए कहा है।

## गुरु पांडेय ने कमेटी को दिये पांच लाख दान



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय कथा वाचक राजन जी महाराज के कथा आयोजन कमेटी को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने पांच लाख एक हजार रुपये दान राशि सौंपा। श्री पांडेय ने चैनपुर प्रखंड के ग्राम बंदुआ स्थित अपने आवास पर मंगलवार को दान राशि सौंपने के क्रम में बताया कि धर्म के कार्यक्रम में प्रत्येक सनातनी को भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके जीवन का लक्ष्य है कि पूरे प्रमंडल मे धार्मिक वातावरण का निर्माण हो। मालूम हो जिला गढ़वा के ग्राम हुर में 22 जनवरी से राजन जी महाराज का भव्य कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। दान राशि सौंपने के क्रम में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दुबे, बबलू पांडेय, हूर मुखिया बसंत चौबे, नारायण पाण्डेय, प्रदीप चौबे, अशोक तिवारी, धर्मजीत चौधरी, बाल कृष्ण धर दुबे, संजयधर दुबे सहित अन्य गणमान्य भी थे।

## पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय को मातृशोक



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के लेस्लीगंज प्रतिनिधि अजय सिंह की माता नागमती देवी का निधन हो गया। निधन की खबर सुन पांकी के पूर्व विधायक बिट्टू सिंह उनके घर गोराडीह पहुंच मृतात्मा के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि वह एक धार्मिक महिला थीं। हम सभी के साथ परिवार का बेहतर लगाव रहा है। उनका निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने ईश्वर से पुण्य आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को ढाढ़स बंधाया। कहा कि हम दु:ख की इस घड़ी में परिवार के साथ हैं। वहीं मेदिनीनगर नप के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने भी उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गहरा दु:ख जताया है। मालूम हो कि स्व 75 वर्षीय नागमति कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। वे अपने पीछे चार पुत्र एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। निधन की खबर सुनकर पूर्व मुखिया उदय सिंह, नगिना सिंह, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, विनय शुक्ला, मुखिया अरविंद शुक्ला, पिंटू पांडे, उपेन्द्र पासवान, नारद मांझी, विरेन्द्र कुमार, संतोष शुक्ला, सीताराम दुबे, कौशल पाण्डेय, राकेश सिंह, सुशील तिवारी, शैलेश सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने अपनी संवेदना व्यक्त कर अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

## आठ को होगा जिला सम्मेलन : भीम प्रसाद



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय मध्य देशीय वैश्य सभा हलवाई समाज का पलामू जिला स्तरीय जिला सम्मेलन 8 जनवरी को होटल रिलेक्स इन आढ़त रोड में आयोजित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भीम प्रसाद ने कहा कि पलामू जिला कमेटी के अध्यक्ष, महामंत्री, एवं कोषाध्यक्ष का प्रोन्नति प्रदेश कमेटी में कर दिये जाने के कारण यह पद खाली हो गया है। जिसकी पूर्ति के लिए जिला सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि जिला सम्मेलन में आम सहमति के आधार पर पलामू जिला कमेटी के रिक्त पदों पर लोगों का पदस्थापन कराया जाना है। इकाई का पुनर्गठन नए सिरे से किया जायेगा। प्रदेश महामंत्री नंदकिशोर प्रसाद ने कहा कि जिला सम्मेलन में पलामू जिला के सभी प्रखंड एवं पंचायत कमेटी के अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, सचिव समेत प्रमुख लोग भाग लेंगे। जो पलामू जिला कमेटी के पुनर्गठन करने पर अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे। मौके पर प्रदेश युवा अध्यक्ष अनूप गुप्ता, प्रभात पिंटू, मनोहर लाली, सूर्यनारायण सूरज, मनोज प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता भी थे।

## सावित्रीबाई फुले की 192वीं जयंती मनी

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड जनकपुरी स्थित सावित्रीबाई फुले टीचर ट्रेनिंग एंड एजुकेशन सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शहर के उपमहापौर मंगल सिंह, विशिष्ट विशिष्ट प्रो एससी मिश्रा, श्यामा द्विवेदी, अविनाश वर्मा, गिरिवर स्कूल के पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र दुबे समेत छात्र-छात्राएं शामिल थी। मौके पर प्रो श्री मिश्रा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले महिलाओं के लिए आदर्श महिला थी।

# हरिहरगंज में यमराज कर रहे लोगों को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक

■ यातायात सुरक्षा नियमों के पालन को पुलिस ने यमराज को सड़क पर उतारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** यातायात सुरक्षा नियम पालन कराने को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए हरिहरगंज थाना की पुलिस ने बुधवार को यमराज का प्रतिरूप बन कर शहर में जागरूकता अभियान चलाया। एनएच 98 पर आने जाने वाले बाइक चालकों को हेलमेट लगाने तथा नशा पान नहीं करने की हिदायत दी। इसमें यमराज के रूप में लोगों को बताया गया कि अगर सड़क सुरक्षा की पालन नहीं करेंगे तो वैसे लोगों को यमराज ले जायेंगे। यह अभियान एनएच 98 पर थाना से लेकर बाजार मोड़, कॉलेज मोड़ सहित कई स्थानों पर चलाया गया। अभियान में थाना प्रभारी सुदामा कुमार कुमार दास, एसआई प्रकाश कुमार, एएसआई विक्रम सिंह, संजय कुमार सिंह सहित कई पुलिस बल शामिल थी। वही युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने यमराज का अभिनय के लिए एएसआई विक्रम सिंह को मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस का प्रयास सराहनीय है। मौके पर मनोज मेहता, शंभु यादव, विजय प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# छतरपुर प्रखंड में सीओ के विरुद्ध भाकपा माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च

■ सीओ के विरोध में एससी एसटी का मुकदमा कराया दर्ज
■ सीओ को सरकार तत्काल मुअत्तल करे : रविंद्र भुइयां

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाकपा माले ने छतरपुर सीओ के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला। प्रतिवाद मार्च बारा मोड़ से मेन रोड होते हुए सुनार मोहला मोड से वापस होकर सरइडीह मोड़ पर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य रविंद्र भैया ने कहा कि पार्टी का राष्ट्रीय महाधिवेशन की तैयारी में अंचल के पुराना बिल्डिंग पर दीवार लेखन कार्यकर्ता कर रहे थे।




**खास बातें :** दीवार लिखने के दौरान छतरपुर अंचल के बद दिमाग अंचल अधिकारी मोदसर नजर मंसूरी ने दीवार लिख रहे माले कार्यकर्ताओं को गाली गलौज करते हुए मार पिटाई करने लगे। पिटाई से जख्मी होकर लालमोहन प्रजापति गिर पड़े। इसके बीच माले नेता रामराज पासवान आकर बीच-बचाव करने की कोशिश की। लेकिन अंचलाधिकारी ने उनसे भी बदतमीजी पर उतारू हो गये। इसी बीच लोगों की भीड़ लग गई। वे अपनी बेजती देखकर तिलमिला गए। और छतरपुर थाना को फोन कर बुला लिए। पुलिस ने बिना सोचे समझे रामराज पासवान, कपिल देव प्रजापति और लालमोहन प्रजापति को थाना में छःह घंटे तक बैठाये रखे। इसके बाद 10:30 बजे रात को बिना कुछ खिलाए पिलाए थाने से भगा दिया गया। भाकपा माले की मांग है कि छतरपुर अंचलाधिकारी पर एससी एसटी कानून के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाये।

# झारखंड भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत आठ को पलामू में

➲ भाजपा की बैठक में लिये गये कई निर्णय
➲ भाजपा कायकर्ताओं में भरेंगे उत्साह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी। जिसकी अध्यक्षता पलामू भाजपा के जिलाध्यक्ष विजया नंद पाठक ने की तथा मंच संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

बैठक का विषय प्रवेश कराते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 8 जनवरी को झारखंड के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई जी का आगमन होने जा रहा है। उनका कार्यक्रम कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने वाला होगा। हम सभी को भी पूरी तन्मयता के साथ उनके आगमन को यादगार बनाने के लिए पूरे जोश-खरोश के साथ कार्य करना चाहिए। ताकि अतिथि के स्वागत में पलामू के कार्यकर्ताओं का नाम स्वर्णिम अक्षरों में फिर से एक बार लिखा जाये। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि लक्ष्मीकांत बाजपेई स्वभाव के बिल्कुल सरल व्यक्ति हैं उनका पलामू आगमन सभी के लिए सौभाग्य की बात है।

वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि कार्यकर्ता ही सारे के सारे काम करते हैं हम सभी को सुगम तरीके से इस कार्यक्रम को पूर्व की भांति सफल बनाना है। मेदनीनगर नगर निगम के उप महापौर मंगल सिंह ने कहा कि लक्ष्मीकांत वाजपेई जी जैसे संगठन करता के मार्गदर्शन में पलामू जिला के कार्यकर्ताओं को संगठन की गुढ़ता सीखने को मिलेगा।

**ये भी थे मौजूद :** मौके पर परशुराम ओझा, विनोद सिंह, विभागकर नारायण पांडे, अविनाश वर्मा, रविंद्र सिंह, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, विजय ओझा, मनोज दुबे, संतोष सिंह, ज्योति पांडे, नवेंदु मिश्र, सोमेश सिंह, मनीष भिवानिया, नरेंद्र सिंह, राकेश दुबे, विजय पाठक, अविनाश सिन्हा छोटू, सुनील पांडे, जितेंद्र तिवारी, बल्लू बलराम, संतोष पाठक, अजीत प्रसाद, अजय गुप्ता, जवाहर चंद्रवंशी, ईश्वरी पांडे समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन व सभा समाप्ति की घोषणा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय ने की।

# एक सप्ताह के अंदर 10 गांवों से हजारों किलो जावा महुआ नष्ट

➲ हुसैनाबाद : पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** एसडीपीओ पूज्य प्रकाश के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी सौरभ कुमार तथा महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चला। पुलिस ने कई जगहों से चिह्नित कर अवैध रूप से जावा महुआ से शराब बनाने वाले भट्ठी को विनष्ट किया। इस संबंध में एसडीपीओ श्री प्रकाश ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध रूप से जहरीला शराब बनाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम गठित कर उक्त सभी स्थलों पर छापा छापेमारी किया गया जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली हैं। इधर, थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर शस्त्र बल के साथ 22 दिसम्बर को थाना क्षेत्र के ग्राम दरुआ में 3 स्थानों पर छापेमारी की गई जिसमें 150 किलो वहीं 26 दिसंबर घोड़बंधा में 2 स्थानों से 100 किलो तथा 28 दिसंबर को इंटबान्धव कोदवरिया में 2 स्थानों से 700 किलो तथा ग्राम हीरा सिकनी में 3 स्थानों से 350 किलो जावा महुआ व अवैध भठ्ठी के साथ तसला बर्तन ढबा और अन्य समाग्री की विनष्ट किया गया। कहा कि कूल चार दिनों के छापेमारी में 1300 किलो जावा महुआ व समान विनष्ट किया हैं। घटना स्थल से सभी फरार हो गये। सभी लोगों को चिह्नित कर उनके

## हुसैनाबाद : गंगा प्रसाद चुने गये यज्ञ आयोजन समिति के संरक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के पतरा खुर्द पंचायत के खरार मोड़ पर ग्रामीणों की एक बैठक किया गया। जिसमें 9 फरवरी से लेकर 17 फरवरी 2023 नव दिवसीय रामचरितमानस नवाह्न यज्ञ कराने का निर्णय लिया गया। यज्ञ स्वामी अजुर्नंद के कुशल मार्गदर्शन में होगा। इस यज्ञ को सफल बनाने के लिए एक समिति भी बनाया गया जिसके संयोजक मदन पासवान, संरक्षक गंगा प्रसाद यादव, अध्यक्ष विनय पासवान उपाध्यक्ष लालू पासवान, महामंत्री राणा प्रताप यादव कोषाध्यक्ष मंदीप राम, उप सचिव उपेंद्र यादव समेत कार्यकारणी और समितियों का गठन किया गया। बैठक में पंचायत के सैकड़ो गणमान्य और युवा साथी उपस्थित थे।

## किसानों को शीघ्र सुखाड़ राशि नहीं मिली, तो आंदोलन: कृष्णा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड सरकार के द्वारा सुखाड़ राहत योजना का लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। अभी तक मात्र 5 प्रतिशत किसानों के खाते में पैसा गया है। इसे लेकर हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसानों के लिए महत्वकांक्षी योजना सुखाड़ राहत योजना से उम्मीद जगी थी की सुखाड़ से ग्रसित विपरीत परिस्थितियों में इस योजना का लाभ मिलेगा लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। बड़ी उम्मीद साथ सभी किसान दिन रात कर आवेदन भरे थे लेकिन मात्र 5 प्रतिशत किसान को ही पैसा खाता में आया है। बाकी लोगो का रिजेक्ट या पेंडिंग कर दिया गया है जिसके कारण किसान आहत हैं। सरकार सिर्फ सुखाड़ के नाम पर किसानों को ठगने का काम कर रही है। अधिकारी कर्मचारी सभी बेलगाम होकर पैसा उगाही कर रहे है। सरकार अगर सभी आवेदन किए हुए किसान को पैसा नही देती है तो बाध्य होकर सरकार के दोहरी नीति का विरोध में आन्दोलन करूंगा।

## आप का वनभोज सह मिलन समारोह आठ को



**मनातू पलामू।** आम आदमी पार्टी ने नव वर्ष पर वनभोज सह मिलन सामरोह आठ जनवरी रविवार को समय 11 बजे से पांकी पिरी नदी के निकट रखा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल, पलामू जिला संयोजक चंद्रबली चौबे, सुधीर कुमार, कौशल किशोर बच्चन, किशोर सिन्हा, संजय राम, राकेश तिवारी, अभय सिंह चेरो शामिल होंगे। पार्टी के पदाधिकारियों ने वनभोज कार्यक्रम में पांकी विधानसभा के जनता को भी आमंत्रित किया है। जानकारी मनातू आप के प्रवक्ता जाहिद हुसैन ने दी।

## नावा बाजार प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष कृष्णा ने दिया इस्तीफा



**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष कृष्णा दुबे ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा के बाद कृष्णा दुबे ने कहा कि वे बसपा के समर्पित सिपाही हैं। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के संदेशों को जन-जन तक पहुंचा कर विश्रामपुर विस क्षेत्र सहित पूरे राज्य में बसपा का परचम लहराने के लिए पूरी सक्रियता से काम करेंगे। बसपा प्रदेश सचिव ने कहा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी जाति धर्म के लोगों के विकास की बात करती है।

## शार्ट सर्किट से लगी आग में मोटरसाइकिल जली



**मनातू पलामू।** चक पंचायत के कमलेश यादव पिता विष्णु यादव में घर मेंशॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। जिससे घर में रखे गेहूं, मक्का, चावल तथा दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव ने प्रभावित परिवार के घर जाकर घटनाकी जानकारी लेते हुए सांत्वना दी और उन्हें उचित सहयोग दिलाने को कहा। ग्रामीण वहां पहुंचकर आग को काबू में पाये।

## ठंड को देख अलाव उपलब्ध कराये जिला प्रशासन



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड व शीतलहरी चल रही है। प्रशासन अब तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की है। इस कारण रात में चलने वाले रिक्शाचालकों समेत गरीबों को परेशानी हो रही है। इसे लेकर बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने जिला प्रशासन से ठंड को देखते हुए चौक चौराहे पर अलाव व्यवस्था कर जलाने की मांग की है। ताकि गरीबों को ठंड से बचाया जा सके। कहा कि अलाव जलाने से लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। कहा कि जला प्रशासन गरीब, लाचार, बेसहारा लोगों को अलाव उपलब्ध कराकर ठंड से राहत दिलाये।

## प्रो द्विजेंद्र पाठक ने सीएसडी इंटर कॉलेज में लिया प्राचार्य का पदभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पंडवा पलामू।** पड़वा स्थित चंद्रशेखर दुबे इंटर महाविद्यालय चनिया राजहरा पलामू में नए प्राचार्य प्रोफेसर द्विजेंद्र पाठक ने पदभार ग्रहण किया। प्राचार्य महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष थे। महाविद्यालय के सचिव चंद्रशेखर दुबे ने श्री पाठक को फूल माला पहना कर स्वागत किया। पदभार ग्रहण के पश्चात प्राचार्य ने महाविद्यालय के चौतरफा विकास का संकल्प लिया तथा सभी कर्मचारियों से सहयोग करने का आग्रह किया। महाविद्यालय के सभी कर्मचारी ने प्राचार्य को सहयोग देने का आश्वासन दिया। पदभार कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य भोला तिवारी, प्रो राजाराम तिवारी, प्रो मोहम्मद हमीद, प्रो संजय दुबे, प्रो एमपी सिंह, प्रो संजय सिंह, प्रो डीएन वर्मा, प्रो नागवंशी देवी, प्रो हरेंद्र दुबे, प्रो भरत गौतम आदि थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारी शुरू

**मेदिनीनगर।** नालसा के दिशा निर्देश व झालसा के तत्वाधान में 11 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी शुरू हो गई है। जिसे लेकर छह जनवरी को बैंक व सर्टिफिकेट ऑफिसर के साथ बैठक की जायेगी। वही सात जनवरी को एक्सकुटिव के साथ बैठक की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। जिसे लेकर तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है।

## गरीब विद्यार्थियों के लिए डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज बेहतर : अभिषेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा में पीजीटी भौतिकी विज्ञान के शिक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा बेहतर शिक्षा का टिप्स दिया गया। विज्ञान के बच्चों में टेक्नोलॉजी की जानकारी देने के उद्देश्य से विज्ञान संकाय के बच्चों जो इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपना भविष्य निर्माण करना चाहते हैं उनके लिए आज विद्यालय में कैंप और वर्ग 12 मई से जांच परीक्षा का आयोजन कराया। डीएवी इंजीनियरिंग पलामू कॉलेज के प्रोफेसर आनंद कुमार द्वारा विस्तार रूप से इंजीनियरिंग कॉलेज में नामांकन से लेकर सभी ब्रांच में 45-45 सीट उपलब्ध है इसकी जानकारी प्लस टू के विद्यार्थियों को दिया गया।

# पांकी थाना परिसर में निर्वतमान थाना प्रभारी अमित सोनी को दी गयी विदाई





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी थाना परिसर में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में निर्वतमान थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी को विदाई दी गई एवं नव पदस्थापित थानेदार रंजीत प्रसाद यादव का स्वागत किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गणमान्य उपस्थित थे। मौके पर निर्वतमान थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा की पांकी वासियों के द्वारा जो मुझे मान, सम्मान, प्यार मिला है उसे मैं सदैव याद रखूंगा। सरकारी सेवा में स्थानांतरण और पदस्थापन एक सामान्य प्रक्रिया है जो आया है उसे एक निश्चित अवधि के बाद जाना है। सरकारी सेवा में यह लगा रहता है। उपस्थित सभी लोगो ने थाना प्रभारी के कार्यों की सराहना की और उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया। रंजीत प्रसाद यादव ने कहा कि पांकी वासियों के सहयोग से मैं बेहतर से बेहतर पुलिसिंग दूंगा। सभी लोगों के साथ न्याय होगा, जनता से सहयोग की अपेक्षा है। जनता अपनी समस्याओं को लेकर सीधे हमसे मिलें कोई भाया मीडिया की जरूरत नहीं है। उन्होंने पूर्व थाना प्रभारी के बेहतर भविष्य की कामना की।

**अमित कुमार का कार्य सराहनीय: लवली गुप्ता**

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लवली गुप्ता ने कहा कि निवर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने अल्प समय में पांकी वासियों के दिल में जो अपनी जगह बनाई है, अमिट छाप छोड़ी है इन्हें पांकी वासी कभी भूल नहीं पाएंगे। इनका कार्य सराहनीय रहा है। कहा कि ये निरंतर नई ऊंचाइयों तक पहुंचे।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर समाजसेवी अशोक सिंह, डॉ बिंदेश्वर सिंह, सोनू खान, अजय यादव, बैजनाथ यादव, मिथलेश यादव, प्रेमनाथ गुप्ता, नईम अंसारी, मुकेश गुप्ता, शंकर प्रसाद, अनारिक राम, यशवंत कुमार, प्रेम सोनी, पिंटू गुप्ता, हेमंत कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। संचालन उपेंद्र गुप्ता ने किया।

# सावित्रीबाई फुले भारतीय नारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत : एलके वर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जनक्रांति सेवा मंच ने माता सावित्रीबाई फुले की जयंती बेलवाटिका गांधी मैदान के प्रांगण में मनायी। कार्यक्रम में एलके वर्मा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले समाज के रूढ़िवादी प्रथा, विधवा विवाह के साथ अन्याय जैसे कृत्यों के खिलाफ थी। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फूले भारतीय नारी के लिए आज भी प्रेरणाश्रोत है।

झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के महासचिव कृष्णा चौधरी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के प्रयास से ऊंची जाति की व्यवस्था को समाप्त किया। मौके पर गढ़वा विधानसभा पूर्व प्रत्याशी मनदीप मल्ला, जेजेएम जे के पलामू जिला महिला अध्यक्ष, झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के पलामू जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर शंभु पासवान, अश्वनी सिन्हा, सलीम अंसारी, त्रिपुरारी सिंह, सुनील तिर्की, रजनी बाला, सीमा देवी, खुशबू कुमारी, निशांत रंजन, ध्रुव कुमार, रंभा देवी समेत सैकड़ों समर्थकों व कार्यकर्ता शामिल थे।

## बजरंग कबड्डी चैंपियनशिप कल से

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के अखिल भारतीय संस्कार सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू जिला अंतर प्रखंड बजरंग कबड्डी चैंपियनशिप छह जनवरी से संस्कृत कॉलेज के प्रांगण में हो रहा है। विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि शुक्रवार को सभी प्रखंडों की टीमों की लीग स्तर के मुकाबले होंगे। दो ग्रुप में बांट कर आपस में नॉक आउट मुकाबला कराया जायेगा। दोनों ही ग्रुप की शीर्ष दो टीम सेमीफाइन में होंगे।

# प्रिंस खान के चार गुर्गो को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एक नाबालिग शामिल

▶▶ अपराधियों के पास से दो मोबाइल फोन, एक पिस्टल, पांच जिन्दा कारतुस, एक वाइफाइ बरामद


जानकारी देते एसएसपी संजीव कुमार व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में व्यवसायियों और कोयला कारोबारियों से रंगदारी मांगने और गोलीबारी कर दहशत बना रहें प्रिंस खान के चार गुर्गो को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। बताया पकड़े गए चारों आरोपी प्रिंस खान के नाम से व्यवसायियों और कोयला कारोबारियों से रंगदारी मांगी जा रही थी। अपराधियों के पास से दो मोबाइल फोन, एक पिस्टल, पांच जिन्दा कारतुस, एक वाइफाइ बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया हाल ही में धनबाद के गयापुल के समीप क्लीनिक लैब में हुए गोलीबारी की घटना को अंजाम इन्हीं लोगों के द्वारा दिया गया था । जिसमें एक बगोदर,दो वासेपुर और एक हजारीबाग का रहने वाला है।

## स्पीड न्यूज

### शारला देवी की पुण्यतिथि पर कंबल वितरण का हुआ आयोजन

**झरिया।** बुधवार को समाजसेवी संतोष सिंह के द्वारा झरिया सिंह नगर में अपनी माता स्वर्गीय शारला देवी की पुण्यतिथि पर कंबल वितरण का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह सिंह नगर स्थित उनके आवास पहुंची एवं जरूरतमंद और असहाय के बीच कंबल का वितरण किया इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री लल्लू झा, संतोष सिंह समाजसेवी धर्मेंद्र सरोज नरेंद्र सिंह उमाशंकर तिवारी रामजी सिंह सुभाष चौहान राजेश रंजीत कुमार पासवान पंकज तिवारी के अलावा बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कई अन्य गणमान्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नो सूत्री मांगों पर सकारात्मक वार्ता

**पुटकी।** पूर्व धोषित कार्यक्रम के तहद ग्रामीणों के द्वारा कोयला उत्खनन का काम कर रही खेरा आउटसोर्सिंग में नो सूत्री मांगों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों चक्का कर धरना दे रहे थे। वही आउटसोसिंग प्रबंधक एजेंट ऐ0के0 वर्मा, मैनेजर लखनलाल वर्णवाल ने धरनार्थियों को कार्यलय में बुला कर सभी मांगो को ध्यान पूर्वक मंथन कर आश्वाशन दिया किया कि 15 दिनों के अंदर सभी मांगो को जल्द पूरा करेंगे। वार्ता के बाद चक्का जाम धरना समाप्त किया गया। वार्ता में अभय कुमार सिंह, बजरंगी रजवार, प्रशान्त रजवार, टिंकू भरद्वाज, शैलेश पांडे, शनि कुमार, राजा कुमार, बिनोद पासवान, सूरज पासवान के अलावा ग्रामीण सोनी देवी, सविता देवी, सन्तोषी देवी, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, अर्जुन भुइयां आदि गण्यमान लोग मौजूद थे।

### छापा मारी कर अवैध कोयला जप्त किया



**पुटकी।** पुटकी थाना क्षेत्र के कच्ची बलिहारी सीटीसी ग्राउंड के जंगल मे स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ ने अवैध रूप से जंगलों में सेकड़ो कोयला भरा बोरा जप्त किया। गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर अवैध कोयला को जप्त किया है। वही पुलिस की मौजूदगी में सीआईएसएफ की टीम ने जब्त कोयले को बीसीसीएल प्रबंधक को सौप दिया। छापा मारी में शामिल पुटकी थाना के एएसआई उपेन्द्र यादव, सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर अजय कुमार, एस के राम, एल के दुबे, सुरेखा, मनीष कुमार, सचिदानंद कुमार आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### ब्लड मैन सलूजा ने किया नेत्र जांच केंद्र का शुभारंभ

**बोकारो।** ह्यूमैनिटी सेवियर्स द्वारा ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा के जन्मदिन के शुभ अवसर पर ₹नेत्र जांच केंद्र₹ का शुभारंभ आभा सेवा सदन काशी झरिया में किया गया। ब्लड मैन सलूजा ने कहा कि संस्था रक्तदान की सेवा, पौधारोपण, जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण, दिव्यांग बच्चों को सहयोगी उपकरण की उपलब्धता आदि सामाजिक कार्यों को करती आ रही है। इस केंद्र में महीने में 2 दिन आंखों की जांच होगी एवं उन्हें चश्मा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरविंदर सिंह टुटेजा उर्फ शैंकी, जयप्रकाश सिंह, राहुल कुमार, बलराज सिंह, अभिषेक कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## सेल टासरा प्रोजेक्ट में दूसरे दिन भी रहा चक्का जाम

**सिन्दरी।** सेल टासरा प्रोजेक्ट में 224 एकड़ एकमुश्त भूमि अधिग्रहण को लेकर रोहड़ाबाँध व टासरा मौजा के ग्रामीणों द्वारा मंगलवार से शुरू टासरा प्रोजेक्ट का अनिश्चितकालीन चक्का जाम बुधवार को भी जारी रहा। इसको लेकर सेल प्रबंधन की तरफ से बुधवार को कोई पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि जबतक सेल प्रबंधन रोहड़ाबाँध व टासरा मौजा के रैयतों के 224 एकड़ भूमि का एकमुश्त अधिग्रहण का समझौता जिला प्रशासन के सामने नहीं करती है, तबतक चक्का जाम जारी रहेगा। हालांकि सेल टासरा प्रोजेक्ट के उपमहाप्रबंधक कुमार उपेंद्र सिंह ने मंगलवार को ही प्रशासन व प्रबंधन के वरीय पदाधिकारियों को पत्र द्वारा इसकी सूचना दे देने की जानकारी दी है।

## झरिया विधायक को बदनाम करने को जलापूर्ति बाधित बर्दाश्त नहीं: संतोष सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** झारखंड सरकार के झमाडा के नाकामी से झरिया में विगत दो माह से ठप जलापूर्ति से नाराज कांग्रेसियों मे झमाडा कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन। सैकड़ों कांग्रेस के लोगों ने विगत दो माह से अनियमित जलापूर्ति के खिलाफ झरिया भगतडीह स्थित झमाडा जलापूर्ति कार्यालय का घेराव किया। संतोष कुमार सिंह ने कहा की जब हमारी कांग्रेस की सरकार हर संभव मदद कर रही है तो फिर साजिश के तहत हमारे विधायक को बदनाम करने के मकशद से जलापूर्ति बाधित की जा रही है। विपत्र निर्गत करने में कंप्यूटराइज्ड विपत्र करने की मांग करते हुए संतोष सिंह ने कहा की पुराने विपत्र में जो भी विलंब शुल्क लगा है उसे माफ कर कैंप लगा कर राशि जमा ले। इससे गरीब तबके लोगो को मदद भी मिलेगी और राजस्व भी तत्काल विभाग को मिलेगा। पुराने विपत्र में काफी त्रुटि भी मिलने की शिकायत मिली है उसे भी दूर की जाए। झारखंड प्रदेश कांग्रेस नेता मुख़्तार खान ने कहा कि झमाडा हमेशा बरसात में मोटर डूबने का, ठंड में शेवाल फसने का व गर्मी में लेवल घटने का बहाना बनाती है। ऐसे में झरिया के लोगो के लिय क्या और कोई वैकल्पिक व्यवस्था है अगर नहीं तो झमाडा बहाने बनाना बंद करे और निर्बाध जलापूर्ति करें नहीं तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप सेरत्नेश यादव, जीतेन्द्र मोदक, मुख्तार खान, भगत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जहीर अंसारी, रामजी सिंह, अशोक मालाकार, जितेंद्र मोदक, कमल भट्टाचार्य, राजा गुप्ता, शिव शंभू प्रसाद मनोहर रजवार पप्पू सिंह,मणि भूषण तिवारीबिनोद शर्मा महेंद्र पासवान पारस यादव अभय यादवबिरजू शर्मा अरविंद यादव सूरज वर्मा संजय यादव मेघु यादव डॉ चंडी बनर्जी अर्जुन विश्वकर्मा, सादिक अमीन, कुंदन मोदक, व अन्य मौजूद थें।

## ट्रक ने वेस्पा को मारी जोरदार टक्कर, महिला की स्थिति नाजुक



**सिन्दरी/ बलियापुर।** बलियापुर गौशाला मुख्य सड़क पर बलियापुर थाना क्षेत्र के सरसाकुड़ी गाँव के समीप बुधवार की सुबह ग्यारह बजे एसीसी सिमेंट ढुलाई कर लौट रही ट्रक से वेस्पा सवार कुसबेड़िया निवासी पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना में पति जुगल मल्लिक के मुँह से खून बह रहा था। वहीं पत्नी चंदना मल्लिक के सिर पर चोटें आईं हैं और उसके भी सिर व मुँह से खून बह रहा था। महिला की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। दोनों घायलों को स्थानीयों लोगों द्वारा एंबुलेंस की मदद से एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक घटना से गुस्साए स्थानीय ग्रामीणों ने बलियापुर गौशाला मुख्य सड़क को घंटों जाम रखा। इसको लेकर बलियापुर अंचलाधिकारी रामप्रवेश कुमार व बलियापुर थाना प्रभारी पंकज वर्मा दलबल के साथ स्थानीयों से बातचीत कर रहे थे।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बलियापुर की ओर से आ रही ट्रक संख्या जे एच 10 सी डी 8822 ने उसी ओर जा रही वेस्पा संख्या बी आइ आर 5275 को पीछे से जोरदार टक्कर मारी। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बलियापुर गौशाला मुख्य मार्ग को घंटों जाम रखा। ग्रामीणों की माँग है कि घायलों का समुचित इलाज कराया जाए और उनके आश्रितों को मुआवजा दिया जाए।

## एसकेफोर चौराहा घटना कांड में हीरालाल की इलाज के दौरान मौत

**सिन्दरी।** विगत मंगलवार की दोपहर मे. सिन्दरी के एसकेफोर चौराहे पर हुई घटना में गंभीर रूप से घायल हीरालाल महतो (26) की एसएनएमएमसीएच धनबाद में इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक शव का एसएनएमएमसीएच धनबाद में पोस्टमार्टम जारी था। घायल हीरालाल महतो को गंभीर हालत में सिन्दरी के निजी चिकित्सक डॉ सी जी साहा ने एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया था। मृतक बलियापुर थाना क्षेत्र के कालीपुर निवासी मंटू महतो का पुत्र था और शहरपुरा बाजार से अपने दो दोस्तों बादल महतो व कमलकिशोर महतो के साथ अपने घर लौट रहा था। तभी एसकेफोर चौराहे पर बाइक व मारुति इको कार के साथ टक्कर में हीरालाल का काफी खून बह गया था। घायल को बजरंग दल सिन्दरी प्रखंड अध्यक्ष सोनू गिरी ने मदद कर एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा था। सोनू गिरी ने बताया कि घटना से आहत हूँ और जिला प्रशासन के मदद से निजी खर्चे पर जल्द ही एसकेफोर चौराहे पर ब्रेकर लगाया जाएगा।

## अवैध धंधेबाजो के खिलाफ कार्रवाई नहीं तो होगा आंदोलन: राधेश्याम यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के लोदना क्षेत्रीय संयुक्त सचिव राधेश्याम यादव ने बीसीसीएल प्रबंधन को लिखित शिकायत दर्ज कराया है। यादव ने प्रबंधन को दिये पत्र में कहा है कि बीसीसीएल के आवास पर अवैध कब्जा, व कोयला चोरी के आरोपी विनोद व मनोज पर प्रबंधन करे कार्रवाई। नहीं तो आरसीएम एस लोदना जीएम कार्यालय के समक्ष अनिश्चित काल धरना देगा। ससबंध में आरसीएम एस के लोदना क्षेत्रीय संयुक्त सचिव राधेश्याम यादव ने प्रबंधन से मांग किया। आरोप लगाया हैकि अलकडीहा ओपी क्षेत्र के जीनागढा व सेठ कोठी स्थित कंपनी का बंगला( आवास) सहित विद्युत सेवा कुछ भ्रष्ट पदाधिकारी ने इन्हें बहाल किया है। जिस कारण बीसीसीएल को आर्थिक नुक्सान उठाना पड रहा है। साथ ही विनोद व मनोज देश का राष्ट्रीय संपत्ति कोयला का अवैध धंधा में संलिप्त रहते है। आरसीएम एस नेता राधेश्याम यादव ने क्षेत्रीय प्रबंधन से मांग किया है। विनोद व मनोज जैसे असामाजिक तत्वों का अवैध कब्जा कंपनी के पदाधिकारियों का नाकामी को दशार्ता है। सरकारी आवास खाली कराने व इनके आवास से बिजली, पानी का कनेक्शन काटा जाये। ि उन्होंने कहा है कि प्रबंधन इस पर दस दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं करता है तो आरसीएम एस लोदना महाप्रबंधक कार्यालय के सामने अनिश्चित काल धरना व चरणबद्ध तरीके से प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## दिव्यांगता को हौसला से हराया जा सकता है: सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** सामावेशी शिक्षा के झरिया रिसोर्स सेंटर मे बुधवार को ब्रेल दिवस मनाया गया। जिसमें झरिया के दृष्टिहीन दिव्यांग बच्चों को अंचल अधिकारी के हथों ब्रेल किट एवं कम्बल प्रदान किया गया। अन्य दिव्यांग बच्चों को भी कम्बल दिया गया। कार्यक्रम मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सदस्य भी उपस्थित थे। ज्ञात हो की हर साल 4 जनवरी का दिन दुनियाभर में ब्रेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेत्रहीन लोगों के लिए यह दिन बेहद खास होता है क्योंकि आज ही के दिन नेत्रहीनों के जिंदगी में रोशनी भरने वाले लुइस ब्रेल का जन्म हुआ था। जिन्होंने ब्रेल लिपि का अविष्कार किया। मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी प्रमेश कुशवाहा ने कहा कि दृष्टि जीवन की अनमोल धरोहर है। इन बच्चों मे विलक्षण प्रतिभा होती है। इसे निखारने की जरूरत है जो झरिया रिसोर्स सेंटर मे हो रहा है। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ मनोज सिंह ने कहा की झरिया प्रखण्ड के ग्यारह बच्चे ब्रेल लिपि के द्वारा शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इन्हे गायन,संगीत का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रिसोर्स शिक्षक अखलाक अहमद ने कहा कि नेत्रहीन बच्चों की अलग हि दुनिया है। कार्यक्रम मे अंचल अधिकारी परमेश कुशवाहा, बीपीओ सुनील सिंह, डिपेंटी गुप्ता, श्यामाकांत झा, शुभांकर सुमन, विजय तिर्की, हेमराज चौहान, रिंकू गुप्ता,ब्रजेश पाण्डेय, काजल कुमारी, नरगिस प्रवीण, अफिदा प्रवीण, पम्मी कुमारी, रानी कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## बासुदेवपुर कोलियरी मे लोकल सेल के ऑफर आने से मजदूरो मे खुशी की लहर



**लोयाबाद।** बासुदेवपुर कोलियरी मे लोकल सेल का ऑफर लगभग 2000 टन का ऑफर प्रबंधन के द्वारा निकाला गया है। लिफ्टर के द्वारा गुपचुप तरीके से गाडी लोड कराने हेतू कोलियरी के मुख्य गेट के पास लगी थी, जैसे ही यहॉ के मजदूर एवं सरदार को पता चला सभी कोलियरी के मुख्य गेट को जाम कर दिया। और सभी मजदूरो ने एक स्वर मे प्रतिटन 400 रूपए की मांग की। लोड होने के लिए आई गाडियो को मजदूरो ने घंटों रोक कर रखे था, मजदूरो से पुछने पर पता चला कि गाडी लोड का कोई कीमत तय नही हुआ है। मजदूर नेता केदार पासवान और अजय रवानी ने बताया कि पहले 260 रूपया प्रतिटन था और हमलोग की मांग 400 रूपया प्रतिटन है। बताते चले कि पिछले वर्ष जब यहं लोकल सेल ऑफर आया था तो लोडिंग के सवाल पर काफी हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ था। तव अन्त मे धारा 144 लगाकर भारी पुलिसबल की मौजूदगी मे कोयला का उठाव हुआ था।

## बोकारो और बेरमो की खबरें

### कसमार के करमा पुरनाडीह में महिला फुटबॉल टूनार्मेट संपन्न



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड के करमा पुरनाडीह निवासी शिक्षाविद स्व ठाकुरदास महतो की 13वीं पुण्यतिथि पर रणधीर मेमोरियल महिला फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन हुआ। फाइनल मैच में मानबजार पुरूलिया पश्चिम बंगाल फुटबॉल टीम को एसएसएफसी पतरातू रामगढ़ की टीम ने 2--0गोल से पराजित कर टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम दर्ज कर लिया।मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, स्व ङ्क महतो की पत्नी श्यामा बाला देवी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, जिप सदस्य अमरदीप महाराज, स्व ठाकुरदास महतो के बड़े पुत्र तेनुघाट कॉलेज से सेवानिवृत्त व्याख्याता हेमंत कुमार महतो उपस्थित थे। मौके पर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक करण कुमार कर्मकार, परमेश्वर महतो, ताराकांत महतो आदि मौजूद थे।

### मुखिया ने गोमिया विधायक से मिल जर्जर सड़क की समस्या से करवाई अवगत



**बेरमो/ पेटरवार।** पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति ने गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो से मुलाकात कर बुंडू पंचायत क्षेत्र के रोड की जर्जर स्थिति और उससे लोगों को होने वाली परेशानी से अवगत कराई। मुखिया ने कहा कि एनएच 23 से केवट टोला, मठटोला , बक्सी टोला होते हुए कसमार रोड तक रोड की स्थिति काफी जर्जर है और एनएच 23 से गागी ,भेलवाड़ा होते हुए सदमा कला पंचायत सीमा तक रोडो की स्थिति काफी जर्जर है लोगों को और स्कूल के बच्चों को आने जाने में काफी परेशानियां होती है। गोमिया प्रखंड के प्रखंड कार्यालय मिशन रोड होते हुए कोनार रोड तक की जर्जर स्थिति को देखते हुए विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो ने गंभीरता से लेते हुए ऑन द स्पॉट प्रधान सचिव ग्रामीण कार्य विभाग रांची को पत्र लिखकर अवगत कराया। विधायक ने कहा जल्द ही रोड का निर्माण शुरू हो किया जाएगा।

### बेरमो के फुटबॉल के जनक तारकेश्वर महतो का निधन



**बेरमो/ बोकारो।** थर्मल-बेरमो कोयलांचल के नावाडीह प्रखंड के कंजकिरो पंचायत पिलपिलो (कटहरडीह) निवासी हीरो महतो के तीसरा पूत्र तारकेश्वर महतो का निधन बुधवार को लगभग एक बजे हो गया। वें विगत छह माह से बिमार चल रहें थे। इलाज के लिए आज उनको बीजीएच ले जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में जैनामोड़ के समीप उन्हें दम तोड़ दिया। तारकेश्वर महतो बेरमो कोयलाचंल में फुटबॉल के जनक कहे जाते थे। 1962 जन्में तारकेश्वर महतो चार भाईयों और दो बहनों में तीसरे स्थान पर थे। इनकी प्रांरभिक शिक्षा पलामू से हुई थी। उच्च शिक्षा फुसरो स्थित राम बिलाश हाई स्कूल से हुई थी। उच्च शिक्षा के बाद फुटबॉल की दिवानगी ऐसी चढ़ी की, कोयलाचंल के उग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट के पिलपिलो में फुटबॉल टुर्नामेंट का शुरूआत 1985 से तीन दिवसीय से किए थे। बाद में 13 दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन करने लगे। तारकेश्वर महतो कोयलांचल के एक महशूर फुटबॉल रहें। ऊपरघाट के आजाद महतो स्पोंटिंग क्लब पलामू से खेलते हुए बेरमो कोयलांचल में अपनी एक अलग पहचान बनाए थे।

## पेज एक का शेष

### तीन महिला नक्सलियों ...

**चौतरफा कार्रवाई का नतीजा है सरेंडर : होमकर :** आईजी (अभियान) अमोल वी होमकर ने बताया कि झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है। इसी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए डीजीपी के निर्देशन में झारखंड पुलिस, कोबरा, सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और अन्य केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के द्वारा सभी नक्सली संगठनों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है। इस दिशा में पुलिस को नक्सली संगठनों के विरुद्ध कई सफलताएं मिली।

**सरकारी नीति का असर :** आइजी ने बताया कि झारखंड को पूरी तरह से नक्सल मुक्त करने के लिए भटके नक्सलियों को मुख्य धारा में लौटने के लिए झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत झारखंड पुलिस लगातार कार्य कर रही है। इसका परिणाम काफी सकारात्मक रहा है। दो सालों के भीतर ही 56 से ज्यादा भाकपा माओवादी सहित अन्य प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के कई बड़े ईनामी नक्सली कमांडरों से लेकर सदस्य तक आत्मसमर्पण कर चुके हैं। आठ नक्सलियों का आत्मसमर्पण पुलिस के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये लोग लगातार दस्ते में रहकर पुलिस के ऊपर हमले की रणनीति को अंजाम देते थे। ये सभी नक्सली झारखंड के मोस्ट वांटेड अनल दा के मारक दस्ते के नक्सली है। **सम्मान, लालच, बहकावे में आकर गलत राह पकड़ी :** नक्सली सरिता उर्फ मुंगली सरदार (सरायकेला-खरसांवा) को महाराजा प्रमाणिक दस्ते के लोगों ने जुड़ने का प्रलोभन दिया। इससे प्रभावित होकर वह संगठन से जुड़ी। सोमवारी कुमारी रांची के तमाड़ की रहने वाली है। वह भी प्रलोभन में पड़कर संगठन से जुड़ी। नक्सली तुंगीर पूर्ती पश्चिमी सिंहभूम टोंटो थाना क्षेत्र रेंगड़ाहातू का रहने वाला था। उसे भी प्रलोभन देकर संगठन में शामिल किया गया। पातर कोड पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो थाना क्षेत्र रेंगड़ाहातू का रहने वाला है। उसे भी प्रलोभन देकर संगठन से जोड़ा गया। पश्चिमी सिंहभूम के नक्सली मारतम अंगरिया को संगठन में शामिल नहीं होने पर मारपीट की धमकी दी गयी। इसके बाद वह वर्ष 2019 में संगठन से जुड़ गया। नक्सली कुसनु सिरका ओड़िसा के थाना बड़बिल के बुलानी का रहने वाला है। अनमोल के दस्ते ने रास्ता दिखाने के बहाने जबरन राजाबासा ले गया और दस्ता में शामिल कर लिया। इस दौरान प्रेम प्रसंग होने के बाद संजू पूर्ति उर्फ रौशन से शादी कर लिया। नक्सली संजू पूर्ति उर्फ रौशन पूर्ति पश्चिमी सिंहभूम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चिड़ियाबेला गांव की रहने वाली है। नक्सली दोकोल उर्फ सागेन अंगरिया ने चावल पहुंचाने के बहाने जबरन उसे जंगल ले गया और दस्ता में शामिल कर लिया।

### भाजपा के झूठ ...

**चुनौतियों के बीच कई कार्य किया :** बरहेट में कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में सीएम ने सरकार की उपलब्धियां गिनायी। उन्होंने कहा कि गंठबंधन सरकार गठन के साथ ही कोरोना जैसी चुनौतियों व अन्य परेशानियों के बीच सरकार ने कई उल्लेखनीय जनहित के कार्य किये। यह उनकी सरकार की बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम पतना के धर्मपुर रंगा स्थित अपने आवास पर करेंगे।

### सात को चाईबासा...

कुछ माह बाद हुए विधानसभा चुनाव में सत्ता में रहते हुए पार्टी को भारी नुकसान हुआ था। जिस कोल्हान प्रमंडल ने पार्टी को अर्जुन मुंडा और रघुवर दास के रूप में मुख्यमंत्री दिये, उसी प्रमंडल में पार्टी चारो खाने चित हो गयी थी। माना जा रहा है कि अमित शाह उसी कमजोर कड़ी में जान फूंकने का मंत्र देने आ रहे हैं।

**टाटा कॉलेज परिसर में जनसभा :** कोर कमेटी की मीटिंग के बाद केंद्रीय गृह मंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। दोनों कार्यक्रम के बाद टाटा कॉलेज ग्राउंड में ही उनके लंच की व्यवस्था की गयी है। इसके बाद सीधे वे रांची एयरपोर्ट लौटेंगे और यहां से छत्तीगढ़ के लिए रवाना हो जायेंगे। उनकी झारखंड यात्रा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी खुद तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

### भारत बनेगा ग्रीन...

बैठक की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, सरकार ने सालाना 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इससे 2030 तक कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में प्रतिवर्ष लगभग पांच करोड़ टन की कमी आने की संभावना है। इसके तहत देश में इलेक्ट्रोलाइजर्स के विनिर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन 2029-30 तक 17490 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने का फैसला किया गया है। इसके अलावा सरकार इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा इसके उपयोग के पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए भी प्रोत्साहन देगी।**ग्रीन हाइड्रोजन से कई उम्मीद:** इस मिशन के तहत, सरकार के लक्ष्य में वार्षिक ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन को 5 मिलियन टन तक बढ़ाना, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में लगभग 125 गीगावाट की वृद्धि, 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करना और लाखों नौकरियां शामिल है। साथ ही जीवाश्म ईंधन के आयात में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संचयी कमी करना है। मिशन से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को लगभग 50 मिलियन टन कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है। वर्ष 2021-22 में बजट भाषण के दौरान, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्रीन ऊर्जा स्त्रोतों से हाइड्रोजन उत्पन्न करने के लिए एक राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन शुरू करने का प्रस्ताव रखा था। वहीं, पीएम मोदी ने 15 अगस्त, 2021 को अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के शुभारंभ की घोषणा की थी।

### धुंध की वजह से ...

**इन जिलों में जारी किया अलर्ट :** मौसम विभाग ने देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि इन 9 जिलों में घना कोहरा और धुंध की वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से 200 मीटर कम हो जायेगी। वहीं विभाग ने इन छह जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा और गिरिडीह में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कोहरे या धुंध की वजह से 7 जनवरी तक 200 मीटर विजिबिलिटी रहने का पूवार्नुमान है।

**कोहरे से कई उड़ान बाधित :** रांची में कोहरे और वायुमंडल में 79% की आद्रता के कारण विजिबिलिटी कम हो गयी है। इसकी वजह से रांची से कई फ्लाइट्स उड़ान नहीं भर पायी। एयर एशिया की बंगलुरु से आने वाली आइ-1621, इंडिगो की पुणे से आने वाली 6बी6484, इंडिगो की कोलकाता से आने वाली 6 बीएक्स 7623 और इंडिगो की दिल्ली से आने वाली 6बी 5037 उड़ान नहीं भर पायी।

### पुंछ-राजौरी तैनात ...

केंद्र सरकार ने यह फैसला हाल ही में राजौरी जिले में हुए आतंकी हमलों के बाद लिया है, जिसमें आतंकियों ने टारगेट किलिंग के जरिए 6 लोगों की हत्या कर दी थी। इसके साथ ही गृह मंत्रालय को हाल ही में आतंकी हमलों को लेकर इनपुट मिला है, जिसके देखते हुए सरकार ने घाटी में सुरक्षा बढ़ा दी है। रक्षा मामलों के जानकारों के मुताबिक 9 कंपनियां पहले ही राजौरी पहुंच चुकी हैं वहीं बाकी सैनिक जल्द ही जम्मू-कश्मीर पहुंच जायेंगे। सूत्र ने कहा कि जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमले के बारे में खुफिया जानकारी के बीच गृह मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी एक आदेश के बाद यह कदम उठाया गया है। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के ऊपरी डांगरी गांव में रविवार शाम और सोमवार सुबह हुए दो अलग-अलग आतंकी हमलों में दो बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये।

### आठ माह बाद...

**बेटी के इलाज के लिए मिली जमानत :** सुप्रीम कोर्ट ने पूजा सिंघल को एक माह की सशर्त अंतरिम जमानत दी है। अदालत ने यह शर्त लगायी है कि वह अपनी बेटी के इलाज के लिए उसके साथ रह सकती हैं। लेकिन वो रांची नहीं आयेगी, जब तक की उनके मामले में कोर्ट में सुनवाई ना हो। खूंटी में डीसी रहने के दौरान पूजा सिंघल पर मनरेगा योजना में घोटाले करने का आरोप है। इस मामले की जांच ईडी के द्वारा की जा रही है। जांच के दौरान ईडी ने 5 मई 2022 पूजा सिंघल के ठिकाने पर छापेमारी की थी। पूजा सिंघल के सहयोगी सीए सुमन कुमार के पास से कुल 19 करोड़ बरामद हुए थे। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल से पूछताछ की और बाद में उन्हें 11 मई 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

स्पीड न्यूज

## नारी शक्ति है कैप्टन शिवा की सियाचिन में तैनाती : पीएम

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कैप्टन शिवा चौहान को दुनिया के सबसे ऊंचे संघर्ष क्षेत्र सियाचिन में मिली तैनाती भारत की नारी शक्ति की भावना को प्रदर्शित करती है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है।

## अनिल परब की 10 करोड़ की संपति जब्त

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री अनिल परब और अन्य के खिलाफ मनी लांड्रिंग जांच के सिलसिले में 10.20 करोड़ रुपये की संपति जब्त की है। अनिल परब के खिलाफ पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से दायर एक शिकायत के आधार पर इडी ने पीएमएलए के तहत जांच शुरू की है।

## एनआइए की बंगाल में छापेमारी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पिछले साल 9 अक्टूबर को एकबालपुर-मोमिनपुर झड़प के संबंध में बुधवार को पश्चिम बंगाल के 17 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान मामले से जुड़े संदिग्धों के घर व कार्यालय परिसर में छापेमारी की गयी। एनआइए के अनुसार कुल 33,87,300 रुपये, धारदार हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामान जब्त किये गये हैं।

## राजस्थान में मिला एक्सबीबी.1.5 वैरिएंट

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में कोरोना के ओमिक्रोन एक्सबीबी.1.5 वैरिएंट का पहला मामला सामने आया है। चिकित्सा विभाग के अनुसार यह व्यक्ति सीकर का रहने वाला है और हाल ही में विदेश से लौटा था। इधर, देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 175 नये मरीज सामने आये हैं। इस अवधि में 187 लोग ठीक हुए है।

## आरएसएस के आंबुलकर का निधन

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ प्रचारक प्रभाकरराव आंबुलकर का बुधवार की सुबह नागपुर स्थित विवेकानंद अस्पताल में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे और कुछ समय से बीमार थे।

## एरिक गासेर्टी भारत में अमेरिकी राजदूत नामित

**वाशिंगटन।** लॉस एंजलिस के पूर्व मेयर एरिक एम. गासेर्टी को भारत में दोबारा अमेरिकी राजदूत के रूप में नामित किया गया है। गासेर्टी भारतीय मूल के हैं। व्हाइट हाउस ने उम्मीद जतायी है कि इस बार अमेरिका की सीनेट से गासेर्टी की नियुक्त की पुष्टि हो जायेगी। व्हाइट हाउस ने कहा कि एरिक एम. गासेर्टी का नाम सीनेट को भेज दिया गया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि कैलिफोर्निया के एरिक गासेर्टी भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत होंगे।

# वायु सेना के बाद अब भारतीय नौसेना को मिलेंगे 26 फ्रांसीसी राफेल फाइटर जेट

### मार्च में फ्रांसीसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा पर विमानों की डील होने के संकेत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को खारिज कर दिया है। देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक 'विक्रांत' से संचालित करने के लिए राफेल-एम का चयन किया गया है। भारतीय नौसेना 26 राफेल-एम विमानों के लिए फ्रांस के साथ अरबों डॉलर की डील करने वाली है। मार्च में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान इस डील पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।



भारतीय वायुसेना के बाद भारतीय नौसेना भी फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमान हासिल करने की कतार में है। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को खारिज करके फ्रांसीसी राफेल-एम का सौदा करने का विकल्प चुना है। राफेल-एम के सौदे को भारत और फ्रांस के संबंधों में मील का पत्थर करार दिया जा रहा है। दोनों देशों के बीच यह डील मार्च में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे पर हो सकती है। इससे पहले भारतीय वायु सेना ने दो लड़ाकू स्क्वाड्रन (36 विमान) के लिए राफेल को चुना था। अब भारतीय नौसेना राफेल-एम लेने के लिए तैयार है।

राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन को भरोसा है कि राफेल-एम भारतीय नौसेना के युद्धपोत आइएनएस विक्रांत के लिए उपयुक्त होगा।

राफेल-एम का इस्तेमाल अभी ग्रीस, इंडोनेशिया और यूएइ की सेनाएं कर रही हैं। अमेरिकी फाइटर जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट और राफेल-एम का पिछले साल की शुरुआत में नेवी ने ट्रायल किया था। दोनों लड़ाकू विमानों का परीक्षण गोवा के नौसैनिक अड्डे आइएनएस हंसा में किया गया था। इस परीक्षण की एक विस्तृत रिपोर्ट दिसंबर में भारत के रक्षा मंत्रालय को सौंपी गयीं थी। अब सरकार की मंजूरी का इंतजार है। भारतीय नौसेना का मानना है कि राफेल उसकी जरूरतों को काफी बेहतर तरीके से पूरा कर सकता है। भारतीय नौसेना 43 पुराने रूसी फाइटर जेट मिग-29के और मिग-29के यूबी को अपने बेड़े से हटाना चाहती है। नौसेना ने कई विमानन कंपनियों से टेंडर मांगे थे, लेकिन अंतिम रेस राफेल-एम और एफ/ए-18 के बीच थी। फ्रांसीसी नौसेना के पास वर्तमान में 240 राफेल-एम जेट हैं। डसॉल्ट ने इन जेट्स का निर्माण वर्ष 1986 से शुरू किया था। भारतीय नौसेना के पास वर्तमान में दो विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत और आइएनएस विक्रमादित्य हैं।

देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आइएनएस विक्रांत के लिए भारतीय नौसेना 26 नये डेक-आधारित लड़ाकू विमानों को खरीदने की तैयारी में है। इसके लिए सीधी प्रतिस्पर्धा में फ्रांसीसी राफेल मरीन लड़ाकू विमान ने अमेरिकी एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को पीछे छोड़ दिया है।

## जयशंकर की यूरोपीय देशों को नसीहत, अब जागना होगा




एजेंसी

**वियना।** भारतीय विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अपनी साइप्रस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के दौरान यूरोपीय देशों को नसीहत दी है। उन्होंने साफ कहा है कि हिली हुई विश्व व्यवस्था के लिए यूरोपीय देशों को जागना होगा। उन्होंने यूरोप को विश्व व्यवस्था के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध जंग और चीन की चुनौती के मसलों पर भी सलाह दी।

ऑस्ट्रिया यात्रा समाप्त करने से पहले एक ऑस्ट्रियाई अखबार डाई प्रेसे को दिये साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि यूरोप को हिली हुई विश्व व्यवस्था को समझने के लिए एक वेक-अप कॉल की जरूरत है। यूरोपीय लोगों को यह समझना होगा कि जीवन के कठोर पहलुओं का ध्यान रखने का जिम्मा हमेशा दूसरों का ही नहीं होता है, खुद भी जागना पड़ता है। दुनिया में यदि एक ही शक्ति का वर्चस्व कायम हो जायेगा, तो कोई भी क्षेत्र स्थिर नहीं होगा। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि यूरोप अंतरराष्ट्रीय समस्याओं से दूर रहकर सिर्फ अपने क्षेत्र में विकास करना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय समस्याओं से दूरी बनाये रखने की हर संभव कोशिश भी करता है। यूरोप ने व्यापार पर ध्यान केंद्रित किया, बहुपक्षवाद पर जोर दिया। जलवायु परिवर्तन और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर अपनी शर्तों पर दुनिया को आकार देने के लिए आर्थिक ताकत का इस्तेमाल किया। यह स्थिति दुनिया के लिए अच्छी नहीं है।

## 'प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास' योजना को मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सार्वजनिक सेवा प्रसारण को प्रोत्साहन देने के मकसद से आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआइएनडी) योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना पर साल 2025-26 तक 2,539.61 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इस योजना के तहत आकाशवाणी के एफएम कवरेज को देश की 80 प्रतिशत से अधिक आबादी तक बढ़ाना, दूरस्थ, आदिवासी, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूइ), सीमावर्ती क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में रहने वाले लोगों को 8 लाख डीडी फ्री डिश डीटीएच सेट टॉप बॉक्स (डीटीबी) वितरित किये जायेंगे।

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने प्रसार भारती यानी आकाशवाणी और दूरदर्शन (डीडी) के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 2,539.61 करोड़ रुपये की लागत की योजना ब्रॉडकास्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड नेटवर्क डेवलपमेंट के संबंध में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रसार भारती देश के सार्वजनिक प्रसारक के रूप में, दूरदर्शन और आकाशवाणी के माध्यम से देश के दूरस्थ क्षेत्रों में लोगों के लिए सूचना, शिक्षा, मनोरंजन और जुड़ाव का सबसे महत्वपूर्ण साधन है।

### केंद्रीय कैबिनेट के फैसले

**गोवा हवाईअड्डे का नाम मनोहर परिकर के नाम पर होगा**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को पूर्व रक्षा मंत्री एवं गोवा के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत मनोहर परिकर को श्रद्धांजलि के रूप में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट- मोपा, गोवा का नामकरण 'मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट- मोपा, गोवा' के रूप में करने की मंजूरी दी। गोवा के मोपा में स्थित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर, 2022 में किया गया था।

## श्रद्धा मर्डर केस : पुलिस को मिली डीएनए रिपोर्ट परिवार से हुआ मिलान

**नयी दिल्ली।** दक्षिण जिले के महरौली इलाके में श्रद्धा मर्डर केस में डीएनए टेस्ट की रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को मिल गयी है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी/लॉ एंड ऑर्डर सागर प्रीत हुड्डा ने बुधवार को बताया कि श्रद्धा की हड्डियों और बालों को डीएनए के लिए 'डीएनए माइट्रोकांड्रियल प्रोफाइलिंग' के सेंटर फॉर डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक्स (सीडीएफडी) हैदराबाद भेजा गया था। आज दिल्ली पुलिस को श्रद्धा के डीएनए की रिपोर्ट पुलिस को मिली है। सागर प्रीत हुड्डा ने बताया कि मृतक की कथित हड्डी का एक टुकड़ा और बालों का गुच्छा उसके पिता और भाई के साथ मेल खाता है, जो हड्डी और बालों की पहचान को श्रद्धा वालकर के रूप में स्थापित करता है। अब पुलिस ने अस्थियों को एम्स के मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राष्ट्रपति ने मुरली क्लास में लिया भाग

एजेंसी

**सिरोही।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार से दो दिवसीय राजस्थान दौरे पर हैं। बुधवार को वह माउंट आबू स्थित ब्रह्मकुमारी संस्थान के ज्ञान सरोवर पहुंची। यहा वह संस्थान के अनुयायी की तरह सुबह जल्दी उठीं और रोज सुनायी जाने वाली मुरली क्लास में भाग लिया।

इस दौरान उन्होंने बीते दौर को याद करते हुए कहा कि एक समय ऐसी परिस्थिति थी, जब मुझसे कोई मिलने नहीं आया और जीवन अंधकारमय था। तब मुझे लगा मुझे जीना है और उसी भाव को लेकर मैं संस्थान और बाबा (ब्रह्मकुमारी संस्थान के भगवान) के पास गयी। इसके बाद मैं संस्थान के करीब आयी। संस्थान की बहनों और बाबा ने मुझे हाथ पकड़कर उस परिस्थिति से बाहर निकाला। ब्रह्मकुमारी संस्थान के भाइयों-बहनों ने मुझे बहुत प्यार और स्नेह दिया है। उन्होंने कहा कि मुझसे जो भी करवाया जा रहा है, वह भी शिव बाबा ही करवा रहे हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पिछले 13 सालों से ब्रह्मकुमारी संस्थान से जुड़ी हुई हैं।



**स्काउट गाइड राजस्थान से बहुत कुछ सीखेंगे : राष्ट्रपति**

**पाली (हि.स.)।** जोधपुर-पाली बॉर्डर पर बसे निम्बली गांव में बुधवार से 18वीं राष्ट्रीय स्काउट-गाइड जंबूरी की शुरुआत हो गयी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ध्वजारोहण कर इसका शुभारंभ किया। राष्ट्रपति ने ध्वजारोहण कर 18वीं राष्ट्रीय जंबूरी का शुभारंभ किया। इसके बाद स्काउट गाइड जंबूरी का निरीक्षण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान वायु सेना के जांबाजों ने आकाश में सूर्यकिरण का प्रदर्शन किया, जो कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जंबूरी में मित्र राष्ट्र बांग्लादेश, श्रीलंका, घाना, मालदीव, सऊदी अरब, मलेशिया नेपाल तथा थाईलैंड के साथ विभिन्न प्रदेश के 37 हजार स्काउट गाइड भाग ले रहे हैं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि स्काउट-गाइड देश का सबसे बड़ा संगठन है। स्काउटिंग आपका जीवन संवारने का काम करती है। नये साल में यह जंबूरी एक नया जोश प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान साहस व बलिदान की भूमि है, जो गौरव की बात है। यहां आये सभी स्काउट गाइड बहुत कुछ सीखकर जायेंगे।

## कंझावला कांड : मृत युवती की मां ने लगाया साजिश का आरोप

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके के कंझावला में कार से घसीटे जाने के कारण 20 साल की युवती अंजलि की मौत के मामले में उसकी मां का नया आरोप सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह एक साजिश है। शक जाहिर किया कि खुद को अंजलि की दोस्त बता रही निधि भी इसमें शामिल हो सकती है। अंजलि की मां रेखा ने मीडिया से कहा कि निधि को मैं नहीं जानती हूं। मैंने उसे कभी नहीं देखा। अंजलि ड्रिंक नहीं करती थी। वह नशे की हालत में कभी घर नहीं आई। उन्होंने कहा कि निधि ने जो भी दावा किया, हम उस पर यकीन नहीं करते। यह एक सोची समझी साजिश है। इसकी जांच होनी चाहिए, पांचों आरोपियों को कड़ी सजा मिले। इधर, बुधवार की शाम आम आदमी पार्टी की ओर से कैंडल मार्च निकाल कर मारी गयी लड़की के लिए इंसाफ की मांग की गयी और आरोप लगाया गया कि भाजपा आरोपी को बचा रही है।

## उत्तर भारत में कोहरे का प्रकोप, कड़ाके की ठंड जारी

**नयी दिल्ली।** नये साल 2023 की शुरुआत कड़ाके की सर्दी से हुई है। मौसम को लेकर अपडेट देने वाली स्काईमेट के अनुसार, उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में इस समय कई इलाके हैं, जहां कोहरे का प्रकोप बना हुआ है। इसका असर दिल्ली में भी है और राष्ट्रीय राजधानी में अभी आगे भी कुछ दिनों तक ऐसे ही हालात बने रहेंगे। वहीं, 6 से 9 जनवरी तक मैदानी इलाकों में बादल रह सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार सर्दी का सितम अभी कम होने का नाम नहीं लेगी। अनुमान के मुताबिक अगले तीन दिनों में दिल्ली में तापमान 4 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। वहीं, बुधवार को महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, विदर्भ में क्षेत्र में तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## क्रिकेटर ऋषभ पंत मुंबई के लीलावती अस्पताल हुए शिफ्ट

**देहरादून (हि.स.)।** एक सप्ताह पूर्व उत्तराखंड के हरिद्वारा-रुड़की के नारसन में हुए भीषण सड़क हादसे में घायल हुए क्रिकेटर ऋषभ पंत को बुधवार को दून के मैक्स अस्पताल से मुंबई के लीलावती अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया है। हालांकि उनके स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है, लेकिन घुटने में लगी चोट के बेहतर इलाज के लिए उन्हें देहरादून मैक्स से मुंबई शिफ्ट किया गया है।

बीसीसीआइ की पहल पर बुधवार को उन्हें दिन में 2:00 बजे मैक्स अस्पताल से एंबुलेंस में जौली ग्रांट एयरपोर्ट ले जाया गया, जहां से एयर एंबुलेंस से उन्हें मुंबई ले जाया गया। उनके साथ एक डॉक्टरों की टीम और उनकी मां और बहन भी मुंबई गयी हैं। उल्लेखनीय है कि बीते 6 दिनों से उनका दून के मैक्स अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्हें कमर, सिर और पैरों में गंभीर चोटें आयी थीं। डॉक्टरों के मुताबिक वह अपने पूरे होशो हवास में हैं और उनकी चोटों में सुधार हुआ है, लेकिन उनके घुटने की सूजन कम नहीं होने के कारण उनका एमआरआइ नहीं किया गया है। उनका लिगामेंट भी क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसका इलाज अब मुंबई के लीलावती अस्पताल में किया जायेगा।



## सुप्रीम कोर्ट से निकाय चुनाव मामले में योगी सरकार को राहत

**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव पर हाइकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। दरअसल, हाई कोर्ट ने बिना ओबीसी आरक्षण के निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ अपील की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार इस बात का आदेश जारी कर सकती है कि चुनाव होने तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली प्रशासनिक कमेटी स्थानीय निकाय के जरूरी काम करेगी। इसके बाद कोर्ट ने यूपी सरकार की याचिका पर सभी पक्षों को नोटिस जारी कर दिया। तीन हफ्ते बाद मामले की अगली सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगले आदेश तक इस फैसले पर रोक जारी रहेगी।

## छत्तीसगढ़ में भी हो धर्मांतरण विरोधी कठोर कानून : परांडे

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** अवैध धर्मांतरण व चंगाई सभाओं से देश में, विशेषकर अनुसूचित समाज में तनाव बढ़ रहा है। इसलिए, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि देश में लालच, धोखे या भय से धर्मांतरण ना हो। ये बातें बुधवार को प्रेस वार्ता में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने कही।

उन्होंने छत्तीसगढ़ में बढ़ती ईसाई मिशनरियों द्वारा अवैध मतांतरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि जिन प्रदेशों में अवैध धर्मांतरण के विरुद्ध कठोर कानून हैं और उनका पालन हो रहा है, वहां की स्थितियां थोड़ी संभली हैं। छत्तीसगढ़ की घटनाओं से अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए राज्य में एक कठोर कानून की आवश्यकता फिर से रेखांकित हुई है। छत्तीसगढ़ के लोगों ने इन गतिविधियों को रोकने में संकल्प पूर्वक काम किया है, विहिप उनके साथ खड़ी है। हमारा यह भी मानना है कि अवैध धर्मांतरण को रोकने के सभी प्रयत्न संविधान व कानून के दायरे में ही किये जाने चाहिए। राज्य में यदि ईसाई मिशनरियों की धर्मांतरणकारी व जनजाति विरोधी मानसिकता पर समय रहते अंकुश लगा दिया गया होता, तो नारायणपुर के भोले-भाले समाज को सड़कों पर नहीं आना पड़ता। जनजाति समाज के हितों की रक्षा करना राज्य सरकार का परम कर्तव्य है। विहिप ने यह भी मांग की है कि सरकार और स्थानीय प्रशासन को मिशनरियों की बजाय, अपने जनजाति समाज के साथ खड़ा होना चाहिए। जिस प्रकार जनजाति समाज की रीति-रिवाजों, परंपराओं, मान्यताओं व देवी देवताओं का अपमान व उपहास इन ईसाई मिशनरियों के द्वारा उड़ाया जा रहा है तथा जनजाति के अस्तित्व को समाप्त करने के कुत्सित प्रयास किये जा रहे हैं, उसे अब और नहीं सहा जायेगा। राज्य सरकार को इस विषय में गंभीरता से त्वरित कदम उठाये जाने की आवश्यकता है।



## नस्लीय टिप्पणी के शिकार हुए सतीश शाह, सोशल मीडिया पर किया खुलासा

**विदेशों** में अक्सर भारतीयों के साथ नस्लवाद की घटनाएं सुनने को मिलती रहती हैं। आम लोगों के साथ-साथ फेमस हस्तियां भी नस्लीय टिप्पणियों का शिकार हो चुकी हैं। ऐसी ही एक घटना अभिनेता और अपने कॉमेडी रोल के लिए फेमस एक्टर सतीश शाह के साथ भी हुई है। शाह को लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट पर नस्लवादी टिप्पणियों का सामना करना पड़ा है। सतीश शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर खुद इस घटना का खुलासा किया है। उन्होंने अपने ट्वीट में बताया है कि लंदन एयरपोर्ट हीथ्रो के कर्मचारी हैरान होकर अपने साथी कर्मचारी से यह सवाल कर रहे थे कि आखिर ये लोग कैसे फर्स्ट क्लास अफोर्ड कर सकते हैं? शाह ने उनकी बातों को जब सुना, तो उन्होंने गर्व से भरा जवाब देते हुए कहा कि क्योंकि हम भारतीय हैं। सतीश शाह के इस पलटवार पर लोग उनकी जमकर प्रशंसा कर रहे हैं, तो ब्रिटिश लोगों पर नाराजगी भी जाहिर कर रहे हैं। सतीश शाह पहले सेलेब्रिटी नहीं हैं, जिन्हें इस तरह की नस्लीय टिप्पणी का शिकार होना पड़ा है। उनसे पहले शाहरुख खान, प्रियंका चोपड़ा और शिल्पा शेट्टी जैसी बॉलीवुड सेलेब्रिटीज को भी इस दंश को झेलना पड़ा है।






## साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन : पांड्या




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** श्रीलंका के खिलाफ पहले टी-20 मैच में 2 रनों से मिली जीत के बाद भारतीय कप्तान हार्दिक पांड्या ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर खुशी जतायी है। पदार्पण कर रहे शिवम मावी के चार विकेट और अक्षर पटेल के आखिरी ओवर में रोमांचक गेंदबाजी की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मैच में श्रीलंका पर 2 रन से जीत दर्ज की।

पांड्या ने ट्वीट किया, साल की शुरुआत में टीम का शानदार प्रदर्शन, प्रशंसकों का बहुत-बहुत धन्यवाद, जो स्टेडियम आये और हमारा समर्थन किया।

इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने दीपक हुड्डा (नाबाद 41), अक्षर पटेल (नाबाद 31), ईशान किशन (37) और कप्तान हार्दिक पांड्या (29) के बेहतरीन पारियों की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 162 रन बनाये। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 160 रनों पर सिमट गयी। श्रीलंका की तरफ से कप्तान दासुन शनाका ने 45, कुशल मेंडिस ने 28, वानिंदु हसरंगा ने 21 और चमिका करुणारत्ने ने नाबाद 23 रन बनाये। श्रीलंका को आखिरी ओवर में जीत के लिए 13 रनों की जरूरत थी और अक्षर पटेल के इस आखिरी ओवर में श्रीलंकाई बल्लेबाज 10 रन ही बना सके। भारत की तरफ से शिवम मावी ने 4, उमरान मलिक और हर्षल पटेल ने 2-2 विकेट लिये।

VP VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
• Class VIII Today (Combined) ₹ 250
• Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
• Mathematics Practical ₹ 60
• Science Practical ₹ 60
• S. Science Practical ₹ 60
• Hindi Vyakaran-I ₹ 60
• English Grammar-I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
Classes VI & VII
• Class VII Today (Combined) ₹ 240
• Class VI Today (Combined) ₹ 240
• Hindi Vyakaran-I ₹ 60
• English Grammar-I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !